RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 78
फरीदाबाद, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित


# पायनियर


ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरत: वार्नर

पेज - 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,738 | ▲ 89.83 |
| निफ्टी | 22,368 | ▲ 31.60 |
| सोना | 70,500 | ▼ 697 /10 gm |
| चांदी | 79,639 | ▼ 940 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 40.00$^0$C
न्यूनतम 24.00$^0$C

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में हल्की बारिश गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को तेज हवाएं चलीं और कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बुलेटिन में बताया कि शाम को मौसम में अचानक बदलाव आया और अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि तेज हवाओं से वृक्षारोपण, बागवानी और खड़ी फसलों को खतरा होता है और चेतावनी दी है कि कमजोर ढांचों और कच्चे घरों को आंशिक से लेकर मामूली क्षति हो सकती है।

### सैयदना सैफुद्दीन की नियुक्ति के खिलाफ मुकदमा खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2014 के एक मुकदमे को खारिज कर दिया, जिसमें दाऊदी बोहरा समुदाय के नेता के तौर पर सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति गौतम पटेल की एकल पीठ ने कहा, अदालत ने केवल सबूत के मुद्दे पर फैसला किया है, आस्था पर नहीं। उन्होंने शुरू में खुजैमा कुतबुद्दीन द्वारा दायर मुकदमे को खारिज कर दिया। कुतबुद्दीन ने अपने भाई और तत्कालीन सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन का जनवरी 2014 में 102 साल की आयु में निधन होने के बाद यह वाद दाखिल किया था। बुरहानुद्दीन के दूसरे बेटे मुफद्दल सफुद्दीन ने तब सैयदना का पद संभाला था। साल 2016 में कुतबुद्दीन के निधन के बाद उनके बेटे ताहिर फखरुद्दीन ने मुकदमे को आगे बढ़ाया और इस पर अपना दावा किया।

# भारत 2023 में दुनिया का चौथा सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश रहा: रिपोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** 2023 में 83.6 अरब डॉलर के खर्च के साथ अमेरिका, चीन और रूस के बाद विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश था। एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी रिपोर्ट इस महीने अपनी वेबसाइट पर साझा की और कहा कि पिछले साल वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि के लिए मुख्य रूप से यूक्रेन में चल रहे युद्ध और एशिया तथा ओशिनिया व पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी पांच भौगोलिक क्षेत्रों में सैन्य खर्च बढ़ गया है और सबसे अधिक खर्च वृद्धि यूरोप, एशिया और ओशिनिया तथा पश्चिम एशिया में दर्ज की गई। यह रिपोर्ट दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे इजराइल-हमास, ईरान-इजराइल और रूस-यूक्रेन जैसे संघर्षों के अलावा लाल सागर क्षेत्र में अस्थिरता के



बीच आई है। इसके अनुसार, विश्व सैन्य व्यय 2023 में लगातार नौवें वर्ष बढ़कर कुल 2443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। 2023 में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि 2009 के बाद से साल-दर-साल सबसे तेज वृद्धि थी और इसने वैश्विक खर्च को सिपरी द्वारा अब तक दर्ज उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया।

विश्व सैन्य बोझ 2023 में बढ़कर 2.3 प्रतिशत हो गया, जिसे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सैन्य खर्च की हिस्सेदारी को प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सरकारी व्यय के हिस्से के रूप में औसत सैन्य व्यय 2023 में 0.4 प्रतिशत अंक बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गया। इसमें कहा गया है कि प्रति व्यक्ति विश्व सैन्य खर्च 1990 के बाद से सबसे अधिक 306 डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2023 में 83.6 अरब डॉलर के सैन्य खर्च के साथ दुनियाभर में सैन्य खर्च के मामले में चौथे स्थान पर था। सिपरी की रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारतीयों द्वारा खर्च 2022 से 4.2 प्रतिशत और 2014 से 44 प्रतिशत बढ़ गया है। इसमें कहा गया कि भारत के सैन्य खर्च में वृद्धि मुख्य रूप से बढ़ती कार्मिक और परिचालन लागत का परिणाम थी जो 2023 में कुल सैन्य बजट का लगभग 80 प्रतिशत थी।

## शीर्ष अदालत ने ओडिशा में कांग्रेस के विधायक की सजा निलंबित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी करें। पक्षों के वरिष्ठ वकीलों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए।

# आरक्षण खत्म नहीं होगा और न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा: मोदी

### बोले- कांग्रेस दलितों का हक मुस्लिमों को देना चाहती है

**एजेंसी।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेगी? मोदी ने टोंक के उनियारा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, सच्चाई यह है कि जब कांग्रेस और उसका गठबंधन सत्ता में था तो ए लोग दलितों, पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर वोट बैंक की राजनीति के लिए अपनी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे, जो संविधान के बिलकुल खिलाफ है।

उन्होंने कहा, आरक्षण का जो हक बाबा साहब ने दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया कांग्रेस और उसका गठबंधन उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। मोदी ने कहा, मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं, क्या कांग्रेस ऐलान करेगी की संविधान में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को कम कर इसे मुसलमानों को नहीं बांटेगी। वे देश की जनता से वादा करे।

उन्होंने कहा, कांग्रेस वालों से पूछो... कर्नाटक, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में इन्होंने आरक्षण को मजहब के आधार पर बांटने का खेल क्यों शुरू किया था? प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस की इन साजिशों के बीच मोदी आपको खुले मंच से गारंटी दे रहा है कि दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण खत्म नहीं होगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा, आरक्षण न खत्म होगा और न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, मोदी, संविधान को समझता है। मोदी आंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है।



### कांग्रेस ने लोगों का धन छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची : मोदी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में लोगों का धन छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को टोंक के उनियारा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए उनके 90 सेकेंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने बाद कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन इंडिया में भगदड़ मच गई है। मोदी ने कहा, मैंने देश के सामने सत्य रखा। कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है। दो से तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को इतनी मिर्ची लगी है कि वो हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस से जानना चाहता हूं कि आखिर वह सच्चाई से इतना डरती क्यों है?

### किसी घोटाले वाले को छोड़ेंगे नहीं: भजनलाल

सीएम भजनलाल शर्मा बोले- कोरोना में लोग सेवा में लगे थे और यहां राजस्थान की सरकार बच्चों के मीड डे मिल में घोटाला करने में लगी थी। जिन्होंने मीड डे मील में घोटाला किया है, उन्हें छोड़ेंगे नहीं।

# उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया

### 67 समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर बिना शर्त माफी मांगी

### भविष्य में कभी ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**पतंजलि** आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया और तीन केंद्रीय मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इस तरह के चलन को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। योगगुरु रामदेव और उनके सहयोगी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

पतंजलि मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। इसने कहा कि यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं तथा खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो उक्त गलत बयानी के आधार पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं।



## चेवेल्ला सीट से भाजपा प्रत्याशी विश्वेशवर के पास 4568 करोड़ की संपत्ति



**हैदराबाद।** तेलंगाना की चेवेल्ला लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के. विश्वेश्वर रेड्डी 4568 करोड़ रुपए की पारिवारिक संपत्ति की घोषणा के साथ राज्य के सबसे धनी उम्मीदवारों में से एक बनकर उभरे हैं। उनके द्वारा निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हलफनामे से यह जानकारी सामने आई।

रेड्डी ने सोमवार को लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल किया और देनदारियों के साथ अपनी चल और अचल संपत्ति की घोषणा की। रेड्डी के पास अपोलो अस्पताल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के 17.77 लाख शेयर हैं, जिनकी कीमत 6170 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 973.22 करोड़ रुपए है, जबकि उनकी पत्नी संगीता रेड्डी के पास 1500.85 करोड़ रुपए के 24.32 लाख शेयर हैं।संगीता रेड्डी अपने पिता डॉ. सी. प्रताप रेड्डी द्वारा स्थापित अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशक हैं। हलफनामे के मुताबिक, रेड्डी के पास 1250 करोड़ रुपए की संपत्ति है जबकि पत्नी के पास 3209.41 करोड़ की संपत्ति है और बाकी संपत्ति उनके बेटे के नाम है। विश्वेश्वर रेड्डी ने अपना राजनीतिक सफर भारत राष्ट्र समिति (तब टीआरएस) से शुरू किया।

# शर्करा बढ़ने पर जेल में केजरीवाल को दी इंसुलिन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ऐसा भगवान हनुमान के आशीर्वाद के कारण हुआ है।

तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने कहा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं। अधिकारी ने बताया कि शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गई, जिसके बाद तिहाड़ में उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के



दौरान तिहाड़ के चिकित्सकों को सलाह दी थी कि अगर केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज हनुमान जयंती के मौके पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे, जहां भगवान हनुमान की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने इंसुलिन की शीशियों वाला एक कट-आउट गले में पहना हुआ था और भारद्वाज गदा लिए एक वाहन पर सवार होकर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया, हनुमानजी ने अपने भक्त अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दिया है।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

### केजरीवाल, के. कविता की हिरासत सात मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। न्यायाधीश ने सीबीआई जांच के अधीन एक भ्रष्टाचार मामले में तेलंगाना विधान परिषद की एक सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता की न्यायिक हिरासत भी सात मई तक बढ़ा दी।

## मलेशिया : प्रशिक्षण के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 की मौत

**एजेंसी।** कुआलालंपुर

**मलेशियाई** नौसेना ने कहा कि मंगलवार को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उनमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई।

नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारी के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे थे। नौसेना की 90वीं वर्षगांठ अगले महीने है। बयान के मुताबिक, दोनों हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की



घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नौसेना ने बयान में बताया कि मृतकों की पहचान के लिए शव अस्पताल भेज दिए गए हैं।

नौसेना ने बताया कि समुद्री अभियानों में इस्तेमाल होने वाले हेलीकाप्टर एडब्ल्यू 139 में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस हेलीकॉप्टर को अगस्तावेस्टलैंड ने बनाया था, जो इटली के रक्षा ठेकेदार लियोनार्डो की सहायक कंपनी है।

# देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता छोड़ी

### प्रधानमंत्री मोदी पर प्रियंका गांधी ने बोला हमला

**एजेंसी।** चित्रदुर्ग

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता छोड़ दी है, वह लोगों के सामने नाटक करते हैं और सत्य के पथ पर नहीं चलते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षियों की आवाज दबाकर, उनके बैंक खातों पर रोक लगाकर और दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालकर विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। प्रियंका ने इस जिला मुख्यालय शहर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, एक जमाना था जब देश में एक नेता खड़ा होता था तो देशवासी उससे ए आशा रखते थे कि वह एक नैतिक इंसान होगा। आज देश के सबसे बड़े



नेता नैतिकता को छोड़कर आपके सामने नाटक करते हैं। उन्होंने कहा, एक जमाना था जब हम अपने नेताओं से ए उम्मीद रखते थे कि वे सत्य के पथ पर चलेंगे। आज देश के सबसे बड़े नेता अपनी सत्ता दिखाने निकलते निकलते हैं, अपनी शान, अपनी शोहरत दिखाते हैं, लेकिन सत्य के पथ पर नहीं चलते। कांग्रेस नेता ने अब खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के बारे में कहा कि जिन कंपनियों पर छापे मारे गए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चंदा दिया और फिर उनके खिलाफ मामले बंद कर दिए गए।

उन्होंने आरोप लगाया, अब यह स्पष्ट हो गया है कि कैसे नोटबंदी के माध्यम से काले धन को सफेद किया गया और फिर इसे भाजपा के खाते में जमा किया गया। प्रियंका ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि जो कंपनियां 100 करोड़ रुपए भी कमाने में असमर्थ थीं, उन्होंने भाजपा को (चुनावी बॉण्ड योजना के तहत) 1,100 करोड़ रुपए का चंदा कैसे दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष को भ्रष्ट कहकर निशाना बनाया जाता है लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा भ्रष्ट है और उसने पिछले 10 वर्षों में देश को गुमराह किया है। एक भाजपा नेता के संविधान बदलने के बयान को याद करते हुए उन्होंने सावधान रहने को कहा।

### बिहार में कांग्रेस ने अपने कोटे से सभी नौ उम्मीदवार घोषित किए

# रविशंकर प्रसाद के खिलाफ मीरा कुमार के बेटे को टिकट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मंगलवार को बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के खिलाफ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित को उम्मीदवार घोषित किया और इसी के साथ महागठबंधन में पार्टी के कोटे की सभी नौ सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित हो गए हैं।

बिहार में कांग्रेस ने कुछ वरिष्ठ नेताओं को टिकट देने के साथ ही कई सीटों पर नए चेहरों और दूसरे दलों से आए नेताओं पर दांव लगाया है, जिसको लेकर पार्टी में स्थानीय स्तर पर कुछ नेताओं द्वारा सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस बिहार में महागठबंधन के तहत कुल नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है।





अविजित पटना साहिब लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद को चुनौती देंगे। प्रसाद इस लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान में सांसद हैं। कांग्रेस बिहार में महागठबंधन के तहत कुल नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है। उसने इन सभी नौ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार बिहार की सासाराम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ती रहीं हैं और इस बार वह चुनावी मैदान में नहीं हैं। उनके पुत्र अविजित कांग्रेस के प्रवक्ता भी हैं। मीरा कुमार ने सासाराम का चार बार प्रतिनिधित्व किया है। इस बार कांग्रेस ने इस सीट से मनोज कुमार को उम्मीदवार बनाया है। कुमार पिछला लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर लड़े थे। वह कुछ समय के लिए मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) में भी रहे हैं। कांग्रेस ने बिहार के मुजफ्फरपुर से अजय निषाद को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से वर्तमान सांसद निषाद कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। बिहार की महाराजगंज लोकसभा सीट से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश प्रसाद सिंह को टिकट दिया गया है। आकाश पिछला लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के टिकट पर पूर्वी चंपारण से तत्कालीन केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह के खिलाफ लड़े थे, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

कांग्रेस ने समस्तीपुर लोकसभा सीट से बिहार सरकार के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिमी चंपारण से पार्टी के वरिष्ठ नेता मदन मोहन तिवारी को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने कटिहार से पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर, किशनगंज से वर्तमान सांसद मोहम्मद जावेद और भागलपुर से कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता अजीत शर्मा को टिकट दिया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस के नेता किशोर कुमार झा का कहना है कि पार्टी ने कई सीटों पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट दिया है जिससे कार्यकर्ता निराश हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भी यही फार्मूला अपनाया गया था। 2019 के लोक सभा चुनाव में पार्टी मुंगेर से नीलम देवी को जद(यू) से लाकर प्रत्याशी बनाया था लेकिन वह हार गई थीं।

# नेहरू कॉलेज फरीदाबाद में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


**पंडित** जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, फरीदाबाद ने रसायन शास्त्र व रसायनत्वा-रसायन सोसायटी के संयुक्त संयोजन में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय रसायन विज्ञान का दैनिक जीवन में प्रयोग रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के सफल मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. अंकिता के नेतृत्व में किया गया। आयोजन कमेटी में निशा तेवतिया, डॉ. किरण देवी पुनिया, डॉ. प्रियंका नरूका, अमित अरोड़ा एवं छात्र समन्वयक परवीन, उत्कर्ष व कामना रहे। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बीएससी कक्षा के 23 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का सफल व बेहतर प्रदर्शन किया।

# लोकसभा चुनाव में बीजेपी का पूरी तरह से सफाया होगा : दिनेश भारद्वाज

## कहा, चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व ब्लॉक कांग्रेस पलवल के पूर्व प्रधान दिनेश भारद्वाज ने पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में कहा है कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार हर क्षेत्र में पूरी तरह से असफल साबित रही है। बीजेपी सरकार ने अपने किसी भी चुनावी वायदों को पूरा नहीं किया है। देश व प्रदेश में बरोजगारी तेजी से बढ़ती जा रही है। महंगाई आसमान छू रही है। किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत नहीं मिलने से किसान बहुत ही दुखी व परेशान हैं। बीजेपी सरकार पिछली सरकारों में बनाई सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों तक की मरम्मत करवाने में असफल साबित हुई है। बीजेपी के शासनकाल में अधिकारी निरंकुश हो रहे हैं। जिससे लोगों के कार्य नहीं हो रहे हैं। कानून व्यववस्था का दिवालिया निकल गया है। लोगों से रंगदारी मांगी जा रही है। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े होने से लोगों के काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। बीजेपी के शासन से जनता बहुत दुखी व परेशान है, इसलिए बदलाव चाहती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का पूरी तरह से




सफाया हो जाएगा। चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

दिनेश भारद्वाज ने बताया कि देश व प्रदेश की बीजेपी सरकार ने झूठ बोल कर सत्ता में आई है। बीजेपी नेताओं ने सत्ता में आने से पहले हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया था। बीजेपी के सत्ता के दस साल बाद बीतने पर लोगों को 20 करोड़ नौकरियां मिलने चाहिए थी। परंतु सत्ता में आते ही सरकारी विभागों और सरकारी कंपनियों का



निजीकरण तेजी से करना शुरू कर दिया। जिसकी वजह से लोगों को रोजगार मिलने की जगह रोजगार छीनने का काम किया। निजीकरण होने के बाद सरकारी विभागों व कंपनियों में लाखों लोगों को विभाग घाटे में दिखा कर नौकरी से हटा दिया। बीजेपी सरकार देश में विदेशी पूंजी निवेश बढ़ने के लंबे चौड़े दावे कर रही है, परंतु धरातल पर कहीं भी पूंजी निवेश नहीं दिखाई दे रहा है। बीजेपी के शासनकाल में देश व प्रदेश से औद्योगिक इकाइयों का पलायन हुआ है। जिससे निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर घटे हैं। भारद्वाज ने बताया कि बीजेपी पार्टी के नेताओं ने चुनाव से पहले पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस व लोगों की जरूरत के सामान आटा, दाल, तेल, चावल, सब्जियों के दाम कम करने का चुनावी वायदा किया था, परंतु बीजेपी के सत्ता में आते ही इनके दाम दो गुणा से तीन गुणा बढ़ गए, जिससे महंगाई आसमान पर पहुंच गई है। लोगों को दो जून की रोटी के भी लाले पड़े हुए हैं। भारद्वाज ने बताया कि सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हुए हैं, परंतु सरकार उनको भरने की जगह पदों को ही समाप्त कर रही है। जिससे आज देश व प्रदेश में बेरोजगारो की फौज खड़ी हो गई है। रोजगार नहीं मिलने से युवाओं के शादी ब्याह होने में भी दिक्कत आ रही है। किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत भी नहीं मिल रही है, वहीं कृषि कार्य में प्रयोग होने वाले खाद, बीज, खरपतवार नाशक दवाइयों, कृषि उपकरणों के दाम बढ़ा दिए हैं। जिससे किसानों पर अतिरिक्त भार बढ़ गया है।

# कई वर्षों पहले मिली थी मंजूरी, नहीं हुई आईसीयू की शुरुआत

## बीके अस्पताल में आज भी भटकते हैं मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राज्य** का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिले के सबसे बड़े बादशाह खान अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए सुविधाओं में इजाफा करने की घोषणा कई बार हो चुकी है। इसके संकेत कुछ वर्ष अनिल विज ने भी दिए थे। इसके लिए जिला अस्पताल में कई बार सुगबुगाहट शुरू हुई, लेकिन प्लान सिरे नहीं चढ़ा। आठ बेड के आईसीयू के प्रस्ताव चंडीगढ़ मुख्यालय कई बार पहुंच चुके हैं। अधिकारियों को हर साल उम्मीद होती है कि इस बार इसपर कार्य शुरू







हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 लाख की आबादी वाले शहर के सरकारी अस्पताल में सात दशक से न आईसीयू बना है और न ही ट्रोमा सेंटर खुला है। जिससे यहां आने वाले दुर्घटना में गंभीर घायल मरीजों को वेंटीलेटर के अभाव में दिल्ली रेफर किया जा रहा है। इससे मरीजों को तो परेशानी होती ही है, वहीं तीमारदार भी परेशान होते हैं। सूत्रों की मानें तो आईसीयू के जो प्रस्ताव चिकित्सा विभाग के पास हैं उसके हिसाब से ग्राउंड फ्लोर पर ही इमरजेंसी के पास ही आईसीयू बनना था। जिस पर करीब 20 से 30 लाख की लागत आने की उम्मीद जताई जा रही थी। इसका लाभ फरीदाबाद के पड़ोसी जिले पलवल, मेवात के मरीजों को भी मिलना है।

जबकि शहर में केवल एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को छोड़कर एक भी सरकारी अस्पताल में यह व्यवस्था नहीं है। उसमें भी केवल ईएसआईसी के करीब साढ़े छह लाख बीमा धारकों को ही उपचार दिया जाता है। गैर बीमा धारकों को गंभीर परिस्थित में बेहर उपचार के लिए निजी अस्पतालों का ही सहारा लेना पड़ता है। इसमें उन्हें मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीके में आईसीयू बनाने के लिए काफी समय से इंतजार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए साल-2017 में भी स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से प्रपोजल मांगा गया था। उस दौरान सीएमओ डॉ. गुलशन अरोड़ा ने प्रपोजल तैयार कर मुख्यालय के पास भेजा भी था। लेकिन उसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया। बीके अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि आईसीयू के लिए सारी व्यवस्था अलग से की जाएगी। आईसीयू के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ 20 से ज्यादा नर्स की नियुक्ति की जाएगी, लेकिन यह कब होगा, उन्हें भी पता नहीं।

# चुनावी चौपाल में बोले लोग विकास करने वाला हो सांसद

## चाय की चुस्कियों के साथ बोले स्वास्थ्य के मुद्दे पर मतदान होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लोकसभा** चुनाव को लेकर हर गली मोहल्ले और चाय, पान की दुकानों पर चर्चा आम है। सभी मतदाताओं के अपने मत हैं। लेकिन मत भले अलग हो लेकिन मुद्दे शिक्षा, विकास और सुरक्षा से जुड़े हैं। ऐसे ही एक चर्चा मंगलवार को सेक्टर-24 स्थित चाय के स्टाल में देखने को मिली। चुस्कियों के साथ चाय का मजा ले रहे लोग लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा कर रहे थे।

जब चुनावी मुद्दों पर बात की तो वह खुलकर सामने आ गए।






उन्होंने बहुत ही सलीके से अपने विचारों को साझा किया। आदर्श कुमार से जब पूछा गया कि वह इस बार मतदान किन मुद्दों को लेकर करेंगे तो वह बोले लोकसभा क्षेत्र से कई सांसद संसद तक पहुंचे। लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त नहीं करा सके। इस बार का मुद्दा स्वास्थ्य सेवाएं प्रमुख है। शिक्षा के क्षेत्र में संभल पिछड़ा हुआ है। सड़के जर्जर हाल में हैं, लेकिन कभी किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस बार का मुद्दा शिक्षा और सड़क निर्माण होगा। विकास कराने वाले सांसद को ही मतदान करेंगे। अब तक जितने भी सांसद आए हैं किसी ने कोई विकास कार्य नहीं कराए। देशराज ने कहा कि सुरक्षा भी क्षेत्र में बड़ा मुद्दा है। सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र में रहे और क्षेत्रीय लोगों के लिए काम करे। इस बार के मतदान से पहले ऐसे ही प्रत्याशी को देखा जाएगा, जो सबका हितैषी हो।

# सरकारी योजनाओं का मेगा सर्विस कैंप 25 अप्रैल को : सुकीर्ति गोयल

## कहा, पात्र लोगों को जरूर मिलना चाहिए सरकारी योजनाओं का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** सत्र एवं न्यायाधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन संदीप गर्ग के निर्देशानुसार नालसा द्वारा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला विधिक सेवाएं योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के श्रमिक कार्य स्थलों व बस्तियों में पैरा लीगल वालंटियर्स के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी-3 में 25 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे शहर के औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिकों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभारी क्रियान्वयन, विधिक सेवा योजना सहित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देंगे। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने कहा कि सरकारी हिदायतों के अनुसार विभिन्न विभागों द्वारा उनके विभाग से संबंधित सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि गरीबी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं स्वरोजगार के लिए सरकार के अनेक ऋण संबंधी योजनाएं और परियोजनाएं हैं, जिनका लाभ उठाना चाहिए। पैरा-लीगल वालंटियर्स शहर के श्रमिक बस्तियों व जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

इनमें वे अधिक व्यक्तियों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं, विधिक सेवा योजना सहित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने कहा कि शिक्षा, जेल, बाल कल्याण, समाज कल्याण, लीड बैंक, जिला बाल संरक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, रोजगार, हैफेड, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा मेघा कैंप में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी हो व समाधान हो

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लोकसभा** चुनाव तिथि की घोषणा होने के बाद प्रत्याशी अपने-अपने एजेंडे पर




मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। मतदाता भी अपने-अपने हिसाब से सांसद पद के प्रत्याशी को तौलेंगे। हालांकि सबकी प्राथमिकता साफ छवि व सुशिक्षित प्रत्याशी को जिताने की रहेगी, लेकिन लोग स्थानीय मुद्दों पर भी प्रत्याशियों को कसने की तैयार रहेंगे।



सांसद आमजन के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। सबका हित ऐसे सांसद के निर्वाचन में है, जो जनसमस्याओं को समझ उनका समय रहते निराकरण करा सके। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सांसद की बड़ी भूमिका रहती है।

**-यशपाल मावई**



सांसद में सामाजिक सद्भाव होना चाहिए। सद्भाव ऐसा गुण है जो लोगों की समस्याओं को समझ उनका निराकरण कराने के प्रति प्रेरित करता है। यदि सामाजिक सद्भाव का भाव होगा तो वह लोगों की समस्याओं का निराकरण कराएगा।

**-संतराम मेघवाल**



सांसद आम समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए। इसलिए सांसद वही निर्वाचित हो जिसे आम लोगों की मूलभूत समस्याओं जैसे-पानी, पथ प्रकाश व सफाई आदि की आवश्यकताओं का ज्ञान हो।

**-प्रतिभा सिंगला**



सांसद संवेदनशील होना चाहिए। उसकी संवेदना क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के प्रति समान हो। उसे इस बात का ज्ञान हो कि कौन सी समस्या लोगों को अधिक परेशान करती है। सांसद पद पर ऐसा प्रत्याशी आसीन होना चाहिए। **-अल्पना मित्तल**

# बजरंगबली का जन्म भगवान श्री राम की सेवा के लिए हुआ : मनधीर सिंह मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** मार्केट नं.-1 के सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनधीर सिंह मान ने शिरकत की। इस दौरान जहां सुबह-सवेरे विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, वहीं दोपहर को सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ तथा बालाजी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर खन्ना परिवार ने बालाजी को छत्र अर्पण किया।सायं को विशाल सिदूंर वाले बालाजी शोभयात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर बजरंगी बली जी के जयकारे लगाए। इस मौके पर मनधीर सिंह मान ने कहा



की हनुमान जी भगवान श्री राम को अति प्रिय थे, उनका जन्म ही राम जी की सेवा के लिए हुआ था। भगवान शिवजी ने अवतार कहे जाते हैं। मनधीर सिंह मान ने कहा कि बजरंग बली के अवतरण दिवस पर जो आयोजन किया गया है, ऐसे आयोजन बच्चों में भक्ति भाव की भावना को बढ़ाते है। मैं उन सभी संस्थाओं का धन्यवाद करता हूं जो इस तरह के आयोजन समय-समय पर करती रहती हैं। मनधीर सिंह मान ने आगे कहा कि बजरंगबली बचपन से ही स्वभाव से चंचल थे, उनके सवालों के जवाब देना प्रत्येक व्यक्ति के वश की बात नहीं थी, लेकिन जब उनकी भेंट भगवान श्री राम से हुई तो उनके सभी प्रश्नों के जवाब वहां मिल गए। उसी दिन से वह भगवान श्री राम की भक्ति में ऐसे लीन हुए कि पूरा संसार उन्हें आज राम भक्त जानता है।

# एलआर कॉलेज के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पंडित** एलआर ग्रुप इंस्टीट्यूशंस के कॉलेज कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ के कॉलेज पंडित एलआर कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने न्यू ऐलेनबैली कंपनी फरीदाबाद में इंडस्ट्रियल विजिट किया। इस विजिट की अध्यक्षता कॉलेज की टीपीओ सुनीता खुराना ने की व कंपनी की तरफ से एचआर मैनेजर बीके कुंतयाल के की।

पंडित एलआर ग्रुप इंस्टीट्यूशंस की टीपीओ सुनीता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस इंडस्ट्रियल विजिट में इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इंडस्ट्रियल विजिट के दौरान न्यू ऐलेनबैली कंपनी के एचआर मैनेजर बीके कुंतयाल ने कॉलेज के विद्यार्थियों का साक्षात्कार कर 14 विद्यार्थियों का चयन कर मौके पर ही ऑफर लेटर दिए। पंडित एलआर ग्रुप इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन लखमीचंद भारद्वाज, निदेशक डॉ. प्रोफेसर आरपी आर्य ने कहा कि आज का जमाना स्किल का है और विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद नौकरी के साथ-साथ बहुत सारे विकल्प मिलते हैं।

# मोटरसाइकिल सवार दंपति को डंफर ने कुचला, मौके पर मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मंगलवार** को एक डंफर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मौत हो गई। सोहना निवासी जमशेद अपनी पत्नी फिरदोस के साथ से मोटरसाइकिल पर फरीदाबाद बड़खल गांव में शादी का कार्ड देने आ रहे थे। बताया जाता है कि सैनिक कॉलोनी के निकट उनकी मोटर साइकिल स्लिप हो गई और दोनों सड़क पर गिर गए। उनके गिरते ही पीछे से आ रहे डंफर ने उन्हें कुचल दिया, जिसके चलते मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि मरने वालों के छह बच्चे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**न तो दर बोलता है अब न तो दीवार बतियाती**
**सुलाने के लिए ममता भी अब लोरी नहीं गाती**
**मेरे सपनों में सब रिश्ते चले आते हैं रह-रहकर**
**मेरे सपनों में बस अम्मा ही जाने क्यूं नहीं आती**


# इनेलो से मैदान में उतरे नाहर सिंह के वंशज सुनील तेवतिया

## प्रदेश यूथ कांग्रेस पार्टी में महासचिव के पद पर भी रह चुके हैं सुनील तेवतिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लंबे** इंतजार के बाद इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज सुनील तेवतिया (49) को प्रत्याशी बनाया है। क्षेत्र में जाटों की सबसे बड़ी संख्या में मद्देनजर इनेलो ने भी जाट समुदाय के नेता पर भरोसा जताया है। अब बड़ी पार्टियों में इस लोकसभा चुनाव के मैदान में जजपा के बाद इनेलो के जाट उम्मीदवार उतरने से कांग्रेस खेमे में भी हलचल हो गई है। फरीदाबाद लोकसभा का चुनाव और भी रोचक हो गया है।

चुनावों की तिथि की घोषणा होने के तुरंत बाद भाजपा ने मैदान में वर्तमान लोकसभा सांसद कृष्णपाल



गुर्जर को उतारकर अपने पत्ते खोल दिए थे। इसके बाद बसपा ने मौखिक रूप से अपने प्रत्याशी किशन ठाकुर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, हालांकि लिखित में इसकी घोषणा नहीं की गई है। हाल ही में जजपा ने युवा चेहरे नलिन हुड्डा को उतारा था।

आम चुनाव की घोषणा के लगभग एक माह बाद इनेलो ने भी शहीद राजा नाहर सिंह के परिवार और जाट नेता सुनील तेवतिया पर दांव आजमाया है। ऐसे में मैदान में दो बड़ी पार्टियों से जाट वोटों को अपनी ओर खींचने की रस्साकशी तेज हो गई है। राजनीतिज्ञों के अनुसार, पिछले दो चुनावों में जाट समुदाय से बड़ी संख्या में कांग्रेस को पसंद किया जाता रहा है। ऐसे में देखना यह है कि कौन सा प्रत्याशी जाट वोट बैंक को अपनी ओर करता है।

**साल 2002 से राजनीति में हैं सुनील**

इनेलो नेता सुनील तेवतिया वर्ष 2002 से राजनीति में हैं। वह प्रदेश यूथ कांग्रेस पार्टी में महासचिव पद पर भी रहे हैं। इसके अलावा वह कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। एक बार वह सेक्टर-तीन बल्लभगढ़ से पार्षद का चुनाव लड़े थे। इस दौरान वह मात्र 100 वोटों से हार गए थे। लगभग 2019 के बाद वह इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के संपर्क में आए। इसके बाद से वह इनेलो से जुड़े हैं। सुनील का कहना है कि उनकी चार पीढ़ियों ने देश के लिए बलिदान दिया है। ऐसे में उन्हें आशा है कि फरीदाबाद लोकसभा की जनता उनपर भरोसा जताएगी।

**कांग्रेस के उम्मीदवार का लंबा इंतजार**

फरीदाबाद में 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए अभी तक लगभग सभी बड़े दलों ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। भाजपा प्रत्याशी के करीब एक माह पहले ही चुनाव में उतरने और इनेलो, जजपा और बसपा के भी प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके बावजूद अभी भी कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो पाई है। हालांकि, कांग्रेस से टिकट को लेकर पूर्व केबिनेट मंत्री महेंद्र प्रताप और पूर्व केबिनेट मंत्री करन दलाल ने अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि आलाकमान के पास फरीदाबाद समेत हरियाणा के कई लोकसभा क्षेत्रों की फाइल है, लेकिन फैसला नहीं हो पाया है। प्रत्याशी की घोषणा न होने पर कांग्रेस नेता और वोटर निराश हैं।

# बीएससी की मोनिका को मिला मिस सरस्वती का खिताब

## सरस्वती महिला कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस की अंतिम वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल मथुरा रोड में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सेल्फ फाइनेंस के अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी।

आयोजित फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वंदना त्यागी ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य ने अपने सुंदर शब्दों से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज का समय लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करने का है। बिना मेहनत आपको बहुत कुछ मिल जाएगा, यह सोच गलत है। इसलिए चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो या फिर खेलकूद या अन्य। सभी में बेहतर करने से ही आपकी पहचान बनेगी, अन्यथा नहीं। मेहनत ही एक जरिया है ऊंचाइयों को छूने का। जीवन में सफलता का रास्ता संघर्ष से होकर ही गुजरता है। सफलता को हासिल करने का कोई शॉर्टकट नहीं हैं। अंत में प्राचार्य ने छात्रों को उनके आने वाले समय की शुभ कामनाएं दीं। इस दौरान छात्राओं ने मिस सरस्वती प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मिस चंचल रावत, मिस डॉली भारद्वाज और डॉ. श्वेता गांधी ने जज की भूमिका निभायी। मिस सरस्वती का खिताब मोनिका बीएससी मेडिकल को मिला। दूसरा स्थान अंजलि बीसीए ने जीता और तीसरे स्थान पर खुशबू बीबीए रही। मंच संचालन रचना सौरोत ने किया।

# फरीदाबाद में 5.20 लाख की रिश्वत लेते ईटीओ गिरफ्तार

## ट्रांसपोर्टर की गाड़ी को छोड़ने के लिए ली रिश्वत, चपरासी व दलाल भी चढ़े हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद







**आयकर** विभाग (इनकम टैक्स) में तैनात एक ईटीओ भूषण कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पांच लाख 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दो दिन बाद ही उसकी रिटायरमेंट थी। अपने दफ्तर के चपरासी व एक बिचौलिए की मदद से ये रिश्वत ली थी। एसीबी ने चपरासी व दलाल को भी हिरासत में ले लिया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में एक्साइज टैक्सेशन ऑफिसर भूषण कुमार ने ट्रांसपोर्ट की गाड़ी पकड़ी थी। इसको छुड़वाने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी ने इटीओ से संपर्क किया तो इसके लिए पांच लाख 20 हजार रुपये मांगे गए। ईटीओ ने ये रिश्वत अपने कार्यालय के चपरासी मनोज फौजी व एक दलाल चुन्नी लाल के माध्यम से ली। एसीबी ने इन दोनों को भी हिरासत में ले लिया है।

एसीबी ने ईटीओ द्वारा रिश्वत मांगने की सूचना के बाद मंगलवार को जाल बिछाया। सेक्टर-12 स्थित कार्यालय में पहले चपरासी को पकड़ा। उसने पूरे मामले का खुलासा किया कि वह चुन्नी लाल की माध्यम से ईटीओ के लिए रिश्वत ले रहा था। इसके बाद चुन्नी लाल व ईटीओ को भी पांच लाख 20 हजार रुपये की राशि के साथ पकड़ा गया। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हरियाणा सरकार भले ही जीरो टोलरेंस की नीति के लाख दावे करती हो, लेकिन सरकार में तैनात अधिकारी सरकार के इन दावों की हवा निकाल देते हैं। पकड़ा गया आरोपी जीएसटी विभाग में तैनात ईटीओ भूषण दो दिन बाद ही अपनी रिटायरमेंट पूरी कर घर जाने वाला था, लेकिन घर जाने से पहले वह हवालात पहुंच गया। फिलहाल एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तीनों की गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है

# पलवल में विधवा के बेटे ने किया सुसाइड

## लड़की ताकने का आरोप लगा पड़ोसियों ने मां-बेटे को पीटा था

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**एक** युवक ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि कुछ युवकों ने एक लड़की को तकने का आरोप लगा कर उससे व उसकी मां के साथ गाली-गलौच व मारपीट की थी। इससे दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली। पलवल सदर थाना पुलिस ने मृतक युवक की मां की शिकायत पर एक युवती सहित तीन के खिलाफ मारपीट व आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज किया है। छानबीन जारी है। पलवल में सदर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, दीघोट गांव निवासी विधवा सुनीता ने दी शिकायत में कहा है कि सुबह करीब साढ़े सात बजे उसके घर पर गांव के ही निवासी बगला, देवेंद्र व पूनम आए और उसके लड़के पवन पर लड़की को ताकने का आरोप लगा की झगड़ा किया। युवक कह रहे थे कि तुम्हारा लड़का हमारी लड़की को ताकता है। इसी को लेकर देवेंद्र ने उसके बेटे पवन को थप्पड़ मारा।

उसने कहा कि अब तो तू बच गया व जब भी अकेला मिलेगा, तुझे जान से खत्म कर दूंगा। आरोपी बगला व पूनम उसे व उसके बेटे को गंदी-गंदी गालियां देते हुए अपने घर चले गए। इसके बाद उसने अपने बेटे से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि ये लोग झूठ बोल रहे हैं। उसने कभी किसी लड़की की ओर देखा तक नहीं। महिला ने बताया कि वह अपने बेटे को समझाकर काम पर चली गई, जबकि उसके पड़ोसी आरोपी घर पर ही थे। उसका आरोप है कि जब वह काम पर थी तो उसके बेटे पवन का फोन आया वह बोला कि मम्मी मुझे बचा लो, उसके कुछ देर बाद पड़ोसी ने फोन किया कि सुनीता घर आ जा। वह तुरंत घर पहुंची तो वहां पवन घर में पंखे से रस्सी बांधकर लटका मिला।

# 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** नागरिक अस्पताल पलवल के सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व जिला मलेरिया विभाग के डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर सुरेंद्र आर्य के मार्गदर्शन में आगामी 25 अप्रैल को मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश गर्ग ने बताया कि मलेरिया व डेंगू को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यह सर्वोत्तम अवसर है। मलेरिया एक जीवाणु संक्रमण है जिसका विकासशील और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्लम, गरीब व पिछड़े क्षेत्र ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, सर्दी व कंपन, सिर दर्द व उल्टियां होना मलेरिया के लक्षण हैं।मलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए हम सभी के लिए प्रतिबद्धता के साथ पूर्णत समर्पित होंने का यह अच्छा अवसर है। मलेरिया विभाग के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र आर्य ने बताया कि जिला पलवल में मलेरिया को खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर मलेरिया की जांच कर रही हैं। अब तक 71895 घरों में जाकर मलेरिया की जांच की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया से संबंधित 16 घरों में नोटिस भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि मलेरिया को 2030 तक खत्म कर दिया जाएगा तथा भारत को मलेरिया मुक्त बनाया जाएगा। डॉ. सुरेंद्र आर्य ने बताया कि मलेरिया को खत्म करने के लिए सांझा प्रतिबद्धता व योगदान करके तथा स्वच्छता, जल्दी इलाज व प्रभावी संचार द्वारा मलेरिया को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि अपने-अपने घरों में प्लास्टिक व रबड़ के टूटे-फूटे बर्तन, कूलर, टायर, नारियल के खोल, आदि में पानी एकत्रित न होने दें। कूलर के पानी को हर सप्ताह बदलते रहें तथा कूलर को सुखाकर व साफ पानी भरकर ही चलाएं ताकि उसमें मलेरिया व डेंगू के अंडे व लार्वा न पनप सकें और ड्राई डे मनाएं ।जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. मंजीत कुमार गौतम ने बताया कि जिला मलेरिया अर्बन विभाग की टीमें मलेरिया व डेंगू को रोकने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मार्च माह तक 31334 रक्त के नमूने लिए जा चुके हैं, जिनमें से मलेरिया का कोई भी पोजिटिव मरीज नहीं है अर्थात उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं है।

डेंगू से संबंधित क्षेत्र को चिन्हित कर लिया गया है, जिसके लिए 288 तालाबों यानि जोहडों में मलेरिया व डेंगू के लार्वा को खाने वाली गम्बुजिया मछलियां छोड़ी जा चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा लार्वा को खत्म करने संबंधी एक्टिविटीज करवाई जा रही हैं जिसके तहत एक सघन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला पलवल में डेंगू के तीन मरीज आ चुके हैं जो गांव रहराना व सेवली क्षेत्रों से संबंधित हैं। लेकिन अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. मंजीत कुमार ने बताया कि पानी ठहरेगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां से लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास गड्ढे में पानी इकट्ठा न होने दें व उस पानी में मिट्टी का तेल, तारपीन का तेल डाल दें या काला तेल डाल दें।

# टीम ने छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नशा** मुक्त होगा हरियाणा जित दूध दही का खाना। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फरीदाबाद के इंचार्ज उप निरीक्षक क़ीमती लाल ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहे। वे आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव फरीदपूर फरीदाबाद अपनी टीम के साथ पहुंचे हुए थे। प्राचार्या रंजना की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो की पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान चलाए गए हैं। फरीदाबाद यूनिट इंचार्ज उप निरीक्षक क़ीमती लाल ने प्रतिबंधित नशे की रोकथाम बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि स्वापक औषधी एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के अंतर्गत नशीले पदार्थों का सेवन क्रय विक्रय तस्करी उत्पादन परिवहन आदि पूर्ण रूप से निषेध है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए कहा कि यदि ये मनुष्य के उपभोग के लिए अच्छे होते तो सरकार इन्हें बिक्री के लिए खुला छोड़ देती। नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो चुकी युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है।

नशा के दुष्परिणाम की बात जन जन तक पहुंचानी है। कविता के माध्यम से नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बड़ी रूचि के साथ इस कार्यक्रम में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने कहा कि वे इस अभियान में सहयोग करेंगे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यह पहल है जिसमे सीधे विद्यार्थियों और नागरिकों को नशे के विरुद्ध कार्यक्रमों में जोड़कर नशा मुक्त हरियाणा अभियान को सार्थक किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**पलवल।** एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत होने गई। इसके बाद ठेकेदार ने शव को बिना पोस्टमार्टम व पुलिस को सूचना दिए एंबलेंस में उसके घर भिजवा दिया। खंडवा पहुंचे शव को देख कर परिजन हैरान रह गए और वारदात की सूचना वहां की पुलिस को दी। खंडवा एसपी ऑफिस से मिले पत्र के बाद अब पलवल पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पलवल सिटी थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, जिला खण्डवा (मध्यप्रदेश) के एसपी कार्यालय से प्राप्त एक पत्र में खंडवा के गांधी नगर अस्पताल के ठेका कर्मी प्रकाश ने एक तहरीर पेश की। इसमें कहा गया है कि खंडवा के मदनी गांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीप अपने साथी अलग-अलग गांव के रहने वाले रमेश, दिनेश, त्रिलोक व निलेश उर्फ नीलू के साथ मजदूरी के लिए जिला अलवर (राजस्थान) के लक्ष्मणगढ़ शेखपुरा निवासी मोबीन खान के ट्रैक्टरों को चलाने गए थे। तहरीर में कहा है कि वे प्रति वर्ष मोबीन खान के साथ उसके ट्रैक्टरों पर मजदूरी करने के लिए जाते हैं और फसलों की कटाई करते हैं। इस बार जब वे फसल काटने की मशीन लगे ट्रैक्टर पर सवार थे और उनका साथी त्रिलोक मोबीन खान की बाइक पर बैठा था। उनका ट्रैक्टर हुडा चौक पर पहुंचा तो ट्रैक्टर एक ब्रेकर पर उछल गया और प्रदीप ट्रैक्टर से उछल कर मशीन की चपेट में आ गया।

# रॉयल एनफील्ड मोटर्स पलवल पर लगाया जागरूकता सेमिनार

**पलवल।** पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला के निर्देशानुसार आज यातायात थाना पलवल प्रबंधक निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने रॉयल एनफील्ड मोटर्स पलवल पर यातायात जागरूकता सेमिनार आयोजित कर आमजन के साथ-साथ प्रबंधन एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला, आईपीएस के कुशल-मार्गदर्शन मे जिला पलवल पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं। जागरूकता अभियान के दौरान टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि माता-पिता 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों को मोटरसाईकिल इत्यादि सार्वजनिक स्थान पर चलानें के लिए न दें।

# छात्रों ने रैली निकाल विश्व पृथ्वी दिवस पर दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राजकीय** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रुखनगर में विश्व पृथ्वी दिवस बहुत ही धूमधाम और गर्म जोशी से मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि हमारी संस्कृति के अनुसार पृथ्वी को माता का दर्जा मिला है। अत: हम सबको सुबह धरती माता को नमन करके ही अपने कार्य प्रारंभ करने चाहिए। उन्होंने बताया कि पृथ्वी माता के समान ही हमारा अनेक प्रकार से भरण पोषण करती है। खाने के लिए अन्न, पीने के लिए पानी, फल, सब्जी, अनेक प्रकार के रत्न, घर, मकान बनाने के लिए सामग्री व अन्य अनेक चीजों पर भी दृष्टि डालकर देखें तो बहुत कुछ हमें पृथ्वी माता से ही मिला है। यदि आज हम गहराई से विचार करें तो इसी पृथ्वी को हमने अपने संकीर्ण मंसूबों को पूरा करने के लिए अनेक प्रकार से दूषित किया है जैसे जल व थल को गंदा करके, वृक्षों को काटकर बहुमंजिला इमारतें बनाकर वातावरण को दूषित करना,अधिक से अधिक लाभ कमाने के लिए खेतों में खतरनाक कीटनाशक पदार्थ डालकर। यही कारण है कि आज पृथ्वी के साथ किया गया खिलवाड़ हम सभी के लिए अनेक प्रकार की भयावह बीमारियों का कारण बन रहा है। यदि आज हम अपने आपको बचाना चाहते हैं तो इसके लिए हमें सबसे पहले अपनी पृथ्वी माता को बचाना होगा, सजाना होगा, संवारना होगा। इसलिए प्राचार्य जितेंद्र यादव ने सभी को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी को साफ सुथरा रखने व इसके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन अपनी मां के समान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि घटते हुए साधन और बढ़ती हुई जनसंख्या प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर रही है। अत: समय रहते हुए उचित कदम उठाएं जाने चाहिए। अन्यथा मानव को इसके भयंकर परिणाम भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी अशोक कुमार भूगोल प्राध्यापक के नेतृत्व में आयोजित हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत किए।

अपने वक्तव्य में उन्होंने पृथ्वी की अहमियत को बताया और इसके प्रति अपने कर्तव्य को ग्रहण करने का संदेश भी दिया। विनोद कुमार, जीवविज्ञान प्राध्यापक ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि जब हम खुद को सही से रखेंगे और खुद की इज्जत करेंगे तभी पृथ्वी और उसपर मिलने वाले सभी संसाधनों की देखरेख कर पाएंगे। इस मौके पर गुलशन, हिंदी प्राध्यापक ने भी अपने विचार रखे। अशोक, प्राध्यापक भूगोल ने बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस के इतिहास आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय में इस मौके पर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और पृथ्वी की रक्षा सुरक्षा से संबंधित विचार ड्राइंग व पेंटिंग के माध्यम से प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगित और पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य ने समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर सम्मानित किया।

आज एन.एस.क्यू.एफ के अध्यापकों द्वारा नेशनल स्किल क्वालिफाइड फ्रेमवर्क को लेकर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। विद्यालय के करीब 100 विद्यार्थियों को लेकर निकाली गई इस जागरूकता रैली को प्राचार्य जितेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# संक्षिप्त समाचार

## कुसलीपुर के स्कूल में प्लास्टिक थीम पर मनाया पृथ्वी दिवस




**पलवल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुसलीपुर में स्थित हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के कार्यालय पर विद्यालय प्रभारी हेमराज तंवर की अध्यक्षता में ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम पर आधारित विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के संचालक भगवत शास्त्री ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, नेचर क्राफ्ट, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के जिला सचिव रिसाल सिंह ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने पर बल दिया। सभी सदस्यों एवं बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा करने एवं प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर हेमराज, भगवत प्रसाद, कंचन बाला, इंद्रराज, योगेंद्र सुशील बंसल, वीरा, प्रीता, संयोगिता, पूनम बाला एवं सभी छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया।

## केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में मनाया गया पृथ्वी दिवस



**पलवल।** केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया तथा पर्यावरण के प्रति सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से की गई। कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चों से चित्रकला में पृथ्वी का दृश्य बनवाया गया व उसमें रंग भरवाए गए। सभी विद्यार्थी अपने-अपने घर से एक-एक पौधा लेकर आए तथा उन्हें बीजा रोपण की प्रक्रिया भी सिखाई गई। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने हरी-भरी पत्तियों से तितली व मछली बनाई तथा अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों को प्रकृति से संबंधित एक फिल्म दिखाई गई। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में पृथ्वी दिवस से संबंधित चार्ट बनाए व इसके माध्यम से सभी को पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने इस दिवस पर विभिन्न कविताओं तथा भाषण के माध्यम से पृथ्वी बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया तथा कक्षा एलकेजी की छात्रा कृष्णवी ने हरा-भरा है, बहुत बड़ा है। पेड़ विषय पर कविता सुनाकर सभी विद्यार्थियों को पेड़ों का महत्व समझाया कि पेड़ किस प्रकार से हमारी रक्षा करते हैं। कक्षा दूसरी की अध्यापिका हेमलता ने प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया और यह बताया कि प्लास्टिक का उपयोग करने से पशु-पक्षी व मनुष्यों को क्या-क्या नुकसान होते हैं। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रधानाचार्या संघमित्रा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज तथा देवदत्त भारद्वाज ने बच्चों के द्वारा उठाए गए ठोस कदमों की सराहना की। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संयोजिका सविता वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

## प्रॉपर्टी आईडी के लिए 25 अप्रैल तक लगाया जाएगा कैंप



पलवल। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा के निदेशालय की हिदायतों के अनुसार नगर परिषद पलवल के वार्ड नंबर-15,16,18,19,21,24,25 और 31 में प्रोपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफिकेशन कैंप का आयोजन किया जाना है। नगर परिषद पलवल के इन वार्डों में शिविरों का आयोजन 23 से 25 अप्रैल तक किया जाएगा। इन शिविरों में आमजन अपनी प्रोपर्टी आईडी का स्वयं सत्यापन करवा सकते हैं।

## पलवल की मंडी में 187453.6 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद




**पलवल।** जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व फसल खरीद केंद्रों में कुल 192150.6 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इनमें से विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 187453.6 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया गया है और इसमें से 51502.8 मीट्रिक टन गेहूं का उठान भी हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 32660.2 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 77663.2 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयरहाउसिंग द्वारा 77130.2 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। खरीद किए गए गेहूं में से 51502.8 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है और 135950.8 मीट्रिक टन गेहूं उठान के लिए मंडियों में बाकी है, जिनका जल्द उठान करने के लिए आदेश दिए गए हैं।

## एसडी कॉलेज में निबंध्ध व स्लोगन लेखन का आयोजन



**फरीदाबाद।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, पलवल में विद्यार्थी लीगल लिटरेसी मिशन के अंतर्गत मेडिकल एवं लीगल प्रकोष्ठ द्वारा निबंध लेखन व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन, प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजनीति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. रनवीर सिंह एवं अंग्रेजी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. बलकार सिंह ने निभाई। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में ड्रग दी एडिक्शन विषय पर बीएससी मेडिकल की छात्रा पिंकी रावत ने प्रथम, नितिन ने द्वितीय एवं मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेक्सुअल हैरेसमेंट विषय पर बीए प्रथम वर्ष की आकृति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में राइट टू एजुकेशन में आकृति ने प्रथम, राइट ऑफ डिसेबल्ड पर्सन में नेहा ने प्रथम एवं फीमेल फोएटिसाइड में नितिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिकल एवं लीगल प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. एनके गोयल ने अंत में सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रुचि शर्मा एवं डॉ. मनीषा अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## थाना चांदहट पुलिस ने गांजा पत्ती तस्करी में चार दबोचे



**पलवल।** थाना चांदहट प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह के अनुसार, पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला आईपीएस के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस की विभिन्न क्राइम यूनिट लगातार मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार कर रही है और नशा तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल कर रही है। इसी कड़ी में थाना अंतर्गत चौकी अमरपुर पुलिस टीम ने अवैध नशा तस्करी पर करारा प्रहार करते हुए नजदीक टोल टैक्स पलवल पर नाकाबंदी कर गाड़ी स्विफ्ट डिजायर में 148.460 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा पत्ती की बड़ी खेप सहित मशोदा थाना सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर यूपी निवासी चालक एवं मोहम्मदपुर थाना पिनगवा जिला नुंह निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की, जिसकी मार्केट कीमत करीब 40 लाख रुपये है।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर बंधवाड़ी में कूड़े के पहाड़ में लगी आग


## पर्यावरण, वातावरण में घुला जहरीला धुआं

### सुबह सवा 5 बजे से जलता रहा कूड़े का पहाड़, दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम-फरीदाबाद** रोड स्थित बंधवाड़ी में कूड़े के पहाड़ पर मंगलवार की सुबह 05:15 बजे आग सुलग गई। देखते ही देखते आग कूड़े में फैलती चली गई। आग की सूचना पाकर पुलिस और फायर विभाग को दी गई।

सूचना के कुछ समय बाद ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। देर शाम तक आग बुझाने का काम जारी रहा।



फरीदाबाद मार्ग पर कूड़े के पहाड़ में लगी आग।

गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर बंधवाड़ी गांव के पास गुरुग्राम और फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्रों का कूड़ा डाला जाता है। दोनों शहरों के कूड़े से अब बंधवाड़ी में कूड़े का ढेर कूड़े के पहाड़ में तब्दील हो चुका है।

हालांकि गुरुग्राम-फरीदाबाद का डोर-टू डोर कूड़ा उठाने वाली इको ग्रीन कंपनी को यहां पर कूड़े से बिजली संयंत्र लगाना था, लेकिन यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। हालांकि दावे बड़े-बड़े किए गए थे। ऐसे में कूड़े का निस्तारण होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही। कूड़े का पहाड़ खत्म नहीं हो पा रहा। इसी कूड़े



गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर कूड़े के पहाड़ में आग बुझाने पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियां।

के पहाड़ में मंगलवार की सुबह सवा पांच बजे धुआं उठता नजर आया। इसकी सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ियों को आग बुझाने के लिए कूड़े के पहाड़ पर पहुंचाना आसान नहीं था। इसलिए किसी तरह प्रयास करके पानी की पाइप लाइन को ऊपर ले जाया गया। काफी ऊंचाई पर आग लगी थी। इसलिए दमकल विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सेक्टर 29 से 3 फायर वाहन, सोहना से 1, उद्योग विहार से 1, आईएमटी मानेसर से 1, पटौदी से 1, फरीदाबाद से 3 गाड़ियों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया। एक के बाद एक पानी से भरकर गाड़ियां पहुंचती और वह कुछ ही देर में खाली हो जाती। एक दर्जन से अधिक गाड़ियों द्वारा पानी डालने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आग बुझ नहीं पाई थी।

**कूड़े में आग लगने का कई कारणों का अंदेशा :** बंधवाड़ी में कूड़े के ढेर में आग लगने के कई कारण हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि कूड़े में मिथेन गैस बन जाती है, जो कि आग लगने का कारण हो सकती है। इसी तरह कूड़े में शीशा आदि होता है, जिसके गर्म होने के कारण आग उत्पन्न हो सकती है। ऐसी संभावना ना के बराबर है कि इतनी ऊंची जगह पर जाकर किसी ने आग लगाने की हरकत की हो।

# श्री सुंदरकांड मित्र मंडल ने किया भव्य जागरण का अयोजन



हनुमानजी के जागरण में भजन प्रस्तुत करती कलाकार।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मेरे** बालाजी महाराज, तने पूजे यो संसार....जैसे बेहतरीन शब्दों के साथ कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी तो पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

श्री हनुमान जन्मोत्सव (हनुमान जयंती) के अवसर पर जागरण में मशहूर भजन गायक श्याम रतन पप्पू शर्मा ने एक से एक बढ़कर भजन पेश किए। वृंदावन निवासी अनंत हरिदास मीनू शर्मा ने बजरंगबली और कृष्ण भक्ति के ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी। दिल्ली शंकर नगर स्थित डीएवी स्कूल ग्राउंड में आयोजित 34वें श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन में दिल्ली समेत एनसीआर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। खाटू श्याम भक्त व गायक पप्पू शर्मा ने बाबा बजरंग बली, राम लला, कृष्ण जी समेत श्याम बाबा के बेहतरीन भजन पेश किए। उन्होंने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि बाबा के चरणों में हाजिरी लगाने का इससे बढ़िया मौका और नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि संस्था कि ओर से आयोजित कार्यक्रम में वो बरसों से आ रहे है। आज में जहां भी हूं बाबा की कृपा से ही हूं।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन उद्योगपति रविंद्र अग्रवाल ने किया। उपायुक्त अंशुल सिरोही, डीसीपी सुरेंद्र चौधरी, विधायक अनिल वाजपेयी, पार्षद संदीप कपूर, पार्षद नीलम जीतू चौधरी, पार्षद प्रिया कंबोज के अलावा उद्योगपति परमानंद मालानी आदि मौजूद थे।

# गुरुग्राम के गांव बाघनकी में मिली 400 साल पुरानी धातु की मूर्तियां

**गुरुग्राम।** जिला के गांव बाघनकी में मकान निर्माण के दौरान खुदाई करते समय तीन धातु की मूर्तियां मिलीं। इसकी सूचना आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। मूर्तियां मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मूर्तियों को कब्जे में ले लिए।



गुरुग्राम के गांव बाघनकी में मिली ये धातु की मूर्तियां।

साथ ही पुरातत्व विभाग को इसकी सूचना दी गई। मकान मालिक को प्लॉट में निर्माण के लिए मना कर दिया गया है। अब पुरातत्व वहां पर खुदाई करके जांच करेगा कि कहीं और मूर्तियां तो वहां नहीं है। बताया जा रहा है कि ये मूर्तियां करीब 400 साल पुरानी हैं।

जानकारी के अनुसार बाघनकी गांव में एक व्यक्ति द्वारा प्लॉट में मकान बनाया जा रहा है। इसके लिए वह प्लॉट में जेसीबी से नींव की खुदाई करवा रहा था। वहां एक के बाद एक तीन मूर्तियां आईं। पहले तो प्लॉट के मालिक ने इन मूर्तियों के बारे में जानकारी छिपाने का प्रयास किया। उसने जेसीबी चालक को भी किसी को ना बताने के लिए पैसे का लालच दिया। मकान मालिक अपने घर में ही मूर्तियों को छिपाकर रखना चाहता था। दो दिन तक तो किसी को इस बात की भनक नहीं लगी। जेसीबी चालक को मकान मालिक ने लालच के पैसे भी नहीं दिए। इसलिए जेसीबी चालक ने मूर्तियां मिलने की बात को बिलासपुर थाना में बता दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस बाघनकी गांव पहुंची और मकान मालिक के घर दबिश दी। ये मूर्तियां भगवान विष्णु की खड़े हुए, माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु की एक अन्य मूर्ति और माता लक्ष्मी की आशीर्वाद देते हुए मूर्ति है। पुरातत्व विभाग की उप-निदेशक बनानी भट्टाचार्य व डॉ. कुश ढेबर बिलासपुर थाना पहुंचे। पुलिस ने तीनों मूर्तियों को पुरातत्व विभाग को सौंप दी। हालांकि ग्रामीणों ने इन मूर्तियों को पंचायत को सौंपने का अनुरोध किया था। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों की ओर से उस प्लॉट में मंदिर बनाने की भी बात कही गई। पुरातत्व विभाग ने मूर्तियों को गांव को देने से मना कर दिया। वे मूर्तियां देश की सरकार की संपत्ति है।

# श्मशान घाट की दीवार का गिरना अत्यंत दुखदायी : बोधराज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राम** बाग श्मशान घाट मदनपुरी की अचानक दीवार गिरने से दो बच्चों व तीन पुरुषों की मौत दिल को हिला देने वाला दृश्य था। हादसे में भयावह अकस्मात हृदयविदारक स्थिति थी। पंजाबी बिरादरी महासंगठन गुरुग्राम के अध्यक्ष बोधराज सीकरी पंजाबी बिरादरी महा संगठन के पदाधिकारियों रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, अनिल कुमार, गजेंद्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, गौरी शंकर, रवि मनोचा, हरीश कुमार, नरेश अरोड़ा और पांच अन्य बिरादरी के लोगों के साथ सभी पांचों मृतक के घरों पर हमदर्दी के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार के सभी सदस्यों को सांत्वना भी दी। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित



गुरुग्राम के मदनपुरी श्मशान घाट की दीवार गिरने के मामले में पीड़ितों को सांत्वना देते बोधराज सीकरी।

बिरादरी के सदस्यों के साथ विचार विमर्श करके पंजाबी बिरादरी महा संगठन की ओर से एक सहयोग राशि सहायता के रूप में भी प्रदान की।

सीकरी ने कहा कि जन्म मरण, सुख दुख के भोग, हानि लाभ, प्यारों का मिलना बिछुड़ना, यह सब काल के अधीन है। होनी बड़ी बलवान है। ऐसा विचार कर किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है। बोधराज सीकरी ने परिवार के सदस्यों को आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हुई तो बिरादरी अवश्य करेगी।

# नवीन गोयल ने शहर में कई स्थानों पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रमों में की शिरकत

**गुरुग्राम।** श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के शहरभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने अनेक कार्यों में शिरकत करके हनुमान जी को नमन करते हुए आमजन को हनुमान जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। नवीन गोयल ने अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर अतुल कटारिया चौक में आयोजित हवन एवं भण्डारा कार्यक्रम में शिरकत की।



हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम में शिरकत करते नवीन गोयल।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर 17-सी में सुरजीत यादव की ओर से आयोजित सुंदरकांड पाठ, सेक्टर-45 स्थित कम्युनिटी सेंटर में अत्तर सिंह यादव द्वारा आयोजित भण्डारा कार्यक्रम, श्री हनुमान मंदिर खोखरा जोहड़ सेवा समिति द्वारा आयोजित भण्डारा कार्यक्रम, गांव वजीराबाद में अशोक सोलंकी के यहां आयोजित भण्डारा कार्यक्रम, श्री हनुमान मंदिर संस्था विष्णु गार्डन द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ व भण्डारा कार्यक्रम, न्यू रेलवे रोड पर आनंद भाटिया के यहां आयोजित सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने सुंदर कांड पाठ का श्रवण किया और प्रभु के चरणों में माथा टेक गुरुग्राम वासियों की तरक्की, खुशहाली और सुखद जीवन की कामना की।

# देश के छोटे व मंझोले उद्यमियों पर मोदी सरकार का चलता रहा चाबुक : अशोक बुवानीवाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कांग्रेस** औद्योगिक सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया है। घोषणा पत्र में कराधान और टैक्स में सुधार के लिए जो बिन्दु शामिल किए गए हैं, उन पर सरकार बनने पर काम किया जाएगा। पहले से ही इस पर तैयारियां भी की गई हैं।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने देश पर करों का बोझ लाद दिया। आम जन भी करों की मार झेल रहा है। सरकार ने अपनी कमाई करने के लिए देश की साधारण जनता पर इतने कर लगा दिए, जिससे कि जनता ना केवल परेशान हुई, बल्कि करों ने उनका कारोबार भी प्रभावित कर दिया।



अशोक बुवानीवाला।

बहुत से उद्योग बंद हो गए और बहुत से बंद होने की कगार पर पहुंच गए। सरकार ने पूंजीपतियों को तो सदा लाभ देने का काम किया, लेकिन देश के छोटे व मंझोले उद्यमियों पर सरकार का चाबुक चलता रहा। दिखावे के लिए सरकार ने मेक इन इंडिया जैसे नारे दिए, लेकिन धरातल पर इन नारों में दम नजर नहीं आया।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि सरकार की ओर से लिया जाने वाला टैक्स शासन का मूल है। भाजपा/एनडीए सरकार के पिछले 10 साल में बेलगाम टैक्स वसूलने का मामला सामने आया है।

अप्रत्यक्ष करों में बढ़ोतरी के कारण आम जनों और गरीबों द्वारा भुगतान किए जाने वाले टैक्स का हिस्सा काफी बढ़ गया है। कारपोरेट्स द्वारा भुगतान किए जाने वाले टैक्स का हिस्सा कम हो गया है। ऐसा होना एक प्रगतिशील टैक्स नीति के बिल्कुल विपरीत है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि नोट बंदी और जीएसटी के माध्यम से टैक्स बेस बढ़ाने के बड़े-बड़े दावों के बावजूद पिछले दशक में भारत की जीडीपी में कुल कर नहीं बढ़ा है। ऐसा होने से व्यय में वृद्धि होने की बहुत कम गुंजाइश बची है।

# वनअर्थ फाउंडेशन ने अर्थ डे 2024 के अवसर पर अंडर प्रिविलेज्ड क्षेत्र के एक विशेष स्कूल को प्लास्टिक वेस्ट को रिसायकल किए हुए टेबल और बेंच दान किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अर्थ** डे 2024 को मनाने और स्वच्छ वातावरण में योगदान देने के लिए, वनअर्थ फाउंडेशन ने 30-दिवसीय ड्राइव अगेंस्ट प्लास्टिक पॉल्यूशन (डीएपीपी) अभियान के दौरान एकत्र किए गए लो वैल्यू प्लास्टिक वेस्ट से रिसायकल किए हुए स्टडी टेबल और बेंच ओल्ड गोवा के एक अंडर प्रिविलेज्ड क्षेत्र के एक विशेष



अवसर कम हैं। फाउंडेशन का लक्ष्य है, कि ये कम्युनिटीज को पर्यावरण संरक्षण के लिए नॉलेज और टूल्स के साथ सशक्त करने के लिए एंगेजिंग क्लाइमेट एजुकेशन वर्कशॉप्स और प्रोग्राम्स प्रदान करना। वनअर्थ फाउंडेशन के फाउंडर फर्डिना सिल्वेस्टर ने कहा, "हम जागरूक कम्युनिटीज और होलिस्टिक सिस्टम की पावर में विश्वास करते हैं, जो हमारे हर एक्शन में दिखता है। आज हम इन यंग

स्कूल को दान किए। प्लास्टिक पॉल्यूशन से निपटने और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में 59 वर्कशॉप और क्लीनअप ड्राइव के द्वारा 1300 से अधिक लोगों और छात्रों को जागरूक किया गया। इस दौरान गोवा कोस्ट लाइन के साथ 120 किमी की दूरी तय की गई और 1.4 टन कचरा एकत्र किया गया।

वनअर्थ फाउंडेशन की यह पहल केवल एक प्रतीकात्मक भाव नहीं है, बल्कि उनके मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। यह कचरे को सस्टेनेबल तरीके से मैनेज कर के पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक समाज बनाने में विश्वास रखते है। आने वाले समय में वनअर्थ फाउंडेशन का फोकस सरकारी स्कूलों, डिफरेंटली एबल्ड स्कूल्स, और अंडर प्रिविलेज्ड इंस्टीट्यूशन्स पर है, जिनके पास रिसोर्सेस और

बच्चों को लो वैल्यू प्लास्टिक वेस्ट से बने स्टडी टेबल और बेंच देकर अपने कंट्रिब्यूशन पर गर्व महसूस करते हैं। अगर हमने ये प्लास्टिक वेस्ट क्लीनअप ड्राइव के दौरान इकट्ठा नहीं किया होता, तो ये सब लैंडफिल्स या समुद्र में चला जाता। इन बच्चों ने अपनी जिंदगी में वेस्ट (कचरे) के प्रभाव को समझा और अब वे वेस्ट को एक्टिवली अलग करने की तरफ बढ़ गए हैं, जबकि पहले उनके स्कूल में एक बेसिक डस्टबिन भी नहीं था। यह जानकर हमें बेहद खुशी होती है, कि हमारी ऑर्गनाइजेशन ने उनकी जिंदगी में सचमुच एक सकारात्मक बदलाव किया है। आने वाले समय में हमारे फोकस एरिया में रीसाइक्लिंग के जरिए सर्कुलर मॉडल का इम्प्लीमेंटेशन, क्लाइमेट रेसिलिएंस पर युवाओं को शिक्षित करना, मैंग्रोव पुनर्स्थापन को बढ़ावा देना।

# ट्रूकॉलर एवं गुरुग्राम पुलिस डिजिटल संचार में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**डिजिटल** संचार में सुरक्षा को बेहतर बनाने, साइबर अपराध से निपटने और नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, गुरुग्राम पुलिस ने कॉलर आई.डी. और स्पैम ब्लॉकिंग के विश्वस्तरीय ऐप, ट्रूकॉलर के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। है। श्री विकास कुमार अरोड़ा, आई.पी.एस., पुलिस आयुक्त की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। डिजिटल क्षेत्र में बढ़ती हुई धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ सक्रियतापूर्ण उपायों के द्वारा, यह साझेदारी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित साइबरस्पेस स्थापित करने की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने का उद्देश्य रखती है।

इस साझेदारी में साइबर धोखाधड़ी को रोकथाम करने और ऑनलाइन क्षतियों की जानकारी प्रदान करने के बारे में नागरिकों को




शिक्षित करने के लिए गुरुग्राम पुलिस के साथ साझेदारी में ट्रूकॉलर के नेतृत्व में आयोजित किए जानेवाले साइबरवाइज प्रशिक्षण सत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रूकॉलर ने प्रतिरूपण के माध्यम से की जाने वाली धोखाधड़ी से निपटने के लिए सत्यापित पुलिस संपर्क नम्बरों को शामिल करके, गुरुग्राम में अपनी सरकारी डायरेक्टरी सेवाओं का विस्तार किया है। यह समाकलन उपयोगकर्ताओं को सत्यापित नम्बरों को आसानी से पहचानने में सक्षम बनायेगा, जिससे प्रतिरूपण से संबंधित घोटालों का शिकार होने का जोखिम कम हो जाएगा। ऑनलाइन सुरक्षा की जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए, ट्रूकॉलर और गुरुग्राम पुलिस पूरे राज्य में इस पहल का विस्तार करेगी और हरियाणा पुलिस की एक गैर-लाभकारी प्रयास, 'उत्कृष्ट सोसाइटी फॉर सेफ्टी' में सहयोग प्रदान करेगी। ट्रूकॉलर संचार में सुरक्षा को बढ़ावा देने और स्पैम और धोखाधड़ी से निपटने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है, इस प्रकार एक सुरक्षित डिजिटल परिवेश स्थापित करने में योगदान देता है। इस साझेदारी पर अपने विचार प्रकट करते हुए, पुलिस आयुक्त, गुरुग्राम, श्री सिद्धांत जैन, पुलिस उपायुक्त (साइबर स्टाफ), दक्षिण गुरुग्राम ने कहा, "गुरुग्राम पुलिस सक्रिय रूप से साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने और नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

# भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने पर रेरा ने बिल्डर पर ठोंका 50 लाख का जुर्माना

## प्राधिकरण ने 2 मार्च को प्रकाशित विज्ञापन पर प्रमोटर को नोटिस भेज जवाब मांगा था

## प्रमोटर प्राधिकरण के रिकॉर्ड में संशोधित लेआउट के अनुसार पंजीकरण विवरण में संशोधन करने में रहा विफल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा) गुरुग्राम ने समाचार पत्र में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए शहर स्थित रियल एस्टेट प्रमोटर कंट्री वाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण ने 2 मार्च को प्रकाशित विज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए प्रमोटर को कारण बताओ नोटिस भेजकर जवाब मांगा था।

प्राधिकरण ने पाया कि रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 11(2) और 13(1) के तहत अनिवार्य प्रावधानों के बावजूद प्रमोटर ने विज्ञापन में विवरण का उचित तरीके से वर्णन नहीं किया, जो कि एक दंडनीय अपराध है। यह स्पष्ट रूप से स्थापित है कि प्रमोटर (कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) संभावित आवंटियों को सूचित विकल्प चुनने में भ्रमित करने के लिए एक भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने में शामिल है। इसलिए, प्राधिकरण अधिनियम 2016 की धारा 61 के तहत 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाता है, आदेश में कहा गया है।

दो पूर्ण रंगीन विज्ञापनों के अवलोकन से पता चलता है कि एक पूर्ण पृष्ठ में एक बगीचे/पार्क (सपनों का बगीचा) की तस्वीर है। दूसरे पृष्ठ पर एक क्लब की तस्वीर प्रदर्शित है, जो परियोजना का हिस्सा नहीं है।

रेरा का प्रतीक चिह्न।

बाकी विज्ञापन में उपलब्ध सुविधाएं दिखाई गई हैं, जो स्पष्ट रूप से स्क्रैश कोर्ट, अत्याधुनिक क्लब हाउस, कवर्ड पूल और स्पा, आउटडोर लाइब्रेरी, कायाकल्प करने वाली मूर्तिकला चट्टानों, कॉफी लाउंज काउंटर आदि जैसी परियोजना का हिस्सा नहीं हैं। यह सब भ्रामक है, आदेश ने कहा।

कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड 2021 में रेरा पंजीकरण प्राप्त करने के बाद दीन दयाल जन आवास योजना अफोर्डेबल प्लॉटेड हाउसिंग पॉलिसी 2016 के तहत सेक्टर 70-ए में एक किफायती प्लॉटेड कॉलोनी ग्रीन ओक्स विकसित कर रहा है।

यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि प्रमोटर ने संभावित निवेशक को यह विश्वास दिलाने के लिए आकर्षक छवियां दिखाने के लिए डीडीजेएवाई प्लॉटेड कॉलोनी के लिए एक भ्रामक विज्ञापन जारी किया है कि परियोजना में क्लब हाउस और ऐसी सुविधाएं शामिल हैं, जो परियोजना में मौजूद नहीं हैं। परियोजना के वास्तविक लेआउट या साइट योजना का कोई विवरण, जानकारी या दृश्य संभावित आवंटी को परियोजना में निवेश करने का निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए प्रदान नहीं किया गया है।

इसके अलावा प्रमोटर प्राधिकरण के रिकॉर्ड में संशोधित लेआउट के अनुसार पंजीकरण विवरण में संशोधन करने में विफल रहा है, जो 2021 में अनुमोदित लेआउट योजना को दर्शाता है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि परियोजना 2021 में लॉन्च की गई थी और लेआउट योजना थी 2023 में संशोधित।

# इस पृथ्वी दिवस पर सेल्स फोर्स इंडिया सस्टेनेबल भविष्य के लिए इनोवेशन लेकर आ रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सीआरएम** सॉल्यूशंस में ग्लोबल लीडर, सेल्सफोर्स ने इस पृथ्वी दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र की पाँच एजेंसियों-संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र युवा कार्यालय, खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र, और डिजिटल जन सामग्री गठबंधन के सहयोग से जलवायु पर केंद्रित इनोवेशन हैकथॉन की श्रृंखला 'रिबूट द अर्थ' पेश की है। हैदराबाद में आयोजित इस हैकथॉन का उद्देश्य युवा कंप्यूटर प्रोग्राम्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स, आर्किटेक्ट्स, सेल्सफोर्स के परिवेश से परिचित लोगों, वैज्ञानिकों एवं अन्य इच्छुक लोगों को साथ लाना है ताकि जलवायु के मौजूदा संकट से निपटने के लिए समाधानों का विकास हो सके। सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित रहते हुए सेल्सफोर्स ने हाल ही में जलवायु



परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए इंडिया सीएसआर ग्रांट्स के अंतर्गत विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। पिछले साल वनीकरण की परियोजनाओं द्वारा आज तक 4 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। कुछ मुख्य अभियानों में शामिल हैं:

**मल्लिगावद फाउंडेशन प्रोजेक्ट :** मल्लिगावद फाउंडेशन प्रोजेक्ट हैदराबाद में एक 17 एकड़ की स्थानीय झील, रेगुला कुंटा पर चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य झील में पानी धारण करने की क्षमता बढ़ाना और समुदाय एवं पर्यावरण में सुधार के लिए प्राकृतिक सीवेज ट्रीटमेंट की विधियों का क्रियान्वयन करना है। इस निवेश से हैदराबाद में मियावाकी विधि द्वारा 6,000 स्थानीय प्रजातियों के पौधारोपण में भी मदद मिली है। इस अभियान से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।

**मियावाकी वनीकरण प्रोजेक्ट :** घोलाई नगर, ठाणे में वनीकरण प्रोजेक्ट द्वारा हरित यात्रा के साथ एक पूर्व डंपयार्ड को हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया गया और मियावाकी विधि द्वारा यहाँ 3.5 एकड़ भूमि में 33,334 पौधे लगाए गए।

# रियलमी ने 15,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में सेगमेंट में सबसे अच्छी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के साथ रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की, साथ ही रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स क्रमश: 17,999 रुपये और 1499 रुपये में पेश किए

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**भारत** के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन-रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा।

नई रियलमी पी सीरीज 5जी "परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ" होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है,




जो यूजर्स को मोहित कर देगा। रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120हर्ट्ज एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000mAh की शक्तिशाली बैटरी दी गई है। जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 कैमरा, 120हर्ट्ज कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000mAh की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, "हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे।

# गुरुग्राम पुलिस अब ट्रूकॉलर के जरिये साइबर ठगों पर कसेगी शिकंजा

## नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा जागरुकता बढ़ाने के लिए उठाया कदम

## अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल करके ठगी करने वालों पर भी कसेगी लगाम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के साथ साइबर सुरक्षा को लेकर एमओयू साइन के बाद फाइल सांझा करती ट्रूकॉलर की पब्लिक अफेयर मैनेजर कुमारी हरिती चड्ढा।

**साइबर** अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने तकनीकी रूप से खुद को सक्षम कर रखा है। इससे एक कदम आगे और बढ़ाते हुए पुलिस ने अब वैश्विक कॉलर आईडी और स्पैम ब्लॉकिंग एप ट्रूकॉलर के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत साइबर अपराधों को प्राथमिक स्तर पर ही रोकने और अधिकारियों के नाम पर ठगों द्वारा किए जाने वाले अपराधों पर लगाम लगाई जाएगी।

गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा और ट्रूकॉलर की पब्लिक अफेयर मैनेजर कुमारी हरिती चड्ढा के बीच मंगलवार को सीपी कार्यालय में ही इस करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी डिजिटल स्पेस में विकसित हो रहे धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ सक्रिय उपायों के माध्यम से नागरिकों के लिए एक सुरक्षित साईबर स्पेस स्थापित करने की दिशा में सामूहिक रूप से काम करेगी। गुरुग्राम पुलिस व ट्रूकॉलर आपसी सहयोग से साईबर धोखाधड़ी को रोकने और ऑनलाईन नुकसान की रिपोर्ट करने के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए साईबरवाइज प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। इसके अलावा ट्रूकॉलर ने पुलिस अधिकारियों के नाम पर धोखाधड़ी से निपटने के लिए सत्यापित पुलिस संपर्क नंबरों को शामिल करके गुरुग्राम में अपनी सरकारी निर्देशिका सेवाओं का विस्तार किया है। जिससे उपयोगकर्ताओं को सत्यापित नंबरों को आसानी से पहचानने में मदद मिलेगी और पुलिस अधिकारियों के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार होने का जोखिम कम हो जाएगा।

**साइबर धोखाधड़ी से मासिक 40 करोड़ का नुकसान :** इस साझेदारी पर अपने विचार सांझा करते हुए पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध व दक्षिण सिद्धांत जैन ने कहा कि गुरुग्राम पुलिस साईबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को ऑनलाईन सुरक्षित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। साईबर धोखाधड़ी की वर्तमान चुनौतियां चिंताजनक हैं। क्योंकि गुरुग्राम पुलिस को प्रतिदिन लगभग 100-120 शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिसमें साईबर धोखाधड़ी के कारण औसतन मासिक नुकसान 40 करोड़ है। इससे निपटने के लिए ट्रूकॉलर के साथ गुरुग्राम पुलिस के सहयोगी प्रयासों का उद्देश्य ट्रूकॉलर की सरकारी निर्देशिका सेवाओं के माध्यम से आधिकारिक नंबरों को सत्यापित करके गुरुग्राम पुलिस अधिकारियों के नाम पर धोखाधड़ी को कम करना है। हमारा मिशन साईबर सुरक्षा प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से नागरिकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। ट्रूकॉलर इंडिया के मुख्य उत्पाद अधिकारी और प्रबंधक निदेशक ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि ट्रूकॉलर ऑनलाईन धोखाधड़ी को रोकने और नागरिकों की साईबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सरकार के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नप की निष्क्रियता के चलते शहर में जाम की समस्या ने लोगों को किया बेहाल



सोहना के नागरिक अस्पताल मार्ग पर लगा जाम।

> “ **परिषद** द्वारा टोइंग वन खरीद की योजना उनकी संज्ञान में नहीं है। आचार संहिता सामाप्त के बाद ही इस योजना पर प्रस्ताव सदन में पारित कराने पर ही समाधान हो सकता है।
> **( सुमन लता-कार्यकारी अधिकारी नप )**

**सोहना।** शहर की सड़कों से लेकर बाजारों में अवैध पार्किंग से लेकर अतिक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे शहर में आम रास्तों से लेकर बाजार में यातायात जाम की समस्या विकराल रुप लेने लगी है। जिससे पैदल चलने वालों को भी यातायात जाम परेशानी दे रहा हैं।

नगर परिषद प्रशासन पिछले करीब दो साल से शहर में जाम की समस्या का कारण बनी अवैध पार्किंग का समाधान के लिए टोइंगवन खरीदने की योजना बनाई थी। ताकि पुलिस के साथ मिलकर शहर की सड़कों से लेकर बाजार व चौक-चुराहे पर अवैध पार्किंग से खड़े होने वाले वाहनों का चालान काटने के साथ-साथ इंपाउंड किया जाए। जिससे शहर की सड़कों पर अवैध पार्किंग की समस्या का समाधान हो सके। लेकिन बीते दो साल में नगर परिषद टोइंग वन नहीं खरीद सका है। जिसके चलते शहर में जाम की समस्या दिन प्रति दिन विकराल रुप लेती जा रही है। शहर में यातायात जाम से वाहना चालक या सवार नहीं, पैदल चलने वाले लोग भी परेशान है।

**कहां-कहां लगते हैं जाम :** शहर के नागरिक अस्पताल मार्ग, फव्वारा चौक, बस स्टैंड मार्ग, गुरुद्वारा के निकट, पुराना लेबर चौक, पुराना अलवर मार्ग, शहर थाना मोड़, महाराजा अग्रसैन चौक, नगर परिषद कार्यालय के समीप आदि स्थानों पर जाम की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है।

**अवैध पार्किंग के कटे चालान :** शहरवासी अवैध पाक्रिंग से खड़े होने वाले वाहनों के नगर परिषद प्रशासन पुलिस के साथ मिलकर चालान कटवाए। रोज अवेध पार्किंग के चलान कटने से लोग शहर के अधिक भीड़-भाड़ वाले बाजारों में अपना वाहन लेकर आने से रुक सकते है। पुलिस अवैध पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों के चालान काट सकती है।

# संक्षिप्त समाचार

## हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ युवा कांग्रेस नेता



**तावडू।** नगर के सभी हनुमान मंदिरों में मंगलवार को 26वा हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर की श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के छोटे भाई एवं पीसीसी सदस्य पंकज भारद्वाज भी शोभायात्रा और कार्यक्रम में शामिल हुए। जिन्होंने ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कहा की संकट मोचन हनुमान भगवान शिव का अवतार होने के साथ-साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के अनन्य भक्त थे। हनुमान बाबा का केवल नाम मात्र लेने से मनुष्य सभी प्रकार के संकट,कष्ट से दोष मुक्त हो जाता है। इस मौके पर उन्होंने नगर की श्री हनुमान सेवा समिति को 11 हजार रुपए सहयोग राशि भेंट की। इसके अलावा वह गांव जोरासी में भी पहुंचे। जहां पर भंडारे में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता वीर सिंह खटाना, राजेश सेहरावत, खजान सिंह,अनिल, पूर्व सरपंच धर्मपाल, महावीर,पलटू राम, प्रदीप धारीवाल, चेतन राजवीर धर्म बहादुर, पंकज मंगला,भोलू सेन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## भाजपा विधि जिला संयोजक ने अपनी टीम गठित की



**फिरोजपुर झिरका।** भाजपा जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ हेमंत आहूजा एडवोकेट ने अपने 24 भाजपा के कार्यकर्ताओं की टीम तैयार कर ली है जिला मीडिया प्रभारी कुणाल बंसल एडवोकेट ने बताया कि आठ कार्यकर्ताओं को जिला सह संयोजक को जिम्मेदारी दी है तीन भाजपा कार्यकर्ताओं को जिला सह प्रमुख मीडिया की जिम्मेदारी सौंप गई है एक भाजपा कार्यकर्ता को जिला प्रमुख आईटी की जिम्मेदारी दी गई है 6 भाजपा कार्यकर्ताओं को जिला सह प्रमुख आईटी की जिम्मेदारी सौपी गई है तथा पांच कार्यकर्ताओं को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है एडवोकेट हेमंत आहूजा ने कहा कि यह सभी कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि टीम का हर सदस्य घर-घर जाकर भाजपा की पेंशन योजना विकलांग योजना लडली योजना सुकन्या योजना विवाह शगुन योजना और जितने भी भाजपा की योजनाएं हैं सब के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे जिला संयोजक ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की परेशानी के लिए कानूनी सलाह मुफ्त प्रदान की जाएगी। हेमंत एडवोकेट ने बताया कि कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कार्य करने को कहा जाएगा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन और सरकार के तालमेल के दम पर पुन: देश में ही नहीं प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगीं।

## तावडू में उत्साह के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**तावडू।** नगर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान नगर में ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकली। नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में सुंदर कांड का पाठ कर महा आरती की गई। सभी मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान हनुमान की मूर्ति पर चोला चढ़ाया तो कई जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। नगर में शोभायात्रा की शुरुआत पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला से हुई जो रेवाड़ी रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर ,बावला चौक से बाजार होते हुए जाट चौक पहुंची। इसके बाद पटौदी चौक, विजय चौक व लखपत चौक होते हुए शोभायात्रा का समापन हुआ। इस मौके हैफेड चैयरमेन राजेश सहरावत, महेंद्र गोयल, बीजेपी युवा नेता धर्मेंद्र भारद्वाज, सहित युवाओं ने यात्रा में ध्वज लहराते हुए उत्साह दिखाया। शोभायात्रा के पीछे बड़ी संख्या में महिलाएं भी भजन गाती हुई दिखाई दी। नगर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान शहर थाना पुलिस की व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रही।

## आफताब अहमद ने जन स्वास्थ्य अधिकारियों से पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा



**नूंह।** नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को जन स्वास्थ्य विभाग के रैनिवेल विभाग के एस ई कृष्ण दहिया तथा एक्शन प्रदीप कुमार एक्सएन दीपेन्द्र सहित अन्य अधिकारियों से इलाके में पीने के पानी की आपूर्ति दुरुस्त करने को कहा है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि किसी भी गांव में पानी की आपूर्ति बाधित ना हो और भीषण गर्मी में किसी प्रकार की परेशानी लोगों को ना हो। विधायक ने नूंह शहर, मेवली, छावा, निदामपुर, देवला नंगली, आंकेडा, मालब, कोटला, अड़बर, जोगीपुर, निदामपुर, फिरोजपुर नमक, सालाहेड़ी, बारोटा, सतपुतियाका, हुसैनपुर, टांई, घासेड़ा, बैंसी, रानिका, उदाका, नवाबगंड, बझेड़ा, हिलालपुर, बड़ेलाकी, राउका, खानपुर, सहित कई अन्य गांवों में पीने के पानी की आपूर्ति करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने विधायक को आश्वास्त किया कि प्राथमिकता पर पानी आपूर्ति सुचारु की जाएगी। आफताब अहमद ने अधिकारियों से मालाब व घासेड़ा महाग्राम परियोजना के कार्य के बारे में बात की और कहा कि बड़े गांवों में पानी आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए और इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाए। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिकता पर पानी आपूर्ति हो जिससे गांवों में कोई परेशानी पेश ना आये। उन्होंने नूरपुर ट्यूबवेल योजना को जल्द मुकम्मल करने के लिए कहा ताकि मालब, आंकेड़ा, बाई, मेवली जैसे दर्जनों गाँवों में पानी आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# मोबाइल एप के माध्यम से मतदाता घर ले पा सकते हैं चुनाव संबंधी लेटेस्ट अपडेट

**नूंह।** हरियाणा के मतदाताओं की सुविधा के लिए 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 साल का कोई भी युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी से एक ऐप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस ऐप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर धर्मप्रेमियों ने किए भंडारे



हनुमान जी महाराज का अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार।



पंगत में बैठकर भंडारे प्रसाद का आनंद लेते श्रद्धालु।

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

## हनुमान जी महाराज का किया गया अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार

**मंगलवार** को श्री राम भक्त शिरोमणि एवं संकट मोचन हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सुबह के वक्त अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न मंदिरों में स्थित हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर लाल एवं केसरिया रंग का सिंदूर (चोला) घी के साथ चढ़ाया और अगरबत्ती, धूपबत्ती एवं ज्योतबत्ती आदि प्रज्वलित किए गए। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड, बजरंग बाण का पाठ किया और भगवान श्री राम की भी स्तुति कर मनोवांछित फल की कामना की।

हनुमान जी महाराज को रिझाने के लिए बूंदी के लड्डू एवं गुलदानें का भोग लगाया गया और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। श्री हनुमान महोत्सव के उपलक्ष्य पर सिविल लाइंस रोड़ सीताराम बगीची, तिजारा रोड़ स्थित आला घाटी ग्यारह मुखी एवं बाईस भुजी हनुमान मंदिर एवं मालीवाड़ा राधाकृष्ण मंदिर में भंडारे प्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत लगाकर भंडारे प्रसाद को ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। धार्मिक दिवस के चलते शहर के अधिकांश श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज के व्रत आदि रखकर धर्मलाभ उठाया ताकि हनुमान जी महाराज की कृपा सदैव उनके भक्तों पर बनी रहे।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहयोगी बने : नायब सैनी

## गुरुग्राम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की इकॉनोमी को मजबूत बनाने के लिए मिशन मोड पर काम किया है। देश को लचर-पचर व्यवस्था से बाहर निकालकर पांचवें स्थान पर खड़ा किया है। 10 सालों में 18 हजार गांवों को बिजली देकर जगमग करने का काम किया है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनेकों योजनाएं चलाई हैं, जिसका परिणाम है कि 100 से ज्यादा यूनीकॉन और 1 लाख से अधिक स्टार्टअप खड़े हुए है। सीएम श्री सैनी मंगलवार को गुरुग्राम में एनएच कन्वेंशन सेंटर में हार्दिक धीमान फाउंडेशन के संस्थापक हार्दिक धीमान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश भर से आए इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबरों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबरों से सकारात्मकता से काम करते हुए देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।

नायब सैनी ने कहा कि 10 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने एक नई दिशा और दशा तय की है। देश के आजाद होने के बाद सभी ने अपनी श्रद्धा व ताकत के हिसाब से देश को आगे बढ़ाया है, लेकिन इन 10 सालों में जितनी तेज गति से देश का विकास हुआ है इसकी चर्चा हर व्यक्ति करता है। नायब सैनी ने कहा कि भारत की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाला देश बनने के पीछे भी एक बड़ी पिक्चर है जिसको समझना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ईमानदारी से देश को आगे बढ़ाया है। देश की समस्याओं का समाधान किया है। लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता के तौर पर पूरा किया गया है। जिन-जिन समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं उनको प्रधानमंत्री ने नजदीक से समझा है और समाधान किया राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और भारत के युवाओं का हर जगह डंका बज रहा है। अमेरिका जैसे बड़े-बड़े देशों में हमारे युवा ही डाक्टर, इंजीनियर के रूप में नजर आएंगे। श्री गोयल ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य होते हुए भी यहां के युवा अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारत ही नहीं दुनिया में मिलिनियम सिटी होने का टैग गुरुग्राम पर है। सबसे बड़ा टैक्निकल हब गुरुग्राम है। युवा का मतलब समझात हुए असीम गोयल ने कहा कि जो युग को बदल दें वही युवा है।

राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का उज्जवल भविष्य है। प्रधानमंत्री मोदी भी युवाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी हर समय युवाओं की बात करते हैं। जहां तक युवाओं का जनप्रतिनिधित्व देने की बात है तो उस पर डा. भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधन में 25 वर्ष की आयु ही तय की गई है। श्री पंवार ने कहा कि बाबा साहब के मिशन को प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे हैं। इस मौके पर मनीष जैन, दिलराज सिंह रावत, तेजस तिजारा, बिल गेट्स फेम डाला की टपरी, हिमानी परासर, हसन, दुष्यंत कुकरेजा आदि मौजूद थे।

# पानी भरने को लेकर हुए विवाद में 18 नामजद

**तावडू।** उपमंडल के गांव घुसपैठी में एक सरकारी नलकूप से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में सदर थाना पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर 18 नामजद सहित अन्य के विरुद्ध केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। विवाद को लेकर हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए थे। विशेष समुदाय के लोगों पर दलित समुदाय के लोगों को जाति सूचक शब्द प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप है। सेहसोला पट्टी घुसपैठी की रहने वाली महिला रजनी ने बताया कि 17 अप्रैल शाम 8ः00 बजे के करीब परिवार की महिलाएं पंचायती नलकूप से पानी भरने के लिए गई थी।जहां पर मौजूद दबंगों ने पहले तो पानी भरने से रोका।फिर सभी बर्तन फेंक दिए। इस दौरान जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि दबंगों ने लाठी डंडा फरसा आदि हथियारों से हमला किया। घर में पहुंच जमकर तोड़फोड़ करने के साथ साथ वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शोर शराबा की आवाज सुनकर ग्रामीण मोके पर पहुंचे। जिन्होंने किसी तरह हमलावरों से बचाया। हमले के दौरान परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। जिन्हें तावडू सीएचसी लाया गया।जहां से अन्य अस्पताल के लिए रेफर किया गया। हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस मामले सदर थाना पुलिस ने 18 नामजद सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# लोकतंत्र की अनूठी शान की प्रतीक, उंगली पर नीली लकीर

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) के तहत जिला में मतदाता जागरुकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लोकतंत्र का पर्व-देश का गर्व मुहिम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव का पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें हर एक मतदाता शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती की नींव रखता है। चुनाव का रंग भी सिर्फ उंगली पर निशान मात्र नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की अनूठी शान का प्रतीक भी है। विविधताओं से भरे अद्भुत राष्ट्र को एक रंग से जोडने और सभी का इसमें समावेश करने वाले चुनाव के इस पर्व पर देश को गर्व है।

**विभाग अपने-अपने स्तर पर कर रहे मतदाताओं को जागरुक:** जिला प्रशासन द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लेक्स लगवाए जा रहे हैं तथा सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए गए हैं। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों, पार्कों व बूथों पर भी सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा जिला रेडक्रॉस सोसायटी व अन्य विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित कैंपों में युवाओं को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में विद्यार्थियों को मजबूत लोकतंत्र में मतदान की भूमिका के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि वे अपने अभिभावकों व पड़ोसियों को मतदान का महत्व बताएं। इसके अलावा पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालयों में युवा मतदाताओं विशेषकर फस्ट टाइम वोटर में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत 1950 पर दे सकते हैं नागरिक :** लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत मिलती है तो नागरिक किसी भी समय इसकी सूचना कंट्रोल रुम नंबर 1950 पर दे सकते हैं। इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रुम नंबर नूंह के नंबर 01267-274755 /274620 /8930900981 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

पायनियर क्लासीफाइड

LOST & FOUND

I, Manjit Yadav W/o Rakesh Kumar R/o Flat No L-903, BPTP Park Grandeura Sector-82, Faridabad have lost my Original payment Receipt Unit No HFSK/ Ground/ IH Project Hi Fun Showroom Kiosk Receipt No-1770355 dated 28-Oct-2020, Rs 100000. If found pl contact 9871649898

नोटिस

मैं गुरमीत ग्रोवर पुत्र स्व. श्री खेम चंद ग्रोवर निवासी मकान नं0 3-डी/48 बी.पी. एन. आई. टी. फरीदाबाद बयान करत हूं कि मेरे पिताजी श्री खेम चंद ग्रोवर पुत्र स्व. जसवंत राम ग्रोवर की मृत्यु 19.12.2023 को हो चुका है व मेरी माताजी केलाश कुमारी ग्रोवर पत्नी स्व. श्री खेम चंद ग्रोवर की भी मृत्यु 20.05.2008 को हो चुकी है। इन दोनो की मृत्यु के बाद इनके निम्न वारिसान है 1. श्रीमति कपिला तनेजा (पुत्री) 2.श्रीमति शिल्पा विरमानी (पुत्री) 3. श्रीमति बीनू रत्रा (पुत्री) 4. श्री गुरमीत ग्रोवर (पुत्र) इनके अलावा कोई अन्य वारसान नहीं हैं। अब हम तीनों बहने कपिला तनेजा, शिल्पा विरमानी और बीनू रत्रा अपनी मर्जी से अपना हिस्सा अपने भाई गुरमीत ग्रोवर के नाम करवा रहे हैं। अगर किसी को आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अंदर संपर्क करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# नए कानून
## अच्छी शुरुआत

**भारत के प्रधान न्यायाधीश**–सीजेआई ने उम्मीद जताई है कि नए अपराध न्याय कानून सालों से लंबित मामले तेजी से निपटाने में सहायक सिद्ध होंगे। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने नए अपराध न्याय कानून लागू करने की प्रशंसा करते हुए इसे देश की न्यायपालिका के लिए उल्लेखनीय अवसर बताया है। न्यायपालिका देश के कानूनी परिदृश्य को स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। ऐसे में सीजेआई द्वारा नए कानूनों पर सहमति इन विधायी उपायों के भारतीय समाज पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रभावों की पुष्टि करती है। अपराध न्याय कानूनों में हालिया संशोधनों से अपराध, दंड व पुनर्वास संबंधी विधिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन होगा। सुनवाई जल्दी करने, पीड़ित की सुरक्षा बढ़ाने तथा सभी संबंधित पक्षों के साथ न्यायोचित व्यवहार सुनिश्चित करने पर केन्द्रित ये कानून आदिमकालीन व्यवहारों से पूर्ण अलगाव हैं। इनसे ज्यादा समतापूर्ण व सक्षम ढांचा सुनिश्चित होता है। नए कानूनों का एक प्रमुख पक्ष मामलों की तेजी से सुनवाई है। 'देर में न्याय' भारत में लंबे समय से चिन्ता का विषय रहा है जिसके चलते मामले सालों तक अदालतों में लंबित रहते हैं। कभी-कभी सुनवाई की प्रतीक्षा में लोग दोषी पाए जाने और सजा मिलने की तुलना में जेल में ज्यादा समय बंद रहते हैं। यह स्थिति यदि दशकों नहीं तो भी सालों तक खिंच सकती है। दिसंबर, 2022 में भारतीय जेलों में 4,34,302 विचाराधीन कैदी थे जो जेलों में बंदियों की कुल संख्या का 75.8 प्रतिशत है।



नए अपराध न्याय कानून इस स्थिति को ठीक कर सकते हैं। प्रक्रियाओं को गतिशील बना कर तथा सुनवाई के लिए कठोर समयसीमा निर्धारित कर ये संशोधन समस्या से निपटने का प्रयास कर यह सुनिश्चित करेंगे कि न्याय तेजी से और सबकी पहुंच में हो। पीड़ितों की सुरक्षा पर जोर देना एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्सर अपराध के शिकार लोग कानूनी प्रक्रिया में स्वयं को हाशियाकृत पाते हैं, जिससे उनको उत्पीड़न, अपमान तथा लंबे समय तक आघात का सामना करना पड़ता है। नए कानूनों में उनके अधिकारों की सुरक्षा के प्राविधान हैं जिसमें विधिक सहायता प्रदान करना, कौसिंलिंग सेवायें देना तथा गरिमा व दृढ़ता के साथ न्यायिक व्यवस्था में अन्य सहायता शामिल है। इसके साथ ही सुधारों में 'कानून के समक्ष समानता' का सिद्धान्त रेखांकित किया गया है। इसके अंतर्गत सभी लोगों के प्रति न्यायोचित व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा, भले ही उनका सामाजिक दर्जा व पृष्ठभूमि कोई भी हो। पारदर्शिता, जवाबदेही व समुचित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कर ये संशोधन विधि व्यवस्था में जनता का विश्वास पैदा करना चाहते हैं। सीजेआई ने उचित ही इन विधायी संशोधनों की परिवर्तनकारी क्षमताओं पर जोर दिया है। इससे वे ज्यादा न्यायोचित व समतापूर्ण समाज बनाने में सहयोग कर सकेंगे। हालांकि, ये कानून लागू करना महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर उनकी सफलता अंतत: उनके क्रियान्वयन पर निर्भर है। प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों का उपयुक्त आबंटन तथा निरंतर निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि व्यवहार में लक्षित उद्देश्य प्राप्त किया जाए। हालांकि, वर्तमान विसंगतियां ठीक करने के लिए शुरुआत हुई है, पर समतापूर्ण अपराध न्याय की ओर यात्रा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें लगातार मूल्यांकन व सुधार जरूरी है। सामाजिक परिवर्तनों के साथ नई चुनौतियां उभरती हैं। अत: निरंतर परिवर्तन को स्वीकारने तथा उसके प्रति जिम्मेदारी प्रदर्शित करने की जरूरत है। इससे विधिक व्यवस्था की प्रभावशीलता तथा उसमें न्याय की भावना मजबूत होगी।

# मुफ्त बिजली के हानिकारक नतीजे

सबको बिजली सप्लाई तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा कर्ज से बचने के बीच विरोधाभास बना हुआ है, इससे निपटने के लिए नीतिगत परिवर्तन तथा ऊर्जा क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**केन्द्रीय ऊर्जा** मंत्री आरके सिंह ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया कि वे राज्यों से लगातार कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, 'यदि कोई राज्य उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को मुफ्त बिजली देना चाहे तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उसे इसके लिए भुगतान करना होगा।' आर.के. सिंह का यह कथन वर्तमान परिदृश्य में महत्वपूर्ण है जब अनेक राज्य कुछ उपभोक्ताओं मुफ्त बिजली देने की घोषणायें कर रहे हैं जिससे बिजली वितरण कंपनियों या डिस्काम की जीवन्तता प्रभावित होती है। वे बिजली पैदा करने वाली कंपनियों या जेन्कोस से बिजली खरीद कर उसे उपभोक्ताओं को सप्लाई करती हैं।

मंत्री का तर्क है, 'किसी भी अन्य वस्तु की तरह बिजली उत्पादन तथा उसके वितरण पर खर्च होता है और यदि कोई राज्य उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को मुफ्त बिजली देता है तो उसे जेन्कोस को भुगतान करना चाहिए। यदि जेन्कोस को भुगतान नहीं मिलता है तो बिजली का उत्पादन ही नहीं होगा, लेकिन बिजली उत्पादन से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसमें कोई कमी आर्थिक गतिविधि बंद कर सकती है। आने वाली गर्मियों में बढ़ी मांग पूरी करने के लिए केन्द्र सरकार ने बिजली कानून, 2003 की धारा 11 के अंतर्गत गैस-आधारित जेंकोस तथा आयातित कोल आधारित थर्मल प्लांटों को बिजली उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है, भले ही इसके लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़े। यह लगातार मांग बढ़ने की प्रतिक्रिया में किया गया निर्णय है। लेकिन जब जेन्कोस को भुगतान न किया जाए तो उत्पादन में भारी कटौती से कैसे बचा जा सकता है? इसलिए राज्यों को उनको भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। दबाव डालने पर संबंधित राज्य जेन्कोस को भुगतान के लिए पैसा उधार लेते हैं और 'कर्ज के जाल' में फंस जाते हैं। उदाहरण के लिए, 'आप' सरकार के पहले दो साल में पंजाब सरकार ने 47,000 करोड़ रुपया कर्ज लिया है जिससे पहले से ही भारी कर्ज के बोझ से लदे राज्य पर और बोझ बढ़ा है। ऐसे में सवाल है कि राज्य कर्ज के जाल से कैसे बच सकते हैं?

बिजली कानून, 2003 तथा इसके अंतर्गत ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार डिस्काम को उपभोक्ताओं को सप्लाई की जाने वाली बिजली पर टैरिफ इस प्रकार तय करना होता है कि उसकी बिक्री से मिलने वाली औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर सप्लाई की औसत लागत के बराबर हो। इसमें खरीद की लागत, पारेषण व वितरण या एसीएस शामिल है। डिस्काम इसे सुनिश्चित करने का तरीका निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं जिसे संबंधित राज्य बिजली नियामक आयोग-एसईआरसी को सहमति देनी होती है। आदर्श रूप से डिस्काम 'सभी' उपभोक्ताओं से सप्लाई की कुल लागत के बराबर टैरिफ तय करने को स्वतंत्र होती हैं जो इकाइयों की संख्या पर आधारित होता है। लेकिन वे इस सिद्धान्त का पालन नहीं करती हैं। वे कुछ उपभोक्ताओं, खासकर परिवारों-एचएच व किसानों से कम पैसा लेती हैं।

उदाहरण के लिए, दिल्ली में 200 यूनिट प्रति माह उपभोग करने वाले एचएच के लिए यह 3 रुपये प्रति यूनिट है जो एसीएस का लगभग आधा है। अनेक प्रकार की लेवी को शामिल कर यह 44.6 प्रतिशत हो जाता है और इस प्रकार प्रति यूनिट 4.3 रुपये की कमी आती है। 201 से 400 यूनिट उपभोग करने वाले एचएच के लिए यह 4.5 रुपये प्रति यूनिट है जिसका अर्थ प्रति यूनिट 1.5 रुपये का घाटा है। लेवी को शामिल करने के बाद यह 2.2 रुपये प्रति यूनिट हो जाता है। इस प्रकार होने वाले घाटे की प्रतिपूर्ति उद्योगों तथा बिजनेस अवस्थापनाओं से ज्यादा पैसा लेकर होती है जिनके लिए दर 16 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती है। इस प्रकार लक्षित उपभोक्ताओं से ली जाने वाली कम दरें राजनीतिक पार्टियों द्वारा दी जाने वाली 'खैरात' के सिवा कुछ और नहीं है, लेकिन यदि राज्य के खजाने से इस घाटे की प्रतिपूर्ति न हो तो कोई इस पर गौर नहीं करेगा। इसका खर्च उठाने वाले उद्योग कुछ बोल भी नहीं सकते हैं क्योंकि डिस्काम उनको बिजली सप्लाई करने वाली एकमात्र संस्थाये हैं और उनके पास कोई विकल्प नहीं है। लेकिन राजनीतिक पार्टियां लक्षित एचएच से यह मामूली धनराशि भी नहीं लेना चाहती हैं। दिल्ली में 'आप' सरकार ने डिस्काम से कहा है कि वे 200 यूनिट तक उपभोग करने वाले एचएच को कोई बिल न दें। इसी प्रकार पंजाब में एचएच द्वारा प्रति माह 300 यूनिट तक उपभोग मुफ्त है। इस प्रकार दिल्ली में 4.3 रुपये प्रति यूनिट घाटे की प्रतिपूर्ति राज्य द्वारा डिस्काम को करनी होगी। लेकिन अधिकांश राज्य यह प्रतिपूर्ति नहीं करती हैं अथवा काफी विलंब के बाद इसका आंशिक भुगतान करती हैं। इसके कारण डिस्काम को घाटा होता है। मुफ्त बिजली की उपलब्धता उपभोक्ताओं को हेराफेरी के लिए प्रेरित करती है। उदाहरणार्थ, पंजाब में 900 यूनिट प्रति माह उपभोग करने वाले एचएच ने तीन मीटर लगवा लिए हैं ताकि उपभोग को 300 यूनिट से नीचे रख कर कोई भुगतान न करना पड़े। बताया जाता है कि अमीर उपभोक्ताओं द्वारा भी भुगतान से बचने के लिए 1,00,000 से अधिक मीटरों के स्थान पर दो या तीन मीटर लगवाये गए हैं। जहां तक राज्य से मुफ्त बिजली पाने वाले किसानों का सवाल है, वे अपने घरों में कई एसी चला कर उसे खेती के खाते में डाल कर कोई भुगतान नहीं करते हैं। इसके परिणामस्वरूप वर्तमान समय में पंजाब में 95 प्रतिशत बिजली उपभोक्ता सस्ती बिजली पाते हैं और इसके बड़े हिस्से की प्रतिपूर्ति भी डिस्काम को नहीं की जाती है। डिस्काम के नुकसान का कारण एटीएंडसी नुकसान भी है जो सीधी भाषा में बिजली चोरी है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के अनुसार, एटीएंडसी नुकसान 27 प्रतिशत है। पंजाब में उत्पादित बिजली के बड़े हिस्से का कोई हिसाब-किताब ही नहीं है। डिस्काम ने इन घाटों के कारण बैकों तथा अन्य वित्तीय संस्थानों से कर्ज लिया है। वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में उनका कुल कर्ज 620,000 करोड़ रुपये था। जून, 2022 में उनको जेन्कोस तथा पारेषण कंपनियों-ट्रांसकोस को 1,40,000 करोड़ रुपये का भुगतान करना था।

केंद्र ने डिस्काम द्वारा बकाया कर्ज भुगतान के लिए अनेक कदम उठाए हैं। लेट पेमेंट सरचार्ज-एलपीएस नियमों के अंतर्गत डिस्काम को 3 जून, 2022 तक लंबित बकाया 12 ईएमआई में भुगतान करना था। इसके परिणामस्वरूप पुराना बकाया जून, 2022 में 1,40,000 करोड़ से घट कर जुलाई, 2023 में 70,000 करोड़ तथा वर्तमान समय में 40,000 करोड़ रह गया है। जुलाई, 2021 में लागू योजना के अंतर्गत केन्द्र ने बिजली सप्लाई की गुणवत्ता व विश्वसनीयता में सुधार के लिए 3,00,000 करोड़ रुपये का भारी निवेश किया है। इसका उद्देश्य डिस्काम की क्षमता बढ़ाना भी है। इसने पूरी ऊर्जा श्रृंखला में प्री-पेड स्मार्ट मीटरिंग आयामों को अनिवार्य किया है जिसमें लगभग 250 मिलियन परिवार भी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप एटीएंडसी नुकसान 2020-21 में 22.32 प्रतिशत की तुलना में 2022-23 में 13.5 प्रतिशत रह गया, लेकिन केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह के अनुसार आज भी 15 प्रतिशत बिजली चोरी होती है। इस बिजली पर डिस्काम को कोई पैसा नहीं मिलता है। लक्षित एचएच व किसानों द्वारा उपभोग की जाने वाली बिजली की प्रतिपूर्ति का वादा राज्य सरकारों ने किया था। लेकिन वे इसका पूरा भुगतान नहीं करती हैं और इसका आंशिक भुगतान भी बहुत विलंब से होता है। इस भुगतान के लिए भी राज्य सरकारों को कर्ज लेना पड़ता है। इस प्रकार कर्ज का दुष्चक्र चलता रहता है। जब तक डिस्काम को राज्यों के नियंत्रण से मुक्त कर उनको अपनी कीमतें तथा वितरण नीतियां तय करने का अवसर नहीं दिया जाएगा तब तक यह स्थिति बनी रहेगी। यदि राज्य कुछ एचएच व किसानों को मुफ्त बिजली देना चाहती हैं तो इसका भुगतान उनको सीधे उपभोक्ताओं को करना चाहिए। इससे बिजली वितरण का वि-नियमन होगा, उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकतायें पूरी करने के अनेक विकल्प मिलेंगे तथा बिजली दरों में कमी आएगी।

# राहुल गांधी को वायनाड ही रास आया!

> रिपोर्ट वायनाड के मतदाताओं के वर्गों से बात करने के बाद तैयार की गई थी, जो इस बात पर एकमत थे कि राहुल गांधी को वायनाड से ही चुनाव लड़ना चाहिए।

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



यहां तक कि जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उस लोकसभा क्षेत्र के बारे में आधी रात को तैयारी कर रही थी जहां से राहुल गांधी इस बार चुनाव लड़ेंगे, द पायनियर ने खबर दी है कि नेहरू-गांधी खानदान का वंशज वायनाड नहीं छोड़ेगा, जहां से वह भारी बहुमत से चुने गए थे। आम चुनाव के 2019 संस्करण में चार लाख वोट। यह रिपोर्ट वायनाड निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के विभिन्न वर्गों से बात करने के बाद तैयार की गई थी, जो इस बात पर एकमत थे कि राहुल गांधी को वायनाड से ही चुनाव लड़ना चाहिए।

जिन लोगों ने उनसे पूछे गए प्रश्नों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, उनमें कट्टर सीपीआई (एम) सदस्य और कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने यह बताया कि राहुल को 2019 के चुनाव की तुलना में बहुत बड़ा बहुमत दर्ज करना चाहिए क्योंकि प्रतिद्वंद्वी सीपीआई के एनी राजा और के सुरेंद्रन थे। बीजेपी का. सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा की पत्नी एनी ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को गलत तरीके से परेशान किया था और सीपीआई (एम) कैडर इसे एक बड़ा पाप मानते हैं। राजा ने भी सार्वजनिक रूप से विजयन की क्षमता पर सवाल उठाया था और इससे सीपीआई (एम) कार्यकर्ता नाराज हो गए थे।

यदि कांग्रेस या भाजपा नेताओं ने विजयन की आलोचना की होती, तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन सीपीआई ने लक्ष्मण रेखा (यह स्टालिनवादी रेखा हो सकती है क्योंकि कॉमरेड रामायण को स्वीकार नहीं करते हैं) पार कर ली है। सीपीआई (एम) के साथी निश्चित रूप से एनी राजा को राजनीति की कला में एक या दो सबक सिखाएंगे। सच तो यह है कि सीपीआई (एम) नेता चाहते थे कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ें ताकि सीपीआई को एक सीट का नुकसान हो जाए। भाजपा के केरल प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्रन को मैदान में उतारने का निर्णय बहुत बाद में किया गया। सुरेंद्रन खुद जानते हैं कि वह बड़े अंतर से हारेंगे, लेकिन



उन्हें पार्टी लाइन का पालन करना होगा। बीजेपी दफ्तर से खबर आ रही है कि जमानत जब्त होने पर भी उन्हें राज्यपाल पद दिया जा सकता है. केरल बीजेपी में राहुल गांधी और कांग्रेस के वर्चस्व को चुनौती देने के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं हैं. वायंड के मतदाताओं द्वारा यह सवाल पूछा जा रहा है कि कितने लोगों को 2019 में राहुल गांधी को चुनौती देने वालों के नाम याद हैं।

दिलचस्प बात यह है कि गांधी के वायनाड से नामांकन दाखिल करने के साथ ही सीपीआई (एम) और कांग्रेस के बीच दुश्मनी काफी कम हो गई है। हालांकि कांग्रेस नेता सीपीआई (एम) की आलोचना करते हैं, लेकिन यह इन पार्टियों के कट्टर सदस्यों को यह समझाने का एक दिखावा मात्र है कि उनके बीच कोई गठबंधन नहीं है, लेकिन राज्य के लोग टीवी चैनलों और अखबारों में जो देखते हैं, वह सीताराम येचुरी और डी राजा की राहुल गांधी को गले लगाने और चूमने की वीडियो छवियां और तस्वीरें हैं, जबकि त्रिपुरा में पूर्व सीपीआई (एम) मुख्यमंत्री माणिक सरकार खुलेआम कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं।

केरल एकमात्र राज्य है जहां वे ऐसे व्यवहार करते हैं मानो वे प्रतिद्वंद्वी और दुश्मन हों। अगले चुनाव तक, कोई केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले मोर्चे के खिलाफ कांग्रेस और सीपीआई (एम) को एक साथ लड़ते हुए देख सकता है (बशर्ते हिंदुत्व पार्टी का नेतृत्व अपनी टोकरी से सभी सड़े हुए अंडे बाहर निकाल दे)। आज की तारीख में कांग्रेस और सीपीआई (एम) में कोई अंतर नहीं है। राजनीतिक पंडित दोनों पार्टियों से संबंधों को आधिकारिक तौर पर वैध बनाने के लिए कह रहे हैं ताकि पूरे देश में सांप्रदायिक और फासीवादी ताकतों के खिलाफ सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को कांग्रेस के झंडे के नीचे खड़ा किया जा सके। धर्मनिरपेक्ष पार्टियों में मुस्लिम लीग भी शामिल है! मार्क्सवादी भाषा में, वे कहते हैं कि जो कोई भी सीपीआई (एम) के साथ जुड़ता है वह धर्मनिरपेक्ष है जबकि भाजपा सांप्रदायिक और फासीवादी है। एक बार जब वे भाजपा के साथ सुविधा का विवाह तोड़ देते हैं तो सीपीआई (एम) को एनडीए के पूर्व घटकों को सहयोगी के रूप में स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं होती है। आंध्र प्रदेश के तेलुगु देशम, उड़ीसा के बीजेडी, बीएसपी और जेडी (यू) कुछ प्रमुख राजनीतिक संगठन हैं जिनकी धर्मनिरपेक्षता की साख भाजपा के साथ उनके संबंधों पर निर्भर करती है।

9 अप्रैल 2024 को तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस के भीष्म पितामह ए के एंटनी द्वारा संबोधित प्रेस बैठक इस बात का संकेतक थी कि केरल में राजनीतिक विवाह कैसे होते हैं। जब एंटनी अपने बेटे अनिल एंटनी को कोस रहे थे, जो भाजपा उम्मीदवार के रूप में पथानमथिट्टा से चुनाव लड़ रहे हैं और मतदाताओं से उनके बेटे की हार सुनिश्चित करने के लिए कह रहे थे, तो वह कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी पर वाक्पटुता कर रहे थे, जो अनिल के खिलाफ खड़े हैं। पूर्व रक्षा मंत्री ने भाजपा को राष्ट्र-विरोधी, सांप्रदायिक और तानाशाह बताया, लेकिन जो बात सामने आई वह सीपीआई (एम) उम्मीदवारों पर उनकी चुप्पी थी। एंटनी के सीपीआई (एम) के साथ संबंध कुख्यात हैं क्योंकि वह 1980-1983 के दौरान लगभग दो वर्षों तक मार्क्सवादियों के साथ रहे थे।

सीपीआई (एम) और एंटनी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने 1980 का आम चुनाव एक साथ लड़ा और लगभग दो वर्षों तक केरल पर शासन किया। सीपीआई (एम) ने कांग्रेस गुट को एलडीएफ से बाहर कर दिया, जिसने राज्य भर में कांग्रेस के कार्यालयों को ध्वस्त कर दिया और पुलिस दूसरी तरफ देखती रही। यह अकारण नहीं है कि राजनीतिक पंडित कहते हैं कि राजनीति अजनबी लोगों को हमबिस्तर बना देती है। क्या हमें ए के एंटनी से ज्यादा सबूत की जरूरत है?

## आप की बात

### कम मतदान

**लोकसभा चुनाव** के पहले चरण में लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2019 की तुलना में काफी कम है। हालांकि, इसके पीछे मौसम का असर, मतदाताओं का बाहर होना, वोटरलिस्ट में नाम न आना, जरुरी काम तथा कुछ लोगों का रूचि न लेना आदि कारण हो सकते हैं। लेकिन मतदाताओं का बड़ी संख्या में वोट न डालना सभी राजनीतिक दलों तथा निर्वाचन आयोग की चिंता का विषय होना चाहिए। लोकतंत्र को मजबूत करने और नई दिशा देने के लिए मतदाताओं का जागरूक रहना बहुत आवश्यक है। सैकड़ों राजनीतिक पार्टियों और निर्दलीयों का होना भी मतदान पर विपरीत असर डाल सकता है। देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अमेरिका आदि देशों की तरह दो प्रमुख पार्टियां होनी चाहिए। लेकिन इसे ऊपर से थोपा नहीं जा सकता है। यदि देश में लोकसभा, विधानसभा तथा स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ हों, यानी एक देश एक चुनाव हो तो गैर-जिम्मेदार व निहित स्वार्थी राजनीतिक दलों की संख्या में कमी आएगी। देश भर में मतदाता सूचियों को दोषमुक्त बनाने, सभी नागरिकों को आनलाइन उपलब्ध कराने तथा फर्जी मतदाताओं के नाम कटवाने की व्यापक व्यवस्था से भी नागरिकों की सहभागिता व मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अपराध न्याय कानून

**देश** में तीन नए अपराध न्याय कानूनों की प्रशंसा भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने भी की है। उन्होंने इसे युगांतकारी बताया है। ये तीन कानून सिस्टम का कायापलट कर सकते हैं। चीफ जस्टिस के पुरजोर समर्थन से केंद्र सरकार द्वारा लागू नए कानूनों के प्रति देश.के आमजनों के विश्वास में बढ़ोतरी होगी और इसके लिए तथाकथित बुद्धिजीवियों द्वारा उठाई गई शंकाएं निरर्थक साबित होगी। कानूनों में निरंतर सुधार और गैर जरूरी कानूनों को समय-समय पर हटाने से देश की जनता को व्यर्थ की उलझनों से बचाया जा सकता है। देश में भारी संख्या में विचाराधीन मामलों के कारण बहुत मामूली सी कानूनी या तकनीकी त्रुटि के कारण भी लोगों को को कोर्ट तक घसीटना सरसार अन्याय है। यही भ्रष्टाचार का मूल स्रोत भी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई को कानूनी मान्यता देकर आधिकारिक शासकीय कार्य और दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त करने की सुविधाएं बढ़ाई जाए। कर्मचारियों को उनकी लापरवाही व सुस्ती के लिए दंड भी दिया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्री होते ही स्वत: इसके नगर निगम व पंचायत में दर्ज होने का स्वागत योग्य नियम बनाया है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला-विरोधी टिप्पणी

**चुनावी माहौल** में नेताओं की जुबान फिसल जाती है और इसका खामियाजा भी भुगतान पड़ता है। बिहार में तेजस्वी यादव की एक रैली में चिराग पासवान की मां और दिवंगत रामविलास पासवान की पत्नी के बारे में एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक अपशब्द बेहद शर्मनाक, निंदनीय और बर्दाश्त के बाहर हैं। हालांकि, तेजस्वी यादव ने इस प्रकरण पर सफाई दी है लेकिन वह आसानी से गले नहीं उतरती है। बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस घटनाक्रम की घोर निंदा की है। दु:ख की बात है कि राजनीतिक उठापटक में गलत संदर्भ देने व मां, बेटी, बहन को बीच में लाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। सभी दलों को सोचना होगा कि मातृशक्ति का अपमान, अपशब्द और अभद्रता का राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। महिला-विरोधी टिप्पणी के लिए चुनाव आयोग ने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार पर 48 घंटे रोक लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद राजनेता सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेताओं को अपने समर्थकों को भी अनर्गल बयानबाजी व गालीगलौज की भाषा से विरत रहने की सलाह देनी चाहिए, नहीं तो उनको इसका चुनावी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### खतरनाक गेम

**अमेरिका** में मार्च में एक भारतीय छात्रा की मृत्यु हो गई थी। पता चला है की छात्रा ने एक गेम खेलते हुए अपनी जान दे दी थी। आशंका थी की मौत के पीछे ब्लू व्हेल चैलेंज गेम हो सकता है जिसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है। इस ऑनलाइन गेम में प्रतिभागियों को एक चैलेंज दिया जाता है। इस चैलेंज के अनुसार छात्रा ने 2 मिनट तक सांस रोक रखी थी। भारत के लिए ब्लू व्हेल गेम से मौत की यह पहली घटना हो सकती है। इस गेम का बच्चों पर काफी समय तक मानसिक असर रहता है। इसके भय से वह काफी गुमसुम एवं लोगों से दूर रहने लगता है। भारत में कई साल पहले ब्लू व्हेल गेम पर प्रतिबंध की बात चली थी, परंतु केवल एक एडवाइजरी जारी कर मामला छोड़ दिया गया था। 2017 में जारी एडवाइजरी में कहा गया था की यह आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गेम है और बच्चों को इससे दूर रहने की सलाह दी गई थी। केंद्र सरकार को इस तथा इस जैसे गेमों पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही इनके प्रचार में प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग करने वाली एजेंसियों के मालिकों पर भी भारी जुर्माने व सजा का प्राविधान करना चाहिए।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# जय बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**कांग्रेस-भाजपा नेताओं ने शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित भंडारों में लिया भाग**

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मिशन** चौक स्थित जय बालाजी मंदिर में चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि मंगलवार को श्री हनुमान जी का अवतरण दिवस धूमधाम एवं हर्ष उल्लास से मनाया गया। मंदिर में सुबह सुंदर कांड का पाठ किया गया।

मंदिर के पुजारी रामराज शर्मा के सानिध्य में मंदिर हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए श्री सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। जिसमें भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा नतमस्तक होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में आरती उपरांत श्री हनुमान जी को भोग लगाया गया तथा भक्तजनों में प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने अपने-अपने ढंग से श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा विभिन्न मिष्ठानों एवं फलों के प्रसाद का भोग लगाया गया। हवन-यज्ञ में मंत्रोचचारण के साथ आसपास के काफी लोगों ने हवनकुंड में आहुति। जय बालाजी मंदिर में आए हुए सभी भक्तों व राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। आपको बता दें कि पिछले साल मिशन चौक पर जय बालाजी मंदिर का निर्माण किया गया। जहां पर पंडित द्वारा आसपास के लोगों के साथ मिलकर सुबह-शाम पूजा-अर्चना की जाती है और लोगों को प्रसाद वितरित किया जाता है। शहर में मंगलवार को श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के अवसर पर भाजपा-कांग्रेस के नेताओं ने शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया और शहरवासियों को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। नेताओं ने कचहरी परिसर गोहाना रोड के प्राचीन बालाजी मंदिर, ओल्ड महावीर कालोनी में सिद्धपीठ श्री लक्ष्मीनारायण बालाजी मंदिर, मिशन चौक स्थित जय बालाजी मंदिर, ककरोई चौक पर स्थित पांच मजिला हनुमान मंदिर में आयोजित हनुमान प्राकट्य उत्सव में पहुंचकर बालाजी का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। नेताओं ने कहा कि हनुमानजी चिरंजीवी है और उनकी केवल भक्ति मात्र से लोगों के बड़े-बड़े संकट और दु:ख दूर हो जाते है। इसलिए हनुमानजी को संकटमोचक और कष्टभंजन भी कहा गया है। बालाजी महाराज की महिमा अपरम्पार है। श्रीराम के लिए उनकी भक्ति अतुलनीय और अनुकरणीय है।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु एवं मंदिर में सुंदर कांड का पाठ करते भक्तजन।

इस अवसर पर पार्षद नीतू दहिया, राजेश दहिया, सुरेश भारद्वाज, राम सिंह त्यागी, राजकरण शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। नेताओं ने कहा है कि श्री हनुमान जी का चरित्र जीवन में आत्मविश्वास, दीन दुखियों कि सेवा, संकट में हर सम्भव मदद तथा भगवन के प्रति सच्ची भक्ति के भाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री हनुमान श्रीराम के प्रति निस्वार्थ एवं गहरी आस्था के कारण पूजे जाते हैं और उनकी पूजा बल, बुद्धि एवं ज्ञान का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए की जाती है। हनुमान जन्मोत्सव एक महान हिन्दू उत्सव है जो सांस्कृतिक एवं परम्परागत तरीके से पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु हनुमान का चरित्र बहुआयामी है, उन्होंने संसार एवं सन्यास दोनों को जीया और उत्कृष्ट विलक्षणताओं के कारण वह पूर्ण मानव थे और वो ही अकेले ऐसे भगवान हुए हैं जिनका कि आज कलयुग में भी पृथ्वी पर वास है। उन्होंने कहा कि हमारे भीतर भी हनुमान जी जैसी भक्ति होनी चाहिए तभी हमें प्रभु का आशीर्वाद मिलेगा। भाजपा नेता मोहन बड़ौली, राजीव जैन, जसबीर दोदवा, सोनीपत मेयर निखिल मदान, ललित पंवार, प्रियंका दीवान, कांग्रेसी निगम पार्षद नीतू दहिया, सुरेंद्र भारद्वाज, जय बालाजी मंदिर में राणा परिवार, मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अलावा आसपास के लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उम्मीदवार मैदान में उतरते ही जनता साथ नजर आएगी



**करनाल।** करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस की ओर से जल्द ही हरियाणा में सभी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। अभी भाजपा के उम्मीदवार अकेले मैदान में घूम रहे हैं, उन्हें चुनौती देने के लिए जैसे ही कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे तो जनता कांग्रेस के साथ खड़ी नजर आएगी। त्रिलोचन सिंह ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव में करनाल की जनता सबक सिखाएगी। करनाल विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की करारी हार होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 10 साल का हिसाब दे। किसानों और कर्मचारियों पर जो जुल्म ढाए गए उस पर जवाब दिया जाए। पूर्व सीएम मनोहर लाल जवाब दें कि हरियाणा में क्रप्शन और क्राइम कैसे बढ़ गया। सीएम सिटी और स्मार्ट सिटी के नाम पर करनाल की जनता को धोखा दिया गया। पंगु कानून व्यवस्था से लोग दहशत में हैं। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया और करनाल में सबसे ज्यादा मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी, फेमिली आईडी, राशन कार्ड और रजिस्ट्रियों के लिए लोग सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटते रहे। इसके बाद उक्त डाक्यूमेंट जब बनकर आए तो उनमें काफी त्रुटियां थी। दरअसल कागजों के नाम पर लोगों को गुमराह और परेशान करने का काम ही किया गया। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि मनोहर लाल करनाल के विधायक भी रहे और कल्पना चावला मेडिकल कालेज में लोग इलाज के लिए तरसते रहे। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वयं कई बार मनोहर लाल से आग्रह किया कि मेडिकल कॉलेज में हालात बदत्तर हैं, इनमें सुधार करने के लिए आप संज्ञान लें। खेद की बात है कि सीएम ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। कभी प्रशासनिक अधिकारियों से इस बाबत मीटिंग नहीं की। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल अब चाहे झोली फैलाएं या हाथ जोडक़र वोट मांगें, करनाल की जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी।

### अपहरण करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अपहरण करने के मामले की जांच थाना सिविल लाईन पुलिस के एसआई कर्मबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए गांव डाहोला निवासी नरेंद्र, अफगान पट्टी कैथल निवासी संजीव व डिफेंस कालोनी कैथल निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शास्त्री नगर कैथल निवासी असमीता की शिकायत अनुसार उसका पति राहुल व देवर साहिल का उपरोक्त आरोपियों के साथ पैसों का लेनदेन बकाया था। उपरोक्त आरोपी बाइक पर सवार होकर आए और उसके पति व देवर का अपहरण करके ले गए। उसके पति व देवर का कुछ समय बाद मोबाइल फोन भी बंद आया। इस बारे में थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ दौरान खुलासा हुआ कि पैसो का लेन देन कारण उपरोक्त आरोपियों ने राहुल व साहिल का अपहरण किया था। आरोपियों के कब्जे से राहुल व साहिल का छीना गया मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

### खंडालवा स्कूल में बच्चों को बांटी साइकिल

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को साइकिल दिए जाने की योजना को शिक्षा विभाग हरियाणा लागू कर रहा है। इसी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडालवा में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य पहलवान सिंह ने बताया कि सातवीं कक्षा के अनुसूचित जाति के 22 बच्चों को साईकिल वितरित किए गए। शिक्षक दयानंद मटौर ने बताया कि बच्चों को अपने घर से स्कूल की दूरी लगभग दो किलोमीटर पड़ती है जिसके कारण बच्चों को विद्यालय में आने-जाने में परेशानी होती थी। अब बच्चे समय पर स्कूल पहुंच पाएंगे। बच्चों के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग का आभार जताया। इस अवसर पर मैडम दर्शना, सतबीर, मुकेश डीपी, संजय, राजेश, प्रदीप व सुरेश आदि उपस्थित थे।

### नशा तस्कर काबू, 470 गांजा फूल पत्ती बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा शहर से एक नशा तस्कर को 470 गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिन्द्र सिंह की टीम शाम के समय जींद रोड कैथल मौजूद थी। पुलिस को जानकारी मिली कि सैंसी बस्ती निवासी अंकुश काफी समय से अपने घर के आसपास क्षेत्र में गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता हैं। पुलिस टीम द्वारा जाखोली अड्डा पर खड़े अंकुश को काबू कर लिया गया। एफएसओ कैथल डॉ. अमित कुमार के समक्ष ली गई तलाशी दौरान उसके कब्जे से 470 गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे चौकी अनाज मंडी पुलिस से एएसआई जगबीर सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### विद्यार्थी को आत्मविश्वास के साथ बढ़ना चाहिए



**कुरुक्षेत्र**। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरूक्षेत्र, हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद संयुक्त तत्वावधान में स्व प्रबंधन एवं नेतृत्व कौशल पर आधारित पाठ्यक्रम के समापन सत्र का आयोजन थॉट लैब में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023- 24 में साप्ताहिक 16 सत्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लगभग 60 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीक्षित गर्ग छात्र अधिष्ठाता रहे। उन्होंने कहा कि आज के युग में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ मानव मूल्यो की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को आत्मविश्वास एवं अनुशासन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य की तरफ दृढ़ता के साथ बढ़ना चाहिए। आत्मविश्वास एवं स्व अनुशासन जीवन की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जगन्नाथ ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किया गया है जो कि भविष्य में छात्रों को मानव मूल्यों के साथ हृदय आधारित गुणों का विकास करके उनके आगामी भविष्य को तैयार करने में सहायक होगा। हार्टफुलनेस संस्थान की तरफ से कोआर्डिनेटर लवलीना ने बताया कि हार्टफुलनेस आधारित अभ्यास बहुत ही सरलता से हृदय एवं बुद्धि का समन्वय करते हुए मन के नियमन में सहायक होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जगन नाथ, डॉ. गौरव सैनी, डॉ. अंशू पाराशर एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सीटी ग्रुप ने हुनर कृति कला प्रदर्शनी की मेजबानी की

**जालंधर।** सीटी ग्रुप गर्व से विरसा विहार में आयोजित एक कला प्रदर्शनी हुनर कृति प्रस्तुत करता है, जो सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज और सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के युवा कलाकारों की जीवंत प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। सीटी गुप की सह-अध्यक्ष परमिंदर कौर चन्नी द्वारा उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति का उत्सव है। विरसा विहार की गैलरी कलात्मक ऊर्जा का एक हलचल भरा केंद्र बन गई, क्योंकि छात्र, कला प्रेमी और आलोचक विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को देखने के लिए एकत्र हुए। 3डी मंडला कला की जटिल सुंदरता से लेकर कांच की कलाकृतियों के मनमोहक आकर्षण तक, धागे और कील के काम की बेहतरीन शिल्प कौशल से प्रदर्शित किया।

# श्री दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में नतमस्तक हुए राज्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र





**विश्व** प्रसिद्ध ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट पर स्थित श्री दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर पर चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि मंगलवार को श्री हनुमान जी का अवतरण दिवस धूमधाम एवं हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस पावन दिवस पर प्रात काल पीठाधीश विजय कुमार शर्मा एवं मुख्य पुजारी डॉक्टर हिमांशु शर्मा के सानिध्य में मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया गया।

तत्पश्चात श्री हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए नया अति सुंदर गणवेश धारण कराकर श्रृंगार किया गया। प्रात- काल 10 बजे श्री राम चरित्र मानस के पंचम सोपान श्री सुंदरकांड का संगीत में पाठ विद्वान पंडित एवं ज्योतिष आचार्य प्रेम कुमार शर्मा के सानिध्य में आयोजित किया गया। हरियाणा सरकार के शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा नतमस्तक होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सृष्टि पर मानवता की रक्षा और अनैतिक शक्तियों को नष्ट करने वाले राम भक्त वीर हनुमान को समस्त विश्व द्वारा याद किया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे। मंदिर के संरक्षक पंडित प्रेम कुमार शर्मा ने उन्हें हनुमान जी का चित्र भेंट किया। आरती उपरांत श्री हनुमान जी को भंडारे का भोग लगाया गया तथा इस विशाल भंडारे में सैकड़ो भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शैलेश वत्स, रोहन शर्मा, सारांश, मन्नत, मानकी शर्मा, दया शर्मा, भारत भूषण, राहुल पांचाल, देवी दयाल घराडसी, सुरजीत, भानु, जतिन व अन्य भक्तजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने रियल जूस का लगाया विशाल लंगर :** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर रियल जूस का विशाल लंगर लगाया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने ट्रस्ट की ओर से सभी श्रद्धालुओं को रियल जूस वितरित किया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर रियल जूस का अटूट भंडारा वितरित किया। उन्होने सभी को सपरिवार हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री हनुमान जी की कृपा आप सभी पर बनी रहे।

# लॉन टेनिस खिलाड़ी कार्तिक वर्मा ने जीता यूनिवर्सल लॉन टेनिस रैंकिंग में स्वर्ण पदक


खिलाडी का फूल माला से स्वागत करते स्कूल स्टाफ।

**सोनीपत।** दिल्ली में आयोजित यूनिवर्सल लॉन टेनिस रैंकिंग अंडर 18 प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल के लॉन टेनिस खिलाड़ी कार्तिक वर्मा ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाड़ी देव को 6-2, 6-3 के स्कोर से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 58 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यूनिवर्सल लॉन टेनिस में स्वर्ण पदक जीतकर कार्तिक वर्मा ने अपनी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शुरुआत की। इससे पहले कार्तिक ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज में भी स्वर्ण पदक जीता था।

कार्तिक की लगातार स्वर्णिम जीत के लिए अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही है अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को श्रेय दिया। कार्तिक वर्मा की इस शानदार जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# तहसीलदार ने पिता की गाड़ी पर लगा रखी थी लाल बत्ती, ट्रैफिक पुलिस ने किया चालान

**कैथल।** ट्रैफिक पुलिस ने गुहला के नवनियुक्त तहसीलदार की गाड़ी का लाल बत्ती लगाने पर चालान किया है। चालान के बाद तहसीलदार ने गाड़ी से तुरंत लाल बत्ती हटा ली। ट्रैफिक पुलिस ने जिस गाड़ी का चालान किया है वह तहसीलदार के पिता के नाम पर रजिस्टर्ड थी। ट्रैफिक पुलिस ने तहसीलदार के पास लाल बत्ती लगाने की परमिशन न होने पर उन्हें दोबारा गाड़ी पर बत्ती ना लगाने के लिए भी हिदायत दी।

सोमवार को गुहला में नए आए तहसीलदार मनोज मलिक ने ज्वाइन किया था। वे जिस गाड़ी में पहुंचे थे उस पर लाल बत्ती लगी हुई थी। शहर के कुछ लोगों ने इसकी शिकायत तुरंत ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज को की। मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस की चालान ब्रांच का अमला गुहला में तहसीलदार के सरकारी निवास पर पहुंचा। वहां पर लाल बत्ती लगी हुई गाड़ी खड़ी थी। ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत गाड़ी के मालिक को सूचित किया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे और गाड़ी पर लाल बत्ती लगाने की कोई परमिशन नहीं दिखा सके। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी का 1500 का चालान कर दिया। जिस गाड़ी का चालान किया गया वह तहसीलदार मनोज मलिक के पिता तेजबीर मलिक के नाम रजिस्टर्ड थी और उस पर पता पानीपत के गांव सींक का दिया गया था। एसएचओ ट्रैफिक रमेश चंद्र ने बताया कि गुहला से उनके पास कई लोगों ने फोन कर सूचना दी थी कि तहसीलदार गुहला ने अपनी गाड़ी पर लाल बत्ती लगा रखी है, जो गलत है। उसके बाद कैथल से ट्रैफिक पुलिस की चालान ब्रांच के कर्मचारियों को गुहला भेजा गया। जब वे तहसीलदार के सरकारी आवास पर पहुंचे तो वहां लाल बत्ती लगी हुई कार खड़ी थी।

# 'रामजी के संग रहते तुम आठों याम, रामजी से मिलवा दो होगा एहसान'

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**श्री मेहंदीपुर** बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से महाराजा सूरजमल खेल मैदान में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर छठा जागरण, सुन्दरकाण्ड पाठ व अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। इस जागरण के कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि पंडित राजन शर्मा जगाधरी वाले ने सुंदर कांड का पाठ किया। मंच संचालन अनिल महंत दिल्ली वाले ने किया।

जागरण में बरेली से पहुंची प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी ने बाबा के भजनों पर समां बांधा। उनकी तरफ से गाए गए भजनों से पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो गया। अंजली द्विवेदी की ओर से गाए गए भजन मेरा इतना सा काम कर दो हनुमान, राम जी के चरणों में रहते हो तुम, रामजी जो कहते, वो करते हो तुम। रामजी के संग रहते तुम आठ याम, रामजी से मिलवा दो होगा एहसान। मेरा इतना सा काम कर दो। खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल, झूमे नाचे गाए, दो करते धमाल हनुमान पर श्रद्धालु खूब झूमे।


हनुमान के भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

रात्रि 12 बजे श्री बालाजी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक क्विंटल का केक काटा गया। संस्था की तरफ से अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों भगतों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समिति के संदीप गर्ग ने जागरण में पहुंची मुख्य अतिथि नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। संदीप गर्ग ने सभी आए हुए भगतो को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की बधाई दी और जागरण में पहुंचने पर धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मंदीप गर्ग, हैप्पी गर्ग, संजय गर्ग नमक वाले, विजय गर्ग साबुन वाले, वेद मित्तल, अश्वनी गर्ग, रोहित बंसल, राकेश गुप्ता, शमशेर फौजी, रमन मेहता, बालक राम सैन, राज कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# वोट डालने के लिए नहीं करना पड़ेगा लंबा इंतजार : प्रशांत पंवार

**कैथल।** अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाईन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार ने बताया कि चुनाव आयोग ने वोटर इन क्यू नामक ऐप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा।

# हनुमान मंदिर में चल रहे महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां डालीं

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**शांति** नगर कुरड़ी में जय ओंकार आश्रम आदि शक्ति पीठ् में स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां डाली गई। संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव एवं स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी वाले व स्वामी संदीप ओंकार द्वारा पूर्णाहुति डाली गई। इस अवसर पर विधिवत् मन्त्रोंचारण से कन्या पूजन कर भंडारा आयोजित किया गया। कुरड़ी वाले महाराज श्री ने कहा कि मां आदिशक्ति श्री दुर्गा सप्तशती के सवा लाख पाठ प्रथम नवरात्रि से प्रारम्भ कर आज पूर्णिमा हनुमान जयंती पर सवा लाख आहुतियां डाल कर विश्व कल्याण की कामना कर संपूर्णता की। मां की अपार कृपा समस्त विश्व पर बरसे और चहुंओर कल्याण ही कल्याण हो ऐसी कामना की गई। समस्त आए श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाल कर पुण्य अर्जित किया। स्वामी जी ने कहा हमें भी हनुमानजी की तरह निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए और अपने ईस्ट का प्यार प्राप्त कर जीवन यापन करना चाहिए। अपने गुरु और माता पिता के प्रति सच्ची समर्पित भावना रखनी चाहिए और सच्चा प्रेम करना चाहिए। जहां भी मां की कृपा होती है, हनुमान जी सदैव ही वहां विराजमान होते हैं। इसलिए हमें मां की कृपा में सदैव रहना चाहिए। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि स्वामी संदीप ओंकार की अध्यक्षता में समय-समय पर निस्वार्थ भाव से ओंकार महायज्ञों का आयोजन किया जाता है।




# आंगनबाड़ी वर्करों से किए वादों को भाजपा सरकार जल्द पूरा करे : कमला

**कहा : आंगनबाड़ी उसी पार्टी को वोट देगी, जो वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**आंगनबाड़ी** यूनियन नेता कमला दयौरा ने केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि वर्ष 2018 में वर्करों व सरकार के बीच हुए समझौते को आज तक लागू नहीं किया गया है और न ही देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में आंगनवाड़ी वर्करों व सहायिका के बारे में कोई घोषणा की गई है जिस कारण आंगनवाड़ी वर्करों में सरकार के प्रति भारी रोष है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कमला ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में जो भी राजनीतिक दल आंगनबाड़ी वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने का वादा करेगा आंगनवाड़ी वर्कर व सहायिका उसी पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगी। कमला दयौरा ने कहा कि भाजपा सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा झूठा साबित हुआ है और भाजपा सरकार में आंगनवाड़ी वर्करों पर सरकार ने जमकर अत्याचार किया है। उनकी आवाज व मांगों को सुनने की बजाए कुचलने का काम किया है। आंगनवाड़ी वर्कर लंबे समय से अपने हकों व मांगों को लेकर आंदोलनरत रही हैं, लेकिन उनकी मांगों को पूरा करने की बजाए हर बार सरकार ने या तो लाठी के दम पर आवाज को दबा दिया या फिर झूठे वादे कर गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्करों पर झूठे केस बनाने के साथ उनका रोजगार तक छीना गया है। आज तक भी टर्मिनेट की गई वर्करों का मानदेय नहीं दिया गया है और न ही झूठे बनाए गए केस रद्द किए गए हैं, जिस कारण वर्करों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समाज की महिलाओं की पीड़ा को समझा, तीन तलाक से दिलाई निजात : मनोहर लाल

**भाजपा हरियाणा में 10 की 10 सीटें जीत रही है**

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक


बैठक को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी समाज की तकलीफों के बारे में सोचते हैं और उनका समाधान भी करते हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने तीन तलाक पर हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए उन्हें तीन तलाक से निजात दिलाई है। ये बातें मनोहर लाल ने सोमवार को रोहतक में चुनाव प्रबंधन की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। यहां उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा हरियाणा में 10 की 10 सीटें जीत रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार को प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने आए थे। इस बैठक में रोहतक जिले की चारों विधानसभाओं के चुनाव प्रबंधन के लिए नियुक्त कार्यकर्ता मौजूद रहे। मनोहर लाल ने सभी को चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश दिए और अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने सभी दसों सीटों पर लगभग एक महीने पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पूर्व सीएम ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभाओं में पार्टी के कार्यों और चुनावी तैयारियों की समीक्षाओं का काम भी हो रहा है। पूर्व सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और वह स्वयं विधानसभाओं में विजय संकल्प रैलियां भी कर रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की, जिस पर हमें भी ऐसा महसूस हो रहा है कि वन साइड कुश्ती हम खुद ही लड़ रहे हैं, कोई दूसरा खिलाड़ी सामने है नहीं। पूर्व सीएम ने कहा कि एक बात तो सर्वमान्य हो गई है कि कांग्रेस किसी न किसी दुविधा में फंसी हुई है, जिस कारण प्रत्याशियों के नामों की सूची में देरी हो रही है।

एक सवाल का जवाब देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि विपक्ष का मैदान में ना होने का फायदा भी भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में है और भाजपा 10 की 10 लोकसभाओं में कमल खिलाने जा रही है। मुस्लिम समाज पर दिए गए एक बयान के सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति तो कांग्रेस ही करती आई है। तीन तलाक पर कांग्रेस तुष्टिकरण करती रही है। मुस्लिम महिलाओं की पीड़ा को भाजपा ने समझा है। उन्होंने कहा कि छोटी सी बात पर या फिर सब्जी में तड़का लगाने के दौरान मिर्ची ज्यादा गिरने पर महिलाओं को उनके पति द्वारा तलाक दे देना ही महिलाओं का उत्पीड़न था। मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज की महिलाओं को इस उत्पीड़न से छुटकारा दिलाया है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में चुनाव छठे फेस में होगा। 13 मार्च को प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई थी। 25 मई को चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रदेश स्तर पर जनसभाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान ही पार्टी के बड़े नेता रैलियां करेंगे। बैठक में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला महामंत्री आशा शमा, 'गढ़ी-सांपला किलोई विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक सरिता नारायण व संयोजक अभिनंदन शर्मा, रोहतक विधानसभा प्रभारी रमेश भाटिया व संयोजक ओमप्रकाश बागड़ी, कलानौर विधानसभा प्रभारी अजय बंसल व संयोजक नरेन्द्र खट्टर, महम विधानसभा प्रभारी पूर्व महापौर मनमोहन गोयल व संयोजक राधा अहलावत, राजेंद्र रावत, बिजेंद्र शर्मा, पार्षद सुरेश किराड़, डिंपल जैन, धर्मबीर शर्मा रवि नागपाल, संजय बल्हारा, बंसी विज, दीपू नागपाल, रवि टक्कर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### योग शरीर के सभी रोगाणुओं को भस्म कर देता है



**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फवारा पार्क योग कक्षा में संस्थापक दिनेश गुलाटी ने योग क्रियाओं,आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए इसकी उचित विधि और लाभों के विषय में बताया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को योग के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे कि युवा भी अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर योग करें और इसके महत्व को समझें। उन्होंने कक्षा में विभिन्न तरह के सूक्ष्म क्रियाएं, आसान वह प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वजन को कम करने वाले आसन सर्वाइकल को ठीक करने की क्रियाएं और डायबिटीज जैसे बीमारी को दूर रखना के लिए विभिन्न क्रियाएं करवाई गई। इस दौरान बताया कि अग्निसार क्रिया प्राणायाम का एक प्रकार है । इस क्रिया से शरीर के अंदर एक अग्नि उत्पन्न होती है जो शरीर के सभी रोगाणुओं को भस्म कर देती है। उन्होंने कक्षा में अग्निसार क्रिया का अभ्यास करवाते हुए कहा कि इस क्रिया से शरीर को चलाने वाली सभी अग्नियों को बल मिलता है और ये उन सभी शिथिल अग्नियों को फिर से एक्टिवेट करती है। अग्निसार क्रिया के लाभों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ये पाचन क्रिया को गतिशील कर उसे मजबूत बनाती है और पेट कि चर्बी को घटाकर मोटापे को दूर करती है।कब्ज में भी ये क्रिया लाभदायक है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि पेप्टिक अल्सर,कोलाइटिस ,हर्निया व अस्थमा के रोगी इस क्रिया को ध्यानपूर्वक करें। योग शिक्षक वीना धीर और एनफ चौधरी ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। कक्षा में योग साधक योग साधक बबीता, रितु, नेहा, विशाखा, पूजा, रमा,मीनू, अजय, कमल, नरेंद्र, असीम आदि उपस्थित रहे।

### राजनीति शास्त्र में कोमित ने विश्वविद्यालय में पाया छटा स्थान




**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल के राजनीति शास्त्र विभाग के विद्यार्थी कोमित ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणामों विश्वविद्यालय टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। कोमित ने तृतीय सैमेस्टर में 385/500 अंकों के साथ कुल 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं छटा स्थान प्राप्त किया। तीनों सैमेस्टर में ओवर आल कुल अंकों के आधार पर कोमित अभी भी प्रथम स्थान पर बना हुआ है। कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने निर्धारित 2100 रूपए की राशि प्रदान कर उदीयमान छात्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांध्यकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता, गणित विभागाध्यक्ष डॉ सत्यवीर महला, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो श्रीओम, डॉ अशोक कुमार अत्रि, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ विरेन्द्र सिंह, डॉ विनोद कुमार मान एवं डॉ अनुकृति भी उपस्थित रहे।

### युवाओं को अपनाना होगा हनुमान का चरित्र : महामंडेलश्वर



**रोहतक।** हनुमान जन्मोत्सव को सिद्व पीठ बाला जी में श्रृद्वालुओं ने धुमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव में पहुंचे युवा श्रृद्वालुओं को सिद्व पीठ बाला जी भैसरू कलां के महामंडलेश्वर व आध्यात्मिक गुरू विद्यास्वरूप ने हनुमान जी की महत्वता के बारे में बताते हुए कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी श्रीराम के भक्त हैं, उसी प्रकार हम सभी को भारत माता का सेवक बनना होगा। आज यह समस्त संसार आशा भरी दृष्टि से हमारे भारतवर्ष की ओर देख रहा है। ऐसे में भारत जैसे युवा देश में युवाओं की ज़िम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। हनुमान जी की भाँति ही हमें भी समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। युवा शक्ति को हनुमान जी की पूजा से अधिक उनके चरित्र को आत्मसात करने की आवश्यकता है, जिससे भारत को उच्चतम नैतिक मूल्यों वाले देश के साथ-साथ 'कौशल युक्त' भी बनाया जा सके। उन्होंनें कहा कि युवाओं को आयु ,विद्या, यश और बल के लिए युवाओं को अपनाना होगा हनुमान का चरित अपनाना होगा। महामंडलेश्वर विद्यास्वरूप ने कहा कि हनुमान जी अतुल बल के स्वामी थे। उनके अंग वज्र के समान शक्तिशाली थे। अत: उन्हें 'वज्रांग' नाम दिया गया, जो बोलचाल में बजरंग बन गया। यह बजरंग केवल गदाधारी महाबली ही नहीं हैं, बल्कि विलक्षण और बहुआयामी मानसिक और प्रखर बौद्धिक गुणों के अद्भुत धनी भी हैं। यदि कोई उनसे विश्राम की बात करता तो उनका उत्तर होता था- मैंने श्रम ही कहाँ किया, जो मैं विश्राम करूं? उनके चित्र व्यायामशालाओं में जिस भक्तिभाव के साथ लगाए जाते हैं, उतनी ही श्रद्धा के साथ प्रत्येक शिक्षा और सेवा संस्थान में भी लगाए जाने चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज्य निर्माण की विस्तृत लेकिन गहरी नींव रखने के लिए उनके गुरु समर्थ श्री रामदास द्वारा गाँव-गाँव में अनगढ़े पत्थरों को सिन्दूर लगाकर हनुमान जी के रूप में उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। आज से लगभग 300 वर्षों से अधिक पहले यह महान राष्ट्रीय उपक्रम हुआ। केवल भारत ही नहीं, सारे संसार के लिए किसी आदर्श व्यक्तित्व के चयन की समस्या आ जाए तो हनुमान जी का जीवन निश्चित रूप से सर्वाधिक प्रेरक सिद्ध हो सकता है। वे राम-सेवा अर्थात सात्विक सेवा के शिखर पुरुष है। युवाओं को अपने राष्ट्र को स्वामी मानकर व खुद हनुमान बनकर राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। उन्होंनें बताया कि धर्मशास्त्रों में आत्मज्ञान की साधना के लिए तीन गुणों की अनिवार्यता बताई गई है- बल, बुद्धि और विद्या। यदि इनमें से किसी एक गुण की भी कमी हो, तो साधना का उद्देश्य सफल नहीं हो सकता है। सबसे पहले तो साधना के लिए बल जरूरी है। निर्बल व कायर व्यक्ति साधना का अधिकारी नहीं हो सकता है। दूसरा, साधक में बुद्धि और विचार शक्ति होनी चाहिए।

## हरियाणा में इनेलो का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है : बबीता


रामपाल माजरा को बधाई देते हुए बबीता चौधरी।

**कैथल।** वरिष्ठ इनेलो नेत्री बबीता चौधरी ने पूर्व विधायक रामपाल माजरा के पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई दी। बबीता चौधरी ने उनके निवास पर जा कर भेंट की तथा वर्तमान राजनैतिक हालात पर भी चर्चा की। उनके साथ पार्टी के जिला अध्यक्ष राजा राम माजरा भी उपस्थित रहे। बबीता ने कहा कि हरियाणा में इनेलो का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठे वादे करते हुए देश की सत्ता हथियाने का काम किया है। मोदी का वादा था कि विदेशों से काला धन लाया जाएगा लेकिन गत 10 वर्षों में इसके विपरीत हुआ व जनता को कोई राहत नहीं मिली। बबीता ने कहा कि प्रदेश के लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। युवाओं का तो और भी बुरा हाल है, लोग अपनी पुस्तैनी जमीन को बेच कर डोंकी के माध्यम से दूसरे देशों में प्लान कर रहे हैं। आज महंगाई चरम सीमा पर है।

## अब तक नगर निगम क्षेत्र की 53560 संपत्तियां हुई सत्यापित, लेबर कॉलोनी में आज लगेगा शिविर

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर




**नगर** निगम क्षेत्र की संपत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के लिए निगम द्वारा जहां डोर टू डोर निगम कर्मी भेजकर प्रॉपर्टी आईडी दुरुस्त की जा रही है। वहीं, निगम की ओर से हर वार्ड में शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में प्रॉपर्टी मालिकों की संपत्ति सत्यापित करने के साथ साथ ऑब्जेक्शन भी दर्ज किए जा रहे हैं। मंगलवार को वार्ड नंबर 15 में शहीद भगत सिंह चौक स्थित नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र में संपत्तियां सत्यापित करने के लिए शिविर लगाया गया।

शिविर में 11 प्रॉपर्टी मालिकों की संपत्तियां सत्यापित की गई, जबकि तीन लोगों ने आपत्तियां दर्ज कराई। बुधवार को वार्ड नंबर 16 की लेबर कॉलोनी स्थित गीता मंदिर में शिविर लगाया जाएगा। इनके अलावा हर वार्ड में निगम कर्मी घर-घर जाकर संपत्तियां सत्यापित करने में जुटे हैं। अब तक नगर निगम क्षेत्र की कुल 210791 में से 53560 संपत्तियां सत्यापित हो चुकी है। इनके अलावा निगम के तीनों कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने व ऑब्जेक्शन दर्ज करने का कार्य किया जा रहा है। शहरवासी स्वयं भी अपनी प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित कर सकते है। 25.40 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर यमुनानगर प्रदेश में पहले स्थान पर है।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने सभी प्रॉपर्टी मालिकों से अपील की है कि वे निगम द्वारा उनके घर पर भेजे जा रहे कर्मचारी से या निगम द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में जाकर अपनी संपत्ति सत्यापित कराए। अपनी प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित कराने में वह नगर निगम का सहयोग करें। निगम कर्मी को अपनी प्रॉपर्टी से संबंधित सही जानकारी देकर उसे दुरुस्त कराएं।

## हाईकोर्ट के आदेश पर खोली जाएगी पंजाब मुख्यमंत्री आवास से गुजरती सड़क

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ के डीजीपी व एसएसपी को आदेश दिया है कि पंजाब सीएम के सरकारी आवास के पास से गुजरती सड़क को आम लोगों के लिए खोला जाए। अब एक मई से यह सड़क खोली जाएगी। सोमवार सुबह से शुक्रवार तक सड़क सुबह सात बजे से शाम सात बजे खोली जाएगी जबकि शनिवार व रविवार को सड़क बंद रहेगी। यह सारी प्रक्रिया परीक्षण के तौर पर चलेगी। जबकि जल्दी इस संबंध में एक प्रस्ताव पुलिस से मांगा गया है।

चंडीगढ़ में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए खुद हाईकोर्ट की तरफ से इस मामले में संज्ञान लिया गया था। इस दौरान पता चला था कि पंजाब सीएम के सरकारी आवास के बाहर से गुजरने वाली सड़क सालों से बंद हैं।

पुलिस की तरफ से इस बारे में सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था। हालांकि सुरक्षा कारणों की दलील पर हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन व पंजाब सरकार से पूछा था कि जब हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास के बाहर का मार्ग आम लोगों के लिए खुला है तो पंजाब के लिए अलग प्रावधान क्यों है। इस पर कई बार सुनवाई हुई, उसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। यह रोड गत कई सालों से बंद हैं। इस सड़क के खुलने से सबसे बड़ा फायदा पंजाब एरिया से हाईकोर्ट, रॉक गार्डन, सुखना लेक, वर्ड पार्क और आईटी पार्क जाने वाले लोगों को मिलेगा। इस सड़क के खुलने से जाम की दिक्कत कम हो जाएगी, खासकर सुबह और शाम डयूटी और आफिस के समय लोगों को राहत मिलेगी। पंजाब के नयागांव, करोरां, टांडा, टांडी, मसौल, काने का वाड़ा, नाड्डा, पड़च्छ, गूड़ा, भगिंडी, तसौली, जयंती माजरी के लोगों को चंडीगढ़ आने में राहत मिलेगी

## जेजेपी से रिश्ते की आखिरी कड़ी भी तोड़ने जा रही सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भाजपा अपनी पूर्व गठबंधन सहयोगी जेजेपी से रिश्ते की आखिरी कड़ी भी तोड़ने जा रही है। वर्ष 2019 में जेजेपी के दस विधायको के समर्थन से सरकार बनाने वाली भाजपा ने पिछले मार्च माह में जेजेपी को मंत्रिमंडल से बाहर कर रिश्ता तोड़ लिया था। अब जेजेपी कोटे से बने चेयरमैनो से इस्तीफा मांग लिया है। जेजेपी कोटे से चेयरमैन रणधीर सिंह (डेयरी एंड विकास) , पवन खरखोदा (अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ) मोहसिन चौधरी (हज कमेटी ) हैं। भाजपा सरकार ने इन्हे तुरंत इस्तीफा देने को कहा है। भाजपा ने जेजेपी से रिश्ता तोड़ने से पहले कहा था कि जेजेपी के साथ कोई गठबंधन नही था।

## डिप्टी कमिश्नर ने बुक बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों को तुरंत किताबें उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

**जालंधर।** नए शैक्षणिक सैशन 2024-25 की शुरुआत के मद्देनजर डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में नए शैक्षणिक सैशन की किताबों की बांट पैंडिग है, उन्हें बुक बैंक के माध्यम से किताबें उपलब्ध करवाई जाये, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। यहां जिला प्रशासनिक परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने शिक्षा विभाग के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी निजी तौर पर से जल्द से जल्द किताबों की बांट की निगरानी करें ताकि शीघ्र बच्चों को किताबें उपलब्ध करवाई जाए।

स्कूलों में मिड डे मील में परोसे जाने वाले भोजन का जायजा लेते हुए डा.हिमाशु ने कहा कि विद्यार्थियों को पौष्टिक खाना उपलब्ध करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को मिड-डे मील की गुणवत्ता और खाना पकाने वाले क्षेत्र की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर स्कूलों का दौरा करने के भी निर्देश दिए।

स्कूलों में साफ-सफाई पर जोर देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि स्कूलों में शौचालय, पीने वाले पानी, टंकी, रसोई आदि की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग निरंतर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करे और आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया जा सके।

इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने शिक्षा का अधिकार कानून के इन-बिन लागू करने को लेकर भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर डॉ. अमित महाजन और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## श्री हनुमान सेवा समिति जगाधरी ने हनुमान जयंती के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का किया आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। जगाधरी

**श्री** हनुमान सेवा समिति द्वारा हनुमान जयंती के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन हनुमान मंदिर के प्रांगण में किया गया। जिसमें अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वकर्मा धीमान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक राज धीमान पहुंचे और यहां पर विधिवत रूप से रक्तदान शिवर की शुरुआत की। संस्था की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

हर साल की तरह इस साल भी हनुमान जयंती के उपलक्ष में श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के प्रांगण में किया गया। जिसमें सुबह के समय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वशिष्ठ अतिथि के रूप में तिलक राज धीमान विश्वकर्मा धीमान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने पहुंचकर इस रक्तदान शिवर की विधिवत रूप से शुरुआत कराई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान माना गया है यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को दिया जा सकता है। इसका कोई अलग से माध्यम नहीं है कि जिससे इसे बना करके किसी व्यक्ति को दिया जा सके। इसलिए अपने जीवन के अंदर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर कई लोगों ने पहली बार पहुंच कर रक्तदान किया। जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें रक्तदान कर बहुत अच्छा लग रहा है। इस मौके पर आयोजकों द्वारा सभी मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिन लोगों ने कैंप के अंदर रक्तदान किया उनका भी हौसला बढ़ाते हुए उनको बैच लगाकर प्रमाण पत्र देने का कार्य किया। ताकि लोग जागरुक हो कर ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें। इसको लेकर संस्था समय-समय पर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित भी करती रहती है। संस्था की ओर से रंगारंग कार्यक्रम की भी प्रस्तुति कराई गई जिनका उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**
( पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
रजि. & कॉर्पोरेट ऑफिस: 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020

**निविदा सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना
आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी/प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में एयू फाईनेंसियर्स ( इण्डिया ) लिमिटेड के नाम से ज्ञात ) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता ''जैसे है जहाँ है'' जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे है। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार है-

| ऋणी/सह-ऋणी/जमानती/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि दिनांक | 13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक | कब्जे की दिनांक | संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति) | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | संपत्ति की धरोहर राशि | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान आवास फाईनेंसियर्स लि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **तपन बर्मन,** श्रीमती प्रभाती बर्मन **खाता सं. : LNYMN04320-210144786** जमानतदार: श्री रमन **खाता सं. : LNYMN00619-200106417** | ₹ 630,157.00/- व ₹ 948,847.00/- बकाया दिनांक 16 अप्रैल 2024 | 11 जुलाई 2023 ₹ 532007/- व ₹ 1053947/- बकाया दिनांक 06 जुलाई 2023 | 27 मार्च 2024 | संपत्ति बियरिंग खेवत नं. 36, खतौनी नं. 40, खरसा नं. 198, स्थित यमुना नगर, जगदरी, यमुना नगर, हरियाणा क्षेत्रफल 126 वर्ग गज | ₹ 1890000/- | ₹ 189000/- | प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 27 मई 2024 | पहली मंजिल, एससीओ-142, सेक्टर-17, हुडा, जगाधरी-यमुना नगर-135003, हरियाणा-भारत |

**निविदा की शर्तें :** 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर ''टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण'' लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि के चैक/बैंकर्स चैक/माँग ड्राफ्ट जो कि प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के पक्ष में जयपुर में देय हो, नीलामी से पहले कार्य दिवस के दौरान आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के उपरोक्त पते पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाएं आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात निविदाकर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। 2. सफल निविदाकर्ता को 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना बैंक में जब्त समझी जायेगी। 3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है। निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी। 4. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020 **मनोज कुमार - 8130291423** **नोट:-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ताके लिए भी नियम 9 (1) /8(6) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा कि यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर ही विक्रय की जाएगी।

**स्थान: जयपुर** **दिनांक: 24.04.2024** **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

# सरकारी बैंकों के पास कर्ज न चुकानों वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं

एजेंसी। मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

अदालत के फैसले के बाद ऐसे बैंकों द्वारा चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद्द हो जाएंगे। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था।



केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्वाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

# राजस्थान में पुलिस जीप पर पलटा ट्रोला, तीन पुलिसकर्मियों की मौत

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के नीमकाथाना जिले में मंगलवार को रोडी से भरा एक ट्रोला (भारी वाहन) अनियंत्रित होकर पुलिस जीप पर पलट गया, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों की दबकर मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक अनुज दल ने बताया कि हादसा रामपुरा घाटी के निकट उस समय हुआ, जब हनुमान मंदिर के दर्शन कर लौट रहे पुलिसकर्मियों की जीप पर रोडी से भरा अनियंत्रित ट्रोला पलट गया। उन्होंने बताया कि हादसे में दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल पुलिसकर्मी ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि मृतक पुलिसकर्मियों की पहचान हैड कांस्टेबल शीशराम, चालक भंवरलाल और कांस्टेबल महिपाल के रूप में हुई है, जो पाटन थाने में तैनात थे।

# दल बदल कानून को मजबूत किया जाए चुनाव में मुफ्त उपहार खत्म हों : नायडू

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** उप राष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि नेताओं द्वारा बार-बार दल बदलना परेशान करने वाला है। उन्होंने दल बदल कानून को और मजबूत करने का आह्वान किया। पद्म पुरस्कार मिलने के बाद अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि चुनाव के दौरान कोष के प्रबंधन के बिना मुफ्त के उपहार देने की घोषणा हानिकारक परिपाटी है और इसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए और लोगों को भी दलों एवं नेताओं के इन बड़े-बड़े वादों पर सवाल करना चाहिए। नायडू को सोमवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा, दलबदल को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए।

पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, अब, चिंता की बात यह है कि सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बाएं बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। उन्होंने कहा, यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है। उन्होंने कहा कि एक और अस्वस्थ प्रवृत्ति यह है कि लोग दाएं-बाएं वादे कर रहे हैं, बिना यह सोचे कि पैसा कहां से आएगा, क्योंकि पैसा तो है नहीं।



पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, राजनीतिक दलों को एक घोषणापत्र जारी करना चाहिए और दूसरा, राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए और तीसरा,उन्हें बताना चाहिए कि संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे और फिर वे उसे कैसे खर्च करना चाहते हैं।

उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे सबकुछ मुफ्त में देना संभव है क्योंकि पैसे पेड़े पर नहीं उगते। नायडू ने कहा कि राज्यों पर लाखों करोड़ रुपए का बोझ है फिर भी नेता सबकुछ मुफ्त में देने के वादे कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मुफ्त के उपहार के खिलाफ हूं। मैं इसके पक्ष में हूं कि दो चीजें शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त दी जानी चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त कीजिए और बाकी अन्य से बचें। वे यह नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, इस तरह के वादों और मुफ्त सुविधाओं को हतोत्साहित किया जाना चाहिए और राजनीतिक दलों से सवाल करना चाहिए कि आप संसाधन कैसे जुटाने जा रहे हैं। घोषणापत्र और संसाधन जुटाने तथा राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य को लोगों के सामने पेश किया जाना चाहिए।

नायडू ने मतदाताओं से उन उम्मीदवारों को खारिज करने की अपील की जो अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते हैं और खुले तौर पर भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते हैं।

आंध्र प्रदेश से जाकर तमिलनाडु बस गए एक धार्मिक संत से मुलाकात का उल्लेख करते हुए नायडू ने कहा कि मुस्लिम मूल के होने के बावजूद वह हर सुबह राम भजन गाते हैं।

उन्होंने कहा कि संस्कृति जीने का तरीका है जबकि धर्म प्रार्थना का तरीका। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, राम देश की संस्कृति हैं और वह धार्मिक व्यक्ति नहीं है। राम एक इंसान के तौर पर, महान शासक के रूप में, महान पिता और पुत्र के रूप में आदर्श हैं, वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को उनका संदेश है कि उन्हें सार्वजनिक जीवन में रुचि लेनी चाहिए न केवल राजनीति में।

## प्रोफेसर भास्कर गुप्ता बने यादवपुर विश्वविद्यालय के नए कुलपति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने वरिष्ठ प्रोफेसर भास्कर गुप्ता को राज्य सरकार द्वारा संचालित यादवपुर विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया। कुलपति के रूप में गुप्ता की नियुक्ति की सिफारिश राज्य सरकार ने की थी। राज्य सरकार ने यादवपुर विश्वविद्यालय सहित राज्य के छह विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के नाम वाली एक सूची राज्यपाल को सौंपी थी। यादवपुर विश्वविद्यालय सहित छह अन्य विश्वविद्यालयों में अप्रैल 2023 से कुलपति के पद खाली पड़े थे। राज्यपाल ने सोमवार को गुप्ता को यादवपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया।

बोस, राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। ब्रत्य बसु ने कुलपतियों की नियुक्ति के कदम का स्वागत करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माननीय कुलाधिपति ने प्रोफेसर भास्कर गुप्ता को यादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्त किया है। उच्च शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने के बाद उन्हें कुलपति के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। मंत्री ने कहा, उम्मीद है कि कुलाधिपति राज्य सरकार की सिफारिशों के अनुसार अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करेंगे। बसु ने कहा, मैं यादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति के लिए कुलाधिपति को शुभकामनाएं देता हूं।

# इंडिया गठबंधन ही कर सकता है भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मंगलवार को आर्थिक विषमता के विषय को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन सरकार ही कर सकती है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेच दिए गए। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आपको ए सब कभी नहीं बताएंगे कि 2012 से 2021 तक देश में बनी संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत आबादी के पास गया है। उन्होंने दावा किया कि देश में कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का लगभग 64 प्रतिशत ग़रीबों, निम्न मध्य वर्ग और मध्य वर्ग से आता है। रमेश ने कहा, पिछले दस वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेचे गए हैं। अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार के कारण महंगाई बढ़ी है।



उनके मुताबिक, आज 21 अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, भारत को तेज आर्थिक विकास की जरूरत है। भारत को बहुत अधिक समावेशी आर्थिक विकास की आवश्यकता है। भारत को अधिक टिकाऊ पर्यावरणीय विकास की आवश्यकता है। केवल इंडिया गठबंधन ही यह तीनों कर सकता है और करेगा। कांग्रेस महासचिव रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजस्थान में होने वाली जनसभा से पहले उनसे कुछ सवाल किए। उन्होंने कहा, भाजपा कांग्रेस की जनहित की योजनाओं में कटौती क्यों कर रही है? ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना) में भाजपा ने कितना भ्रष्टाचार किया है? ईसरदा बांध की वजह से विस्थापित हुए परिवारों को भाजपा कब तक मुआवज़े से वंचित रखेगी?

## उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में पत्नी के फांसी लगाने के बाद पति ने आत्महत्या की

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में आपसी विवाद के दौरान पत्नी के फांसी लगाने के बाद पति ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक, झांसी में राजकीय रेलवे पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था और उसने सरकारी राइफल से खुद को गोली मारी। चित्रकूट जिले में रैपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि सोमवार मध्यरात्रि को आपसी विवाद के दौरान सिपाही मयंक कुमार पटेल (35) की पत्नी कुसुम देवी (24) ने घर में फांसी लगा ली, जिसके बाद मयंक ने सरकारी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि देवकली गांव में हुई इस घटना में दंपति के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया गया। उन्होंने बताया कि मयंक बिजनौर जिले में संपन्न हुए प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी करने के बाद सरकारी राइफल के साथ 21 अप्रैल को देवकली गांव लौटा था।

# एनसीबीसी ने कर्नाटक में सभी मुसलमानों के पिछड़ी जाति के रूप में वर्गीकरण की आलोचना की

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने राज्य में आरक्षण उद्देश्यों के लिए पूरे मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति के रूप में वर्गीकृत करने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम धर्म की सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी बी के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। एनसीबीसी ने पिछले साल क्षेत्र का दौरा किया था और शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए राज्य की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। एनसीबीसी ने एक बयान में कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की सभी जातियोंसमुदायों को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों में माना जा रहा है और उन्हें शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और नियुक्तियों में आरक्षण प्रदान करने के लिए पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी बी के तहत अलग से मुस्लिम जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। एनसीबीसी ने कहा कि पिछड़ी जाति के रूप में मुसलमानों का व्यापक वर्गीकरण खासकर सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में पहचानी जाने वाली हाशिए पर पड़ी मुस्लिम जातियों और समुदायों के लिए सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। उसने इस बात पर जोर दिया कि मुस्लिम समुदाय के भीतर वास्तव में वंचित और हाशिए पर रहने वाले वर्ग हैं।

# देश के संसाधनों पर सभी नागरिकों का अधिकार, कांग्रेस माफी मांगे : मुख्यमंत्री यादव

## बोले- कांग्रेस का घोषणा पत्र पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के विचार को दोहराता है

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस से अपने घोषणापत्र पर माफी की मांग करते हुए मंगलवार को दावा किया कि पार्टी का घोषणापत्र पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के विचार को दोहराता है, जिन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है।

यादव ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के संसाधनों पर सभी नागरिकों का अधिकार है। उन्होंने कहा, मैंने कांग्रेस का घोषणापत्र देखा और उसमें जो चीजें जोड़ी गई हैं, उन पर गौर किया। यह कांग्रेस का स्वभाव रहा है। चीजों को जनता के सामने रखने के बाद वह ऐसे बिंदुओं को छिपाने की कोशिश करती है। उन्होंने सवाल किया, हम किसी विशेष समुदाय के बारे में कैसे बात कर सकते हैं? मैं इसकी निंदा करता हूं। यह किस तरह की सोच है कि सभी के लिए संसाधनों पर केवल एक समुदाय का अधिकार है?



यादव ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि सभी संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है। उन्होंने कहा, यह बेहद निंदनीय है। कांग्रेस ने घोषणापत्र में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस बात को फिर से दोहराया है। हम इसकी निंदा करते हैं। कांग्रेस को ऐसे विचारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस कुछ भी कहे लेकिन उसने अपने घोषणापत्र में क्या लिखा है, यह किसी से छिपा नहीं है। यादव ने कहा, मुझे उम्मीद है कि ऐसे मुद्दों को जनता के सामने स्पष्ट किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में दो रैलियों को संबोधित करने के अलावा बुधवार शाम भोपाल में एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री यादव ने कहा, कांग्रेस को भगवा पर आपत्ति हो सकती है लेकिन हमें उनकी आपत्ति पर आपत्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कोई भारत माता की तस्वीर की कल्पना करता है, तो वह हाथ में भगवा ध्वज के साथ दिखाई देती है।

उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति सर्वसमावेशी है। इसके प्रति नफरत बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसलिए हमने कहा कि यह रोडशो भगवामय होगा, हमें अपनी भावनाएं व्यक्त करने में कोई झिझक नहीं है। यह हमारी परंपरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भोपाल को सजाया जा रहा है और रोडशो में सभी वर्गों के लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिना एक शब्द बोले रोडशो के जरिए पार्टी के लिए प्रभावी ढंग से प्रचार कैसे किया जाता है, यह किसी को नरेंद्र मोदी से सीखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद बुधवार को यह प्रधानमंत्री की राज्य की पांचवीं यात्रा होगी। मोदी ने सात अप्रैल को जबलपुर शहर में रोडशो किया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री बालाघाट (9 अप्रैल), नर्मदापुरम (14 अप्रैल) और दमोह (19 अप्रैल) में जनसाओं को संबोधित कर चुके हैं।

## भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र की समन्वयक नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र का रेजिडेंट समन्वयक नियुक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में बताया कि सभरवाल ने सोमवार को अपना पद संभाला ।उसने बताया कि सभरपाल के पास सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी से काम करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और डेटा का इस्तेमाल करते हुए जलवायु परिवर्तन, स्थाई शांति, शासन एवं सामाजिक नीति के क्षेत्र में काम करने का लगभग 30 वर्षों का अनुभव है। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि मेजबान सरकार की मंजूरी से सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है। सभरवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अभी जकार्ता में पहुंची हूं। मैं एसडीजी की दिशा में काम करने के लिए क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल देश में संयुक्त राष्ट्रीय की रेजिडेंट समन्वयक के तौर पर 26 संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के सहयोग से इंडोनेशिया सरकार और इंडोनेशिया के लोगों की सेवा करने के लिए उत्सुक हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। इससे पहले, सभरवाल थाईलैंड में संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट समन्वयक और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र की शांति निर्माण और विकास सलाहकार के रूप में कार्य कर चुकी हैं।

# देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस : योगी

एजेंसी। अमरोहा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में शरिया कानून लागू करने और जनता की सम्पत्ति का बंटवारा करने की मंशा जाहिर की है।

योगी ने अमरोहा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश के साथ गद्दारी की है और एक बार फिर गद्दारी करने के लिए अपने झूठा घोषणा पत्र के साथ आपके पास आए हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखें। वह कहते हैं कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम शरिया कानून लागू कर देंगे। आप बताओ यह देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा या किसी शरीयत से चलेगा? उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग अपने घोषणा पत्र में इस बात की चर्चा करते हैं कि हम व्यक्तिगत कानून यानी शरिया कानून को लागू करेंगे क्योंकि मोदी ने तीन तलाक की प्रथा को रोक दिया। वह कहते हैं कि हम फिर से व्यक्तिगत कानून (पर्सनल लॉ) को बहाल करेंगे। योगी ने आरोप लगाया, कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि वे जनता की संपत्ति को लेकर उसका बंदरबांट करेंगे। क्या आप कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अपनी संपत्ति पर डकैती डालने की छूट देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ आपकी संपत्ति पर उनकी कोई दृष्टि है और दूसरी तरफ माफिया और अपराधियों को अपने गले का हार बनाकर कैसे उनके नाम पर फातिहा पढ़ रहे हैं।



सीएम योगी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की वर्ष 2006 में की गई एक टिप्पणी का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, डॉ. मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री थे, उस समय उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। उन्होंने पूछा, अगर ऐसा है तो हमारा दलित कहां जाएगा, पिछड़ा कहां जाएगा, खड़गवंशी, पाल, गरीब, किसान कहां जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर दिए जाने का दावा करते हुए कहा, 10 वर्ष पहले देश में भय और आतंक का माहौल होता था। वर्ष 2014 के बाद आतंकवाद को नियंत्रित किया गया और 2019 आते-आते मोदी सरकार ने ऐसा कार्य किया कि आतंकवाद की जड़ यानी कश्मीर के अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया।

# भोजशाला विवाद में एएसआई ने अदालत से मांगी आठ सप्ताह की मोहलत

## मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल को

एजेंसी। इंदौर

**मध्यप्रदेश** उच्च न्यायालय के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है।

एएसआई ने मोहलत की मांग करते हुए उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि विवादित परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। उच्च न्यायालय ने भोजशाला विवाद के मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है।



उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इसके बाद एएसआई ने 22 मार्च से इस विवादित परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था, जो लगातार जारी है। सर्वेक्षण का आदेश भोजशाला मसले से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। उच्च न्यायालय में एएसआई की सोमवार को दायर अर्जी में कहा गया कि भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के साथ-साथ इसकी परिधि के क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण प्रगति पर है, जिसमें वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही, एएसआई के दल द्वारा पूरे स्मारक का विस्तृत दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। एएसआई ने अपनी अर्जी में सर्वेक्षण से जुड़ी खुदाई को बहुत ही व्यवस्थित और धीमी प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह कवायद भी प्रगति पर भी है और इस परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की आवश्यकता होगी।

अर्जी के मुताबिक स्मारक की बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि प्रवेश द्वार के बरामदे में बाद में किया गया भराव इस संरचना की मूल विशेषताओं को छिपा रहा है। अर्जी में कहा गया कि इस भराव को हटाने का काम मूल संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बगैर बहुत सावधानी से किया जाना है जो धीमी और समय लेने वाली प्रक्रिया है। अर्जी में यह भी बताया गया कि एएसआई ने राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) से ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया है। अर्जी के मुताबिक एनजीआरआई का दल और उनके वैज्ञानिक उच्च न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए संबंधित क्षेत्र में नियमित रूप से सर्वेक्षण कर रहे हैं। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम समुदाय 11वीं सदी के इस परिसर को कमाल मौला मस्जिद बताता है। भोजशाला को लेकर विवाद शुरू होने के बाद एएसआई ने सात अप्रैल 2003 को एक आदेश जारी किया था।

# फिलीपीन में सैनिकों ने 12 संदिग्ध मुस्लिम विद्रोहियों को मार गिराया

एजेंसी। मनीला

**दक्षिण** फिलीपीन में एक हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, समूह पर अतीत में बम विस्फोट करने और उगाही करने का आरोप है।

ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया कि मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के दातु सऊदी अम्पातुआन शहर के एक अंदरूनी इलाके में सोमवार को बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स के संदिग्ध सदस्यों के साथ एक घंटे की झड़प में सात सैनिक भी घायल हुए हैं। कगारा ने बताया कि विद्रोही समूह का एक प्रमुख कमांडर मोहिदेन अनिमबांग, उसका भाई सागा अनिमबांग और 10 अन्य संदिग्ध विद्रोही मुठभेड़ में मारे गए। घटनास्थल से लगभग एक दर्जन हथियार बरामद किए गए। क्षेत्रीय सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल डेनिस अल्मोरेतो ने टेलीफोन पर एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यह समूह लंबे समय से बमबारी, सेना और पुलिस चौकियों पर हमला करने और बस कंपनियों से जबरन वसूली जैसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए कुख्यात था। हमने आखिरकार उन्हें मार गिराया।




# चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस का रहा दबदबा

**● यहां पर कांग्रेस 9 बार और भाजपा को 5 लोकसभा चुनाव में मिली जीत**

संजय राय। नई दिल्ली

**चांदनी** चौक लोकसभा क्षेत्र सामान्य श्रेणी में आता है। इसमें, मध्य दिल्ली और उत्तरी दिल्ली जिले के कुछ हिस्से आते हैं। उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिले के भी कुछ हिस्से इस सीट के अंतर्गत आते हैं। यहां की साक्षरता दर 75.9 फीसदी है।

भारतीय जनता पार्टी के डॉ हर्षवर्धन यहां के सांसद हैं। वह पिछले दो बार से यहां से चुनाव जीतते आ रहे हैं। हालांकि इस बार उनका टिकट कट गया है।

भाजपा ने इस बार के चुनाव में प्रवीण खंडेलवाल पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने अनुभवी जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। इन दोनों नेताओं के बीच होने मुकाबला दिलचस्प होगा। मोदी लहर पर सवार प्रवीण खंडेलवाल का मुकाबला राजनीति के कद्दावर नेता जयप्रकाश अग्रवाल से है। अग्रवाल का चांदनी चौक सीट से चार दशक पुराना नाता है। उन्होंने वर्ष 1984 में लोकसभा चुनाव में पहली बार चांदनी चौक से जीत दर्ज की थी। उसके बाद वर्ष 1989 और 1996 का चुनाव भी चांदनी चौक से जीत तो वर्ष 2009 में उत्तर पूर्वी दिल्ली से चौथी जीत हासिल की थी हालांकि वर्ष 1991 और 2019 में घरेलू मैदान के साथ वर्ष 2014 में उत्तर पूर्वी दिल्ली से हार का स्वाद भी चखा था। उनका मुकाबला इस बार व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल से है। मोदी लहर पर सवार खंडेलवाल से पार पाना जयप्रकाश अग्रवाल के लिए भी आसान नहीं होगा लेकिन उनके नाम की घोषणा ने चांदनी चौक के चुनावी घमासान को जरूर दिलचस्प बना दिया है । एक तरफ उनके पास 40 वर्ष का राजनीतिक अनुभव है तो क्षेत्र में उनका नाम है जबकि प्रवीण खंडेलवाल राजनीति में नए हैं लेकिन व्यापारियों के बीच वह भी लंबे समय से सक्रिय है साथ ही राम मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे मोदी सरकार की वादों को पूरा करने की गारंटी है।

प्रवीण खंडेलवाल वर्ष 2008 में भाजपा के टिकट पर चांदनी चौक विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन तब उन्हें आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक प्रहलाद सिंह साहनी से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से वह व्यापारी सियासत में अधिक सक्रिय रहे हैं जो उनके लिए अवसर के रूप में तब्दील हुआ और उन्हें टिकट मिला।

जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें दस बार चुनाव लड़ने का मौका दिया है। इनमें से 8वीं बार चाँदनी चौक से चुनाव लड़ने का मौका दिया है। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ चाँदनी चौक क्षेत्र का मतदाता भी हैं। चाँदनी चौक दिल्ली का दिल है और यहां रहने वाले हर व्यक्ति चाहे वो गरीब हो, अमीर हो, मध्यम वर्ग का हो, रेहड़ी पटरी वाला हो, मजदूर हो, व्यापारी, दुकानदार, स्थानीय निवासी सबसे मेरे घरेलू संबध है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने संसद में यहां की जनता के लिए शब्द भी नहीं बोला और पूरे समय मुंह बंद करके रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार होते हुए भी हक में 1000 से भी अधिक सवाल पूछे।

### किस समाज के कितने लोग

*चांदनी चौक लोकसभा सीट पर 8,48,303 पुरुष मतदाता और 7,13,393 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय सीट पर लगभग 25 फीसदी वैश्य वोटर हैं, जबकि 14 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के हैं। इसके अलावा एससी जाति के 21.14 फीसदी, जैन 1.24 फीसदी और सिख 2.26 फीसदी चांदनी चौक में रहते हैं।*


प्रवीण खंडेलवाल


जयप्रकाश अग्रवाल

### सीट पर वैश्य व व्यापारी प्रभावी भूमिका में

**चांदनी** चौक में करीब 25 फीसदी के साथ वैश्य और व्यापारी समुदाय प्रभावी भूमिका में है इसलिए दोनों दलों ने यहां से वैश्य समुदाय से प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि 14 फीसदी के साथ मुस्लिम समुदाय का झुकाव गठबंधन की ओर देखा जा सकता है। संसदीय क्षेत्र से 9 बार कांग्रेस और पांच बार भाजपा को चुनाव में जीत मिली है।

# हनुमान की कृपा से सीएम को मिली इंसुलिन : आप

**● आप नेता आतिशी, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज ने इस ईश्वर का आशीर्वाद माना**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ऐसा भगवान हनुमान के आशीर्वाद के कारण हुआ है। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बजरंग बली की जय। हनुमान जयंती पर मिली खुशखबरी। तिहाड़ प्रशासन ने अरविंद केजरीवाल को आखिरकार इंसुलिन दी। यह हनुमान जी के आशीर्वाद और दिल्ली वालों के संघर्ष से संभव हुआ है। इस संघर्ष के दौर में भी बजरंग बली का आशीर्वाद हम सब पर बना हुआ है।

तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने कहा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं। अधिकारी ने बताया कि शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गई, जिसके बाद तिहाड़ में उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज हनुमान जयंती के मौके पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे, जहां भगवान हनुमान की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने इंसुलिन की शीशियों वाला एक कट-आउट गले में पहना हुआ था और भारद्वाज गदा लिए एक वाहन पर सवार होकर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया, हनुमानजी ने अपने भक्त अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दिया है।

अदालत ने आदेश पारित किया, जेल ने इनकार किया लेकिन हनुमानजी के कारण केजरीवाल को इंसुलिन मिला। हम केजरीवाल के अच्छे स्वास्थ्य, लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करते हैं और वह जल्द ही रिहा होंगे। इससे पहले दिन में भारद्वाज ने आरोप लगाया था कि अधिकारी केजरीवाल को जानबूझकर इंसुलिन नहीं दे रहे थे। भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज साफ हो गया कि मुख्यमंत्री सही थे।

उन्हें इंसुलिन की जरूरत थी लेकिन भाजपा नीत केंद्र सरकार के अधिकारी जानबूझकर उनका इलाज नहीं कर रहे थे। बताओ भाजपा वालों, अगर इंसुलिन की जरूरत ही नहीं है तो अब क्यों दे रहे हैं ? क्योंकि पूरी दुनिया इन पर लानत भेज रही है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने और कथित दुर्व्यवहार के बावजूद आखिर मुख्यमंत्री को इंसुलिन मिल ही गई। सिंह ने कहा, भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि केजरीवाल को 23 दिनों के बाद इंसुलिन दिया गया। हम कह रहे थे कि केजरीवाल को इंसुलिन दिए जाने की जरूरत है लेकिन उन्होंने (जेल प्रशासन) अब जाकर इंसुलिन दिया। दिल्ली के लोग केजरीवाल के बारे में चिंतित थे लेकिन उनका संघर्ष सफल हुआ।


शोभा यात्रा के दौरान इंसुलिन के साथ हनुमान भक्त व साथ में मंत्री सौरभ भारद्वाज।

### सुनीता केजरीवाल ने हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना की

*नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि अगली बार वह अपने पति के साथ मंदिर में आएंगी। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुनीता ने कहा, हनुमान बाबा सभी को सदबुद्धि और समृद्धि दें।*

## एशिया 2023 में सर्वाधिक आपदा प्रभावित क्षेत्र रहा

**नई दिल्ली।** प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव 2023 में भी एशिया में जारी रहे, जिसने इसे विश्व के सर्वाधिक आपदा प्रभावित क्षेत्र में तब्दील कर दिया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 2023 में एशिया में जलवायु की स्थिति पर रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ और तूफान के कारण सर्वाधिक संख्या में लोगों की मौतें हुईं तथा आर्थिक नुकसान हुआ तथा लू का कहर और बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर पश्चिम प्रशांत महासागर में समुद्र के सतह का तापमान अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया और यहां तक कि आर्कटिक महासागर में समुद्री उष्ण लहर (हीट वेव) की स्थिति देखने को मिली। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टो साउलो ने कहा, क्षेत्र में कई देशों ने 2023 को सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज किया, जिस दौरान सूखा और भीषण गर्मी से लेकर बाढ़ एवं तूफान जैसी मौसम की कई प्रतिकूल स्थितियां रहीं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने इस तरह की परिघटनाओं की बारंबरता और गंभीरता को बढ़ाया, जिसका समाज, अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक मानव जीवन तथा पर्यावरण को प्रभावित किया। जलवायु कार्यकर्ता हरजीत सिंह ने कहा कि नई रिपोर्ट यह रेखांकित करती है।

# भाजपा का 9745 बूथों पर हनुमान चालीसा का पाठ

**● प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ द्वारका, वीरेन्द्र सचदेवा कनाट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की आरती**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने 9745 बूथों पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और आरती की।

मंगलवार शाम को प्रदेश भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ हनुमान मंदिर, राजनगर, द्वारका में और दिल्ली अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा प्राचीन हनुमान मंदिर, कनाट प्लेस में कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा पाठ में सम्मलित हुए।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा की हनुमान सत्य, संकल्प, समर्पण, शक्ति एवं समृद्धि के प्रतिक हैं और उनकी पूजा इंसान को सफलता दायक है। दिल्ली गत कुछ सालों से सरकारी भ्रष्टाचार से त्रस्त है और विकास ठप्प हो गया है और आज का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ विकास एवं समृद्धि की कामना से आयोजित किया है। सचदेवा ने कहा जो वर्ष 2022 तक राम मंदिर का विरोध करते थे वे आज खुद को राम भक्त बताते हैं। लोकसभा चुनाव में ऐसे सभी दोहरे चरित्र के लोगों का हिसाब करेंगे।



# जहांगीरपुरी में तैनात रहे अर्धसैनिक बल


पुलिस सुरक्षा के बीच निकाली गई शोभायात्रा। फोटो: रंजन डिमरी

**● शोभायात्रा के दौरान शांति और सौहार्द कायम रखने के लिए पुलिस की सख्ती**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर मंगलवार को जहांगीरपुरी शोभायात्रा के दौरान निगरानी के लिए बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों को तैनात करने के साथ सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022 में उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के मौके पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक झड़प के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए। राष्ट्रीय राजधानी खासकर के उन इलाकों में सुरक्षा का खास ख्याल रखा जहां शोभा यात्राएं निकाली गईं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, जहांगीरपुरी में शोभायात्रा के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा योजना बनाई गई थी। यात्रा को पुलिस की कड़ी निगरानी निकालने के साथ बड़ी संख्या में अर्धसैनिक तैनात रहे।

अधिकारी ने कानून- व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्वाई की चेतावनी जारी की थी। अधिकारी ने बताया, उत्तर पश्चिमी जिले के सभी थानाध्यक्षों को सतर्क रहने और अपने सूत्रों को भी सतर्क रखने को कहा गया था।

इस संबंध में थानाध्यक्षों को संकट की स्थिति से जुड़ी हर सूचना पर तुरंत ध्यान देने और व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल पर जाकर ऐसी किसी भी स्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। हमने दमकल विभाग से भी सतर्क रखा था।

## राज कुमार चौहान के खिलाफ फैसला एआईसीसी पर छोड़ा : डॉ नाथ

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक कमेटी ने डॉ. नरेंद्र नाथ की अध्यक्षता में मंगलवार सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिल्ली के पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजकुमार चौहान के खिलाफ शिकायत पर एआईसीसी पर छोड़ दिया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अनुशासनात्मक कमेटी उन लोगों की पहचान करेगी जिन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों का मीडिया से परिचित कराने के दौरान नारे लगाए थे और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। अनुशासनात्मक कमेटी ने दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वो अनुशासन बनाए रखें और किसी भी पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल हुए बिना लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए काम करें।

# शिक्षण संस्थान वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करें : जेएनयू कुलपति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा है कि भारत में धर्म, भाषा और ड्रेस कोड में एकरूपता कारगर नहीं है क्योंकि यह देश केवल एक समुदाय विशेष के लिए नहीं है।

पंडित ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करना चाहिए और जो छात्राएं हिजाब पहनना चाहती हैं तो उन्हें इसकी अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं धर्म, जाति या भाषा में एकरूपता पर सहमत नहीं हूं। एक भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। अगर कुछ लोग कुछ राज्यों में इसे बदलकर हिंदी करना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं। लेकिन दक्षिण में यह मुश्किल होगा। पूर्वी भारत में, यहां तक कि महाराष्ट्र में मुझे नहीं लगता कि हिंदी स्वीकार्य होगी। कुलपति ने कहा, मैं कहूंगी कि हिंदी हो सकती है लेकिन एक ही भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए।

जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी दोनों त्रि-भाषा फॉर्मूले की बात करते थे तो वे मूर्ख तो नहीं थे, क्योंकि भारत में, किसी भी रूप में एकरूपता काम नहीं करती है। वह हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने और शिक्षण में माध्यम की मुख्य भाषा बनाने की मांगों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थीं।

### दिल्ली दंगे मामले में आरोपी को जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि हिंसक प्रदर्शन विरोध करने के संवैधानिक अधिकार से परे है तथा यह कानून के तहत दंडनीय अपराध है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मंगलवार को अपलोड किए गए अपने आदेश में कहा कि इस बारे में पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी सलीम मलिक गहरी साजिश में सह साजिशकर्ता था जिसने शांति एवं सद्भाव में कथित तौर पर खलल डालने के लिए धर्म के नाम पर स्थानीय लोगों को उकसाया।

# गाजीपुर में ट्रोमल मशीनें नहीं कर रहीं काम : बिधूड़ी

**● बोले, सेग्रेगेशन का काम है ठप, भाजपा शासन में थी तो ठोका था 50 लाख का जुर्माना**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने की घटना को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने आप से सवाल पूछा के रविवार को कचरे के पहाड़ में आग लगने के बाद अब दिल्ली सरकार बगले क्यों झांक रही है। दो साल पहले जब इसी तरह गाजीपुर के लैंडफिल साइट पर आग लगी थी और नगर निगम में भाजपा सत्ता में थी तो दिल्ली सरकार ने एमसीडी पर 50 लाख रुपए का जुर्माना ठोका था।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी को सत्ता में आए करीब डेढ़ साल होने वाला है लेकिन अब तक कूड़े के पहाड़ को हटाने में ज्यादा प्रगति नहीं हुई जबकि एक साल में गाजीपुर, ओखला और भलस्वा में कूड़े के पहाड़ हटाने का वादा निगम चुनाव में किया गया था। अब इसकी तारीख 2026 तक बढ़ा दी गई है। गाजीपुर में अभी भी 90 मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ही इस बात पर हैरानी जताई है कि राजधानी में रोजाना 11 हजार टन कूड़ा निकलता है और उसमें से 3 हजार टन कूड़े का निस्तारण भी नहीं हो पा रहा। आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार और नगर निगम में सत्ता में है और अब जिम्मेदारी से बचने का कोई बहाना उसके पास नहीं है लेकिन यह सरकार पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार हर कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए ही उठाती है।



# मतदान करने वालों को होटल और रेस्तरां में मिलेगी छूट

**● एमसीडी 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों को रहने और खाने पर 20 से 50 प्रतिशत तक छूट की पेशकश की**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण में इस बार उस तरह का उत्साह मतदाताओं की ओर से नहीं दिखा। उसका असर यह रहा कि 2019 के मुकाबले इस बार मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है। इससे चुनाव आयोग समेत अन्य एजेंसियां चिंतित है। निर्वाचन आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी मतदान प्रतिशत में उत्साहजनक वृद्धि नहीं हो रही है। अब सरकारी एजेंसियां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के की रणनीति पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली नगर निगम ने 25 मई को दिल्ली में होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। मतदान करने वाले मतदाताओं को छूट की पेशकश करने के लिए एमसीडी ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अपने साथ जोड़ा है।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार, नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) से संबद्ध रेस्तरां वोट डालने वाले ग्राहकों को रहने और भोजन करने पर 20 प्रशित की छूट की पेशकश की है। सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल भी वोट डालने वाले मतदाताओं को 20 प्रतिशत की छूट देगा चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल, व्यापार मंडल सी-4-ई मार्केट जनकपुरी और पश्चिम, केशवपुरम, नजफगढ़, सिटी एसपी, करोलबाग जोन में विभिन्न भोजनालय और होटल मतदान करने वाले मतदाताओं को छूट की सुविधा देंगे। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिल्ली नगर निगम इस दिशा में कई कदम उठा रहा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उच्च मतदान प्रतिशत आवश्यक है।

चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल ने उंगली पर अमिट स्याही का निशान वाले खरीदारों को मंडल के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों पर 10 प्रतिशत की छूट देने की पेशकश की है। खरीदार 27 मई तक इस एकमुश्त छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसी प्रकार व्यापार मंडल सी-4-ई जनकपुरी मार्केट। लोकतंत्र को बढ़ावा देने, मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और आगामी चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्णय लिया गया है कि अपनी उंगली पर मतदान का निशान दिखाने वाले व्यक्ति बाजार से अपनी खरीदारी पर 5 प्रतिशत की छूट के हकदार होंगे।

पश्चिम क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों ने आगामी आम चुनावों में मतदान के अधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को 10 प्रतिशत-20 प्रतिशत तक की छूट देने का निर्णय लिया है।

एनआरएआई (नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया) से संबद्ध रेस्तरां ने दिल्ली के मतदाताओं को अपनी आईडी और स्याही लगी उंगली दिखाने पर 20 फीसदी छूट देने की घोषणा की है। इसी तरह सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल साकेत ने मॉल में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों से पात्र मतदाताओं को वोट छूट की बात कही है।

लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को सफल बनाने के लिए केशवपुरम क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठान भी शामिल हो गए हैं। इस दिशा में काम करते हुए केशवपुरम जोन में स्थित कई प्रतिष्ठानों ने वोट डालने वाले मतदाताओं को 20-30फीसदी की छूट देने का फैसला किया है। नजफगढ़ क्षेत्र के द्वारका इलाके में स्थित रेडिसन ब्लू होटल ने घोषणा की है कि 25 मई को वोट डालने वाले मतदाताओं को लंच बुफे पर 50 फीसदी और डिनर बुफे पर 30 फीसदी की छूट मिलेगी।

# संजय सिंह का दावा केजरीवाल के लिए तिहाड़ बना यातना गृह

**● बोले, पीएम, एलजी सीसीटीवी का लिंक मंगाकर 24 घंटे रख रहे नजर**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी और एलजी पर हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के लिए तिहाड़ जेल यातना गृह बन गया है। उन पर 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री और एलजी नजर रख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि वे क्या देखना चाहते हैं कि जेल में केजरीवाल की किडनी, लीवर या स्वास्थ्य खराब हुआ या नहीं। पीएम को महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए, लेकिन उनको तो केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की चिंता है।

सिंह ने पीएम को सलाह दी है कि अगर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री से मुकाबला करना चाहते हैं, तो वो भी काम की राजनीति करें और केजरीवाल की तरह अच्छे स्कूल, अस्पताल और सड़कें बनाकर दिखाएं। संजय सिंह मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपराज्यपाल जनता का काम छोड़कर ये देखने में लगे हुए हैं कि केजरीवाल को कितनी प्रताड़ना और यातनाएं दी जा रही हैं। केजरीवाल ने बच्चों की अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा का इंतजाम किया, मुफ्त बिजली, पानी का इंतजाम किया। उनसे पीएम से क्या दुश्मनी है। उन्होंने आईआरएस की नौकरी छोड़ दी, 49 दिन में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लात मार दिया, जबकि कोई चपरासी की भी नौकरी नहीं छोड़ना चाहता है। पीएम केजरीवाल के मनोबल को गिराना चाहते हैं।



# संविधान पर अपनी टिप्पणी पर बहस के लिए तैयार हूं : फर्नांडिस

**पायनियर समाचार सेवा।** पणजी।



**दक्षिण** गोवा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस ने दावा किया है कि 1961 में पुर्तगाली शासन से मुक्ति के बाद गोवा पर भारतीय संविधान थोपा गया था। हालांकि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत द्वारा टिप्पणी की आलोचना किए जाने के बाद फर्नांडिस ने कहा कि उनके बयान को राजनीतिक लाभ लेने के लिए तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया जाना चाहिए और वह अपने बयान के साथ-साथ गोवा की पहचान को नष्ट करने , बेरोजगारी, महंगाई, अपराध और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बहस करने के लिए तैयार हैं।

फर्नांडिस ने दक्षिण गोवा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि 1987 में एक राज्य बना गोवा अपना भाग्य खुद तय करेगा। फर्नांडिस ने कहा कि हालांकि ऐसा हुआ नहीं। पुर्तगाल का पासपोर्ट चुनने वाले गोवा के मूल निवासियों के लिए दोहरी नागरिकता के समर्थक फर्नांडिस ने दक्षिण गोवा में यह बात कही। फर्नांडिस ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी से हुई अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने गांधी से कहा था, जब 1961 में गोवा मुक्त हुआ था, तो भारतीय संविधान हम पर थोपा गया था। फर्नांडिस उस समय एक एनजीओ गोएंचो अवे का हिस्सा थे, जो पुर्तगाल का पासपोर्ट चुनने वाले गोवा के मूल निवासियों के लिए दोहरी नागरिकता दिए जाने की मांग कर रहा था। उन्होंने सभा में कहा, हमने (पणजी के पास एक होटल में राहुल गांधी के साथ बैठक के दौरान) गांधी के सामने 12 मांगें रखीं थीं और उनमें से एक दोहरी नागरिकता देने से संबंधित थी। गांधी ने मुझसे पूछा कि क्या यह मांग संवैधानिक है। हमने कहा-नहीं। फर्नांडिस ने कहा कि कांग्रेस सांसद गांधी ने उनसे कहा कि अगर मांग संवैधानिक नहीं होगी तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। फर्नांडिस ने कहा, मैंने उन्हें समझाया कि भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। जब 1961 में गोवा पुर्तगाली शासन से मुक्त हुआ, तो आपने (तत्कालीन केंद्र सरकार की ओर इशारा करते हुए) हम पर संविधान थोप दिया। हमें इसमें शामिल नहीं किया गया था। फर्नांडिस ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी के पिता (राजीव गांधी) के नाना (जवाहर लाल नेहरू) का एक भाषण याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि आजादी के बाद गोवा अपना भाग्य खुद तय करेगा, लेकिन हमारी किस्मत किसी और ने तय की थी। मुख्यमंत्री सावंत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कांग्रेस उम्मीदवार फर्नांडिस और उनकी पार्टी पर निशाना साधा। भाजपा नेता सावंत ने लिखा, मैं दक्षिण गोवा से कांग्रेस के उम्मीदवार की टिप्पणी से स्तब्ध हूं, जिन्होंने दावा किया है कि गोवा के लोगों पर भारतीय संविधान जबरदस्ती थोपा गया था। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को पूरे दिल से विश्वास था कि गोवा भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। कांग्रेस ने गोवा की मुक्ति में 14 साल की देरी की। अब, उनके उम्मीदवार ने भारतीय संविधान को कमजोर करने की हिमाकत कर रहे हैं। सावंत ने विपक्षी दल से देश को तोड़ने की राजनीति बंद करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस को भारत तोड़ो राजनीति तुरंत बंद करनी चाहिए। कांग्रेस हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। सावंत के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए फर्नांडिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट में कहा, गोवा के प्रिय मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ पाने और जहर फैलाने के लिए मेरे भाषण के चुनिंदा शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश न करें। मैंने जो कहा उस पर और भाजपा द्वारा गोवा की पहचान का नष्ट करने, बेरोजगारी में वृद्धि, महंगाई, अपराध और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर बहस करने के लिए तैयार हूं। गोवा विधानसभा में विपक्ष के नेता यूरी अलेमाओ अपनी पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में सामने आए और कहा कि भाजपा को संविधान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अलेमाओ ने एक्स पर की गई पोस्ट में कहा, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत की भाजपा सरकार का गठन संविधान की हत्या के साथ हुआ था। भाजपा ने पूरे देश में दलबदल कराया, उसे संविधान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। आइए हम भाजपा के 10 सालों के शासन के दौरान अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, गोवा के विनाश पर बात करते हैं। गोवा की दो लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

## पीएम आदिवासी कल्याण के लिए काम करने में विफल क्यों रहे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनसभा की पृष्ठभूमि में प्रदेश से जुड़े कुछ विषयों को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा और सवाल किया कि वह आदिवासी कल्याण के लिए काम करने में विफल क्यों रहे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, छत्तीसगढ़ के धमतरी और जांजगीर-चांपा में रैली करने जा रहे प्रधानमंत्री से हमारे सवाल हैं। क्या छत्तीसगढ़ की जनता के राशन में कटौती मोदी की गारंटी का हिस्सा है? मोदी सरकार ने जांजगीर के कोसा सिल्क उद्योग को नज़रअंदाज़ क्यों किया। प्रधानमंत्री आदिवासी कल्याण के लिए काम करने में विफल क्यों रहे। उन्होंने दावा किया, छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं को मोदी की गारंटी के माध्यम से धोखा दिया गया है। 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने 'मोदी की गारंटी' दी थी कि छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने नहीं बताया था कि इस 'गारंटी' में नियम और शर्तें भी लागू होंगी। रमेश ने कटाक्ष करने के साथ ही सवाल किया कि भारतीय जुमला पार्टी के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, क्या प्रधानमंत्री वास्तव में सोचते हैं कि लोग 'मोदी की गारंटी' पर विश्वास कर सकते हैं? उन्होंने यह आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में जांजगीर-चांपा के सिल्क उद्योग की घोर उपेक्षा हुई है। वर्ष 2006 में पुराना संघर्ष तब समाप्त हो गया था।

## कभी भ्रष्टाचार का केंद्र रहा नोएडा अब डबल इंजन सरकार में व्यापार का केंद्र बन चुका है : राजनाथ



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि किसी जमाने में नोएडा को भ्रष्टाचार के केंद्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यह व्यापार के केंद्र में तब्दील हो गया है। रक्षा मंत्री ने राज्य की पिछली गैर भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र में पहले अपराधियों का बोलबाला रहता था, जिसके कारण लोग यहां से पलायन करते थे। लेकिन अब यह बीते दिनों की बात हो चुकी है। सिंह, गौतम बौद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश शर्मा के समर्थन में ग्रेटर नोएडा के बिसाहा गांव में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है।

उन्होंने कहा, आप लोग नोएडा के बारे में बहुत अच्छे से जानते हैं। एक समय था जब नोएडा उत्तर प्रदेश के राजनेताओं के लिए भ्रष्टाचार का केंद्र था। अधिकारियों के लिए भी ऐसा कहा जाता था कि भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र अगर कोई है तो वह नोएडा है। उन्होंने कहा, लेकिन आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नोएडा अब भ्रष्टाचार का केंद्र नहीं बल्कि व्यापार का केंद्र बन गया है।

भाजपा नेता ने राज्य में डबल इंजन सरकार की सराहना करते हुए कहा, इस क्षेत्र में अपराधियों का जिस तरह का खौफ था, जिस तरह का उनका बोलबाला था, यहां तक खबरें थीं कि कुछ लोग यहां से पलायन कर रहे थे। ए सब अब अतीत की बातें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत में अगर कोई जगह पर्यटन, कानून व्यवस्था के लिए जानी जाती है तो वह नोएडा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, यह प्रदेश अब आपराधिक रिकॉर्ड के लिए नहीं बल्कि भारत के कोने-कोने और दुनिया के अन्य देशों से आने वाले भारी निवेश, उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे की चमक के लिए जाना जाता है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने गौतम बौद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी श्रेय लिया। उन्होंने कहा, जेवर हवाई अड्डा यहां नजदीक है। जब मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री था तो मुझे अच्छी तरह याद है कि मैं सबसे पहले जेवर हवाई अड्डे का प्रस्ताव लेकर भारत सरकार के पास गया था। सिंह ने कहा, बीच के वक्त में उत्तर प्रदेश में दूसरी पार्टियों की सरकारें बनीं और जेवर हवाई अड्डा का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया। लेकिन मैं वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। इस अवसर पर आभार जताया।

## कांग्रेस और राहुल गांधी ने हमेशा सनातन व हिंदुत्व को कमजोर करने का काम किया : स्मृति ईरानी



**पायनियर समाचार सेवा।** अमेठी

**केंद्रीय** मंत्री और अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस सनातन व राष्ट्र विरोधी हैं और उन्होंने हमेशा सनातन तथा हिंदुत्व को कमजोर करने का काम किया। स्मृति ईरानी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र के जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के गोसाईं, डोमाडीह, थौरी, रानीगंज में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने हमेशा सनातन और हिंदुओं को कमजोर करने का काम किया है। ईरानी ने कहा, ये (कांग्रेस और राहुल) हिंदुत्व का विरोध करते-करते प्रभु रामज का भी विरोध कर बैठे। इन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता भी ठुकरा दिया, इसलिए जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

उन्होंने कहा, ए लोग सनातन विरोधी ही नहीं राष्ट्र विरोधी भी हैं। राहुल हों या प्रियंका या फिर कांग्रेस, सभी ने अपनी पार्टी का उम्मीदवार उस व्यक्ति को बनाया, जिसने भारत के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमेठी में विकास कार्यों का दावा करते हुए स्मृति ने यह आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने अमेठी के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। भाजपा ने ईरानी को अमेठी से तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है। स्मृति ईरानी ने 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पराजित किया था। कांग्रेस ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से अब तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

## ओडिशा में चुनाव से पहले बीजद की दो प्रमुख महिला नेताओं ने इस्तीफा दिया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से कुछ ही समय पहले सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) की दो प्रमुख महिला नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। हिंडोल से विधायक सिमरानी नायक ने सोमवार को बीजद से इस्तीफा दिया था, वहीं संबलपुर की पूर्व विधायक रासवश्वरी पाणिग्रही ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया। विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने के कुछ घंटों बाद ही नायक ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह ढेंकनाल के सांसद महेश साहू को पार्टी ने मैदान में उतारा है। बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक को लिखे अपने इस्तीफे में दो बार विधायक रहीं सिमरानी नायक ने व्यक्तिगत समस्याओं का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया। नायक ने 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अशोक कुमार नायक को लगभग 19,000 मतों के अंतर से हराकर सीट जीती थी। पाणिग्रही ने बताया कि बीजद प्रमुख द्वारा जिले के बाहर के उम्मीदवारों को मैदान में उतारने से नाराज हो कर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया है। बीजद ने संबलपुर विधानसभा सीट के लिए बारगढ़ से पूर्व सांसद प्रसन्न आचार्य को मैदान में उतारा था।

## कानून की छात्रा ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को मुफ्त बस टिकट से बनी माला भेंट की



**हासन।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को कानून की पढ़ाई करने वाली प्रथम वर्ष की एक छात्रा ने बस की मुफ्त टिकट से बनी एक माला भेंट की, जिससे वह बहुत खुश हुए। कांग्रेस के पांच प्रमुख चुनावी वादों में से एक शक्ति गारंटी योजना शुरू करने के लिए छात्रा ने सिद्धरमैया के प्रति आभार जताने के लिए ए माला भेंट की। पिछले साल जून में शुरू की गई इस योजना से राज्य की गैर-लक्जरी सरकारी बसों में महिलाएं मुफ्त यात्रा करती हैं।

परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना की शुरुआत के बाद 194.39 करोड़ मुफ्त यात्रा की गई हैं, जिसमें राज्य के खजाने पर 4,673.56 करोड़ रुपये का भार पड़ा। एमए जयश्री ने सोमवार शाम को इस जिले के अरसीकेरे में एक चुनावी रैली के दौरान सिद्धरमैया को माला भेंट की थी। जयश्री ने सिद्धरमैया को माला भेंट करते हुए कहा, आपने मुझे बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा दी, जिससे मैं कानून की पढ़ाई कर सकूं।

## देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस : योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** अमरोहा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में शरिया कानून लागू करने और जनता की सम्पत्ति का बंटवारा करने की मंशा जाहिर की है। योगी ने अमरोहा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश के साथ गद्दारी की है और एक बार फिर गद्दारी करने के लिए अपने झूठा घोषणा पत्र के साथ आपके पास आए हैं।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखें। वह कहते हैं कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम शरिया कानून लागू कर देंगे। आप बताओ यह देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा या किसी शरीयत से चलेगा? उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग अपने घोषणा पत्र में इस बात की चर्चा करते हैं कि हम व्यक्तिगत कानून यानी शरिया कानून को लागू करेंगे क्योंकि मोदी ने तीन तलाक की प्रथा को रोक दिया। वह कहते हैं कि हम फिर से व्यक्तिगत कानून (पर्सनल लॉ) को बहाल करेंगे।

योगी ने आरोप लगाया, कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि वे जनता की संपत्ति को लेकर उसका बंदरबांट करेंगे। क्या आप कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अपनी संपत्ति पर डकैती डालने की छूट देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ आपकी संपत्ति पर उनकी कोई दृष्टि है और दूसरी तरफ माफिया और अपराधियों को अपने गले का हार बनाकर कैसे उनके नाम पर फातिहा पढ़ रहे हैं।

## सपा नहीं चाहती एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले : मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को आरक्षण का मुद्दे उठाते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) नहीं चाहती कि अनुसूचित जाती (एससी)- अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मायावती ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। बसपा प्रमुख मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के अलीपुर मैदान में पार्टी उम्मीदवार देवव्रत कुमार त्यागी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व कांग्रेस पर निशाना साधा और आरक्षण के मुद्दे को लेकर सपा को कटघरे में खड़ा किया। मायावती ने कहा, सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों को दिया जाने वाला आरक्षण वर्षों से अभी तक पूरा नहीं हुआ। मायावती ने कहा, उप्र में जब सपा की सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था। बसपा प्रमुख ने आम मतदाताओं को सपा से सचेत करते हुए कहा क्या एससी-एसटी के कर्मचारी वर्ग ऐसी पार्टी (सपा) को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने के लिए पूरे जी जान से लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, सपा नहीं चाहती है कि एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल पूछा, जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने संसद में इस बिल को फाड़ दिया था। आप खुद ही बताइए कि ऐसी समाजवादी पार्टी दलितों शोषितों का क्या भला कर सकती है? मायावती ने पश्चिमी क्षेत्र को मिलाकर अलग से राज्य बनाने का भी वादा किया। उन्होंने याद दिलाया कि मायावती सरकार ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा था लेकिन केंद्र सरकार ने उसे अमल में नहीं लाया। 2011 में मायावती सरकार ने उत्तर प्रदेश को विभाजित कर पूर्वांचल, पश्चिमी उप्र और बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र में हमारी पार्टी सत्ता में आई तो पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाया जाएगा। मायावती ने मेरठ लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार को चुनाव जिताने की अपील की। मेरठ में दूसरे चरण के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होना है। मेरठ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार अरुण गोविल, समाजवादी पार्टी की सुनीता वर्मा और बसपा के देवव्रत कुमार त्यागी मुकाबले में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल उन तत्वों को हराएगा जो केरल से जुड़े नहीं हैं: नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता एवं तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से उसके उम्मीदवार शशि थरूर पर तिरस्कार, अभिजात्यवाद और अहंकार की भावना का आरोप लगाते हुए मंगलवार को दावा किया कि केरल के लोग उन्हें हराएंगे। नड्डा ने मीडिया में आई उन खबरों को सोशल मीडिया मंच एक्स पर टैग किया, जिसके अनुसार राजनयिक से नेता बने थरूर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि पार्टी राज्य में केवल बैंक खाते ही खोल सकती है। थरूर देश भर में गरीबों के बैंक खाते खोलने के लिए केंद्र सरकार के कार्यक्रम का जिक्र कर रहे थे। केरल में भाजपा लोकसभा चुनाव में खाता खोलने का प्रयास कर रही है। राज्य में भाजपा लोकसभा चुनाव में कभी एक भी सीट नहीं जीत पाई है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने एक्स पर पोस्ट किया, तिरस्कार, अभिजात्यवाद और अहंकार की भावना देखो। ठेठ कांग्रेस। उन्होंने लिखा, हमें गर्व है कि हमारी सरकार गरीबों के लिए बैंक खाते खोलती है। कांग्रेस ने कभी इस बारे में नहीं सोचा क्योंकि उसे केवल वोट बैंक और एक वंश के बैंक खातों की परवाह रही। केरल ऐसे तत्वों को हराएगा जो लोगों से जुड़े हुए नहीं हैं। भाजपा ने लगातार तीन बार थरूर को लोकसभा पहुंचाने वाली इस हाई प्रोफाइल सीट से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को मैदान में उतारा है।

### निर्वाचन आयोग निष्पक्ष काम नहीं कर रहा : विजयन

**कन्नूर।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) कथित रूप से मुसलमानों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के संबंध में निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा। विजयन ने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में निर्वाचन आयोग को तुरंत कार्वाई करनी चाहिए थी, लेकिन वह इस मामले पर अब तक चुप है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह अफसोस की बात है। निर्वाचन आयोग को यह दिखाना चाहिए था कि वह निष्पक्ष है। इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। विजयन ने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे उच्चतम न्यायालय के सामने उठाना होगा। उन्होंने साथ ही दावा किया कि प्रधानमंत्री के ऐसे बयानों से देश में भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) विरोधी भावना मजबूत हो रही है तथा भाजपा और भी अलग-थलग पड़ जाएगी। मोदी ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों की मेहनत की कमाई और संपत्ति घुसपैठियों और जिनके अधिक बच्चे हैं उन्हें देने की योजना बनाई है।

### गोवा में दो लोकसभा सीट के लिए 16 उम्मीदवार मैदान में

**पणजी।** नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया के बाद गोवा की दो लोकसभा सीट पर आठ-आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में यह बताया गया है। उत्तरी गोवा से चुनावी मैदान में उतरे प्रमुख उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं मौजूदा सांसद श्रीपद नाइक और कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप शामिल हैं। दक्षिणी गोवा में, भाजपा ने उद्योगपति पल्लवी डेम्पो को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व नौसेना अधिकारी विरीएटो फर्नांडिस को उम्मीदवार बनाया है। नामांकन पत्र वापस लेने का सोमवार को आखिरी दिन था। गोवा में दो लोकसभा सीट हैं जिनके लिए मतदान तीसरे चरण में सात मई को होगा।

### बहरामपुर सीट जीतना अधीर के लिए नहीं होगा आसान



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर लोकसभा क्षेत्र में बेरोजगारी और श्रमिकों के राज्य से पलायन की समस्या के बीच कांग्रेस नेता एवं इस सीट से पांच बार सांसद रहे अधीर रंजन चौधरी के लिए इस बार चुनाव जीतना आसान नहीं होगा। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस इस क्षेत्र में सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी को चुनौती देने के लिए गुजरात से पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को मैदान में उतारा है। चौधरी 1999 से इस सीट से लगातार सीट हासिल करते आ रहे हैं। पठान के अलावा चौधरी का मुकाबला भाजपा के निर्मल चंद्र साहा से भी है, जो इस क्षेत्र के लोकप्रिय डॉक्टर हैं। इस सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। स्थानीय व्यापारी सुधीर सेनगुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हालांकि, हम अधीर दा को अपना नेता मानते हैं, लेकिन हमें पिछले दशक में बहरामपुर के विकास में उनकी अपेक्षित भागीदारी नहीं दिखी। हमें उनसे बहुत उम्मीदें थीं। पिछले 55 वर्ष से बहरामपुर शहर के अमर चक्रवर्ती रोड में रह रहे लक्ष्मण हजारी का कहना है कि ऐसा लगता है कि इस जिले की पहचान देश के बाकी हिस्सों में सस्ते कुशल श्रमिकों की आपूर्ति करने वाले क्षेत्र के तौर पर बन गई है। इस लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभा क्षेत्र हैं और तृणमूल 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में उन सात में से छह सीट पर जीत हासिल करने में कामयाब रही थी और केवल एक सीट-बहरामपुर विधानसभा क्षेत्र में उसे भाजपा से हार का सामना करना पड़ा था। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि लगातार पांच जीत के बावजूद, चौधरी बहरामपुर में कांग्रेस की पकड़ मजबूत बनाए रखने में विफल रहे हैं। पार्टी न केवल विधानसभा चुनावों में पिछड़ गई बल्कि पिछले पंचायत और निकाय चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। हालांकि तृणमूल उम्मीदवार यूसुफ पठान ने बहरामपुर में मतदाताओं के एक वर्ग के बीच कुछ उत्साह पैदा किया है, लेकिन विशेषज्ञों ने इस पर संदेह व्यक्त किया है कि इसका कितना हिस्सा वोट में तब्दील होगा। कांग्रेस नेता ने पठान को उम्मीदवार बनाने के लिए तृणमूल की आलोचना करते हुए कहा कि यह कदम वास्तव में भाजपा को मदद करेगा और यह ममता बनर्जी का मोदी को परोक्ष रूप से मैत्री संदेश भेजेगा।

### दूसरे चरण के मतदान के लिए 99.15 प्रतिशत पर्चियां बांटी

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत होने वाले मतदान के लिए अब तक 99.15 प्रतिशत मतदाता पर्चियां बांटी जा चुकी हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण के अंतर्गत 13 लोकसभा सीट पर मतदान होना है, जिसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता पर्ची (वोटर स्लिप) एवं मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) बांटी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 99.15 प्रतिशत मतदाता पर्चियां एवं 99.49 प्रतिशत मतदाता मार्गदर्शिका वितरित की जा चुकी है। गुप्ता ने बताया कि आओ बूथ चलें अभियान के तहत दूसरे चरण के लिए कुल 2,73,13,870 मतदाता पर्चियां जबकि 64,63,534 मतदाता मार्गदर्शिका बांटी जा चुकी हैं। राज्य में लोकसभा की कुल 25 सीट हैं, जिनमें से 12 सीट पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है वहीं बाकी बची 13 सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है।

## संक्षिप्त समाचार

### रितुराज ने जड़ा शतक लखनऊ को जीत के लिए 211 रन का लक्ष्य



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने यहां आईपीएल मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने जीत के लिए 211 रन का लक्ष्य रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने कप्तान रितुराज की शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 210 रन बनाए। गायकवाड़ ने 60 गेंद में 108 रन की पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे ने 27 गेंद में 66 रन बनाए। धोनी ने एक गेंद खेली और चार रन बनाए। उन्हें पारी की आखिरी गेंद पर बल्लेबाजी का मौका मिला और चौका लगाया। गायकवाड़ अपनी पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं, शिवम ने अपनी पारी में तीन चौके और सात छक्के लगाए। रितुराज ने आईपीएल करियर का यह दूसरा शतक रहा। वहीं दुबे ने नौवां अर्धशतक लगाया। शिवम दुबने यश ठाकुर की गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़े।

### पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने को आश्वस्त हैं लवलीना

नई दिल्ली। भारत की शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन अपने नैसर्गिक भार वर्ग में बदलाव और 75 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। असम की इस खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के बाद चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया क्योंकि वह विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों से जल्दी बाहर हो गई थी। लवलीना पहले 69 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती थी, लेकिन ओलंपिक से इस भार वर्ग को हटाने के बाद उन्होंने 75 किग्रा वर्ग में खेलना शुरू किया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस भारतीय मुक्केबाज ने 2022 एशियाई चैंपियनशिप और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ पिछले साल एशियाई खेलों में रजत पदक जीता है। लवलीना ने एक साक्षात्कार में कहा, वजन में बदलाव के बाद कुल मिलाकर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है।

# डेथ ओवरों में योजनाओं को लागू और अच्छी गेंद करना महत्वपूर्णः संदीप

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने के बाद जोर देते हुए कहा कि डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में गेंदबाजी करते समय आपको अपनी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करते समय बड़ा दिल रखना होगा। चोट के कारण तीन सप्ताह के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए 30 साल के संदीप ने सोमवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 18 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

संदीप ने मुंबई के खिलाफ रॉयल्स की नौ विकेट की जीत के बाद कहा, इस साल के आईपीएल में बल्लेबाज बड़े स्कोर बना रहे हैं। इंपेक्ट प्लेयर नियम के कारण एक अतिरिक्त बल्लेबाज है इसलिए मैच में काफी रन बन रहे हैं। आपको डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते समय बड़ा दिल रखना होगा और अपनी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करते हुए अच्छी गेंदें फेंकनी होंगी। आईपीएल में नई गेंद से शुरुआत करने वाले संदीप ने मौजूदा सत्र में रॉयल्स के लिए अब तक खेले तीन मैच में डेथ ओवरों में गेंदबाजी की है। उन्होंने कहा, आज भी अगर आप मुझसे पूछें कि मैं कहां सहज महसूस करता हूं, मैं कहूंगा कि यह



नई गेंद के साथ है। पुरानी गेंद के साथ आपको एक गेंदबाज के रूप में अनुकूलित और विकसित होना होगा।

संदीप मांसपेशियों में खिंचाव के बाद एकादश में लौट आए हैं जिसके कारण उन्हें करीब एक महीने तक बाहर रहना पड़ा। मुंबई के खिलाफ संदीप ने सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, इशान किशन और गेराल्ड कोएट्जी को आउट किया। संदीप ने अंतिम ओवर में तीन विकेट चटकाए जिससे वर्मा और निहाल वढेरा के बीच 99 रन की साझेदारी के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम 179 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस को सत्र की पांचवीं हार का सामना करना पड़ा लेकिन युवा बल्लेबाज वढेरा पांच बार की चैंपियन टीम के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लेकर आशांवित हैं। वढेरा ने मैच के बाद कहा, मुंबई इंडियन्स को यहां से अपने सभी मैच जीतने की जरूरत है और हमें अपनी कमर कसने की जरूरत है। हमें अपने खेल को ऊपर उठाने की जरूरत है और यह पता लगाना होगा कि हम कहां गलती कर रहे हैं या क्या चीजें सही कर रहे हैं जिससे कि जब भी मैदान पर उतरें तो अपनी गलतियों को सुधार सकें।

मुंबई के लिए 24 गेंद में 49 रन की शानदार पारी खेलने वाले 23 वर्षीय वढेरा ने कहा कि उनकी टीम के लिए निचले हॉफ में होना कोई नई बात नहीं है और टीम अतीत में भी वापसी करती रही है। उन्होंने कहा, हम पूर्व के सत्रों में भी ऐसी स्थिति में रहे हैं और आप जानते हैं कि हमने वहां से अपने खेल में सुधार किया और क्वालीफाई किया। वढेरा ने कहा, तो हम अब भी आशावान हैं। हम जिस प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं उसे जारी रखेंगे और टीम के लिए मैच जीतेंगे। हम एक टीम के रूप में जीतते हैं और हम एक टीम के रूप में हारते हैं।

## मुंबई के खिलाफ जायसवाल ने परिपक्वता से बल्लेबाजी की



**यशस्वी** जायसवाल की परिपक्वता से प्रभावित वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस युवा खिलाड़ी की पारी प्रभावशाली थी क्योंकि उन्होंने शॉट खेलने के लिए समय भी लिया और उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखकर अच्छा संतुलन बनाया। जायसवाल ने फॉर्म में वापसी करते हुए मौजूदा आईपीएल का अपना पहला शतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हरा दिया। लारा ने कहा, हां, खूबसूरत। लेकिन सच तो यह है कि वह अपना समय ले रहा है, गेंद के पीछे आकर खेल रहा है और वह उचित क्रिकेट शॉट खेल रहा है। उसके पास सभी चीजें हैं, उसे इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। जायसवाल ने केवल 60 गेंद में नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए जिसमें उन्होंने लेग साइड पर कई ताकतवर शॉट खेलने के अलावा आकर्षक कवर ड्राइव भी लगाए। लारा ने कहा, जब आप गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं, यशस्वी के बारे में मुझे यही पसंद है। यह अच्छा समायोजन था, शानदार क्रिकेट शॉट, उन्होंने पूरी पारी का अच्छी तरह प्रबंधन किया। उन्होंने कहा, उसने बहुत जिम्मेदारी, काफी परिपक्वता दिखाई है और मैं उसकी वापसी से बेहद खुश हूं। तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने रॉयल्स के लिए गेंदबाजी में कमाल दिखाया।

# टाइटंस के खिलाफ कैपिटल्स को अपने बॉलर्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

### प्ले ऑफ की रेस में बने रहने के लिए दिल्ली के लिए जीत जरूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा।

सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरूण जेटली स्टेडियम



में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए। सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी लेकिन पृथ्वी साव और डेविड वार्नर ने निराश किया।

युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने सिर्फ 18 गेंद में 65 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली लेकिन यह नाकाफी था। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोटला की छोटी बाउंड्री के बीच शॉर्ट पिच गेंदबाजी करने की रणनीति गलत साबित हुई। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ एनरिक नोर्किया मौजूदा सत्र में बिल्कुल भी लय में नजर नहीं आ रहे और टीम को पीठ में जकड़न के कारण अनुभवी इशांत शर्मा के पिछले मैच से बाहर रहने के बाद उनके वापसी करने की उम्मीद होगी।

कुलदीप यादव मौजूदा सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट चटकाकर दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी जीत की लय को बरकार रखते हुए प्ले ऑफ का दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। टीम को बल्लेबाजी में गिल के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर और अजमतुल्लाह उमरजई से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि राहुल तेवतिया को फिनिशर की भूमिका निभानी होगी। गेंदबाजी विभाग में दारोमदार अनुभवी मोहित शर्मा, नूर अहमद और राशिद खान पर होगा।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**दिल्ली कैपिटल्सः** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रस्टिन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक, इशांत, रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर।

**गुजरात टाइटंसः** गिल (कप्तान), मिलर, साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह, अभिनव, राशिद, विजय शंकर, तेवतिया, स्पेंसर, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन, साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत, उमेश, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत और मानव।

**मैचः शाम 7.30 से**

## हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरतः वार्नर

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। वार्नर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, टीम की खातिर हमें जहां होना चाहिए हम वहां नहीं हैं। हम कुछ और मैच जीतना पसंद करते। लेकिन फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए बेशक हमें बाकी बचे मैच जीतने होंगे। उन्होंने कहा, इसलिए हमारे लिए यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम प्रत्एक मैच वैसे ही खेल सकेंगे जैसे हम गुजरात के खिलाफ खेले थे।

ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो कोशिश करें कि बड़ा स्कोर



बनाएं और इसका बचाव करें। वार्नर ने कहा कि दिल्ली के पास खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण है जिसने पहले चरण के मैच में गुजरात टाइटंस को 89 रन पर आउट कर दिया था। उन्होंने कहा, लोग जिस तरह से ट्रेनिंग और तैयारी कर रहे हैं उसमें कोई गलती नहीं है। मैचों में कभी-कभी ऐसा होता है कि आप चीजों को लागू नहीं कर पाते और हम जानते हैं कि जब हम शुरुआत में विकेट चटकाते हैं तो हमारा गेंदबाजी आक्रमण बहुत खतरनाक हो जाता है। वार्नर से जब मौजूदा सत्र में प्रभावित करने वाले दो युवा खिलाड़ियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जेक (जेक फ्रेजर-मैकगर्क) बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हम जानते हैं कि उनके पास हमेशा से प्रतिभा थी। अभिषेक पोरेल भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

## स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार, जोकोविच साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी। मैड्रिड

**पिछले** साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को ब्रेकथ्रू पुरस्कार मिला, जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड



अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरेस पुरस्कार जीता। लॉरेस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

## सेविला के खिलाफ हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ी

**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है।

लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं, जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। इस जीत से सेविला की टीम 37 अंक के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई है और उसका एक और साल शीर्ष लीग ला लीगा में खेलना लगभग तय हो गया है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही, लेकिन मेजबान ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

## मनिका को पछाड़कर भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं।

नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। इस साल 25 साल की श्रीजा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर कॉरपस क्रिस्टी और डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टूर्नामेंट में क्रमशः जनवरी और मार्च में खिताब जीते। वह गोवा में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची। श्रीजा ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अनुभवी अचंता



शरत कमल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता था। यशस्विनी घोरपड़े और अर्चना कामत क्रमशः 99वें और 100वें स्थान पर बरकरार हैं। शरत रैंकिंग में 37वें स्थान के साथ शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। जी साथियान और मानव ठाकर ने क्रमशः 60वें और 61वें स्थान पर एक दूसरे की जगह ली है। कुछ महीने पहले शीर्ष रैंकिंग के भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई नवीनतम सूची में और नीचे 64वें स्थान पर खिसक गए हैं।

## टी-20 विश्व कप के लिए संन्यास के फैसले को वापस नहीं लेंगे नरेन

### दिग्गज ऑलराउंडर बोले- वह दरवाजा अब बंद हो चुका है

एजेंसी। कोलकाता

**इंडियन** प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाजी ऑलराउंडर सुनील नारायण कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए अपने संन्यास के फैसले को वापस नहीं लेंगे और उन्होंने जोर देकर कहा कि वह दरवाजा अब बंद हो चुका है।

वेस्टइंडीज के लिए 2019 में टी-20 के रूप में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 35 साल के नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी-20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। आईपीएल के मौजूदा सत्र में हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए नारायण को टी-20 विश्व कप में खिलाने के लिए मनाने की कोशिशें चल रहीं थी। नारायण ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से वापसी करने और आगामी टी-20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। नारायण ने जोर देकर कहा कि उन्होंने अपने फैसले को स्वीकार कर लिया



है और घर से टीम का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, मैंने उस फैसले को स्वीकार कर लिया है और हालांकि मैं किसी को निराश नहीं करना चाहता लेकिन वह दरवाजा अब बंद हो गया है और मैं उन खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे।

नारायण ने कहा, जिन खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और वे हमारे शानदार प्रशंसकों को यह दिखाने के हकदार हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं। नाइट राइडर्स से 2012 में जुड़ने वाले नारायण आईपीएल के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं।

# गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलावः कास्परोव

### टोरंटो में सत्रह वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर के 40 साल पहले बनाए अपने रिकॉर्ड को तोड़ने से खुश है रूसी दिग्गज

### सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन लिरेन का सामना करेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

**रूस** के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि टोरंटो में भारतीय भूचाल आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल



पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बधाई होउ टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे। गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूर्नामेंट में संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

यह जीत गुकेश को साल की आखिरी तिमाही में मौजूदा विश्व चैंपियन लिरेन के खिलाफ मुकाबले का हकदार बनाती है। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भारत में शतरंज संस्कृति को जन्म दिया और देश इस ग्रैंडमास्टर की सफलता का लाभ उठा रहा है, जिसमें हजारों युवा शतरंज को अपना रहे हैं।

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा, विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। कास्परोव यहां गुकेश की सफलता के बाद ग्रैंड चेस टूर के बधाई ट्वीट का जवाब दे रहे थे। ग्रैंड चेस टूर ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को फिडे कैंडिडेट्स में उनकी जीत के लिए बधाई, उन्होंने विश्व चैंपियनशिप मैच में चैलेंजर के रूप में अपनी जगह पक्की की है। हम उत्सुकता से हमारे ग्रैंड शतरंज टूर कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी का इंतजार कर रहे हैं।

एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ विवाद के बाद कास्परोव ने एक प्रतिद्वंद्वी संगठन पेशेवर शतरंज संघ की स्थापना की थी। वह 1984 से 2005 में नियमित प्रतिस्पर्धी शतरंज से संन्यास लेने तक कुल मिलाकर रिकॉर्ड 255 महीनों के लिए विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे।

## 'हसरंगा को खरीदने का मतलब था कि चहल को नहीं खरीद सकते'

एजेंसी। नई दिल्ली

**युजवेंद्र** चहल को टीम में नहीं रखने का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लंबे समय तक अफसोस रहेगा और फ्रेंचाइजी के पूर्व क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि आईपीएल की पिछली नीलामी में गलत आकलन के कारण वे इस लेग स्पिनर को अपने साथ बरकरार रखने में विफल रहे।

सोमवार को चहल ने आईपीएल में 200 विकेट लेने वाला पहला गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। हेसन ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा से बात करते हुए कहा, युजी (चहल) एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे लेकर मैं तब तक निराश रहूंगा, जब तक कि मैं अपना करियर खत्म नहीं कर लेता और शायद उसके बाद भी।



वह एक उत्कृष्ट गेंदबाज है। मुझे लगता है कि जब हर चक्र की बात आती है तो आपको यह तय करना होता है कि आप किसे रिटेन (अपने साथ जोड़े रखना) करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, अगर आप केवल तीन खिलाड़ियों को रिटेन करते हैं तो आप नीलामी में चार करोड़ रुपए अतिरिक्त लेकर जाते हैं। इससे संभावित रूप से हमें हर्षल (पटेल) और युजी दोनों को खरीदने का मौका मिलता।